DATE DUE

इ.पु. २९८

इ.पु. २६८

परिमल संस्कृत ग्रन्थमाला—९

महाभारतवचनामृतम्

(उपदेशसाहस्री)

ह. क्र. 965324

वाल्मीकि विद्यापीठ-पुस्तकालय

यदिदं

वाक्यपदीयस्य सँस्स्कर्त्रा श्रीगान्धिचरितानुवादकला-प्रस्ताव-

तरङ्गिणी-शब्दापशब्दविवेक-वाक्यमुक्तावली-व्याकरण-

चन्द्रोदयोपसर्गार्थचन्द्रिका-वाग्व्यवहारादर्श-

श्रीमद्भागवतभाषापरिच्छेदादीनामनेकेषां

ग्रन्थानां निर्मात्रा

व्याकरणमहाभाष्यस्य विवरीत्रा

श्रीरामकृष्णतनुजनुषा

डा० श्रीचारुदेवशास्त्रिणा प्रणीतम् ।

BHARATIYA
VIDYA PRAKASHAN
P. BOX 1108 KACHAURI GALI,
VARANASI-221001
CALL : 65965

परिमल पब्लिकेशन्स

दिल्ली ★ अहमदाबाद

ई. पु. २६८

परिमल संस्कृत ग्रन्थमाला—६

महाभारतवचनामृतम्

(उपदेशसाहस्री)

MAHARSHI VALMIKI UNIVERSITY 1908 A.J.
ई. सं. ९६९२४
वाल्मीकि विद्यापीठ-पुस्तकालय

तदिदं

वाक्यपदीयस्य सँस्स्कर्त्रा श्रीगान्धिचरितानुवादकला-प्रस्ताव-

तरङ्गिणी-शब्दापशब्दविवेक-वाक्यमुक्तावली-व्याकरण-

चन्द्रोदयोपसर्गार्थचन्द्रिका-वाग्व्यवहारादर्श-

श्रीमद्भागवतभाषापरिच्छेदादीनामनेकेषां

ग्रन्थानां निर्मात्रा

व्याकरणमहाभाष्यस्य विवरीत्रा

श्रीरामकृष्णतनुजनुषा

डा० श्रीचारुदेवशास्त्रिणा प्रणीतम् ।

BHARATIYA
VIDYA PRAKASHAN
P. BOX 1108 KACHAURI GALI,
VARANASI-221001
CALL : 65965

परिमल पब्लिकेशन्स

दिल्ली ★ अहमदाबाद

प्रकाशका :

परिमल पब्लिकेशन्स

३३/१७ शक्तिनगरे

देहल्याम्

(२)

७ बी, ज्योतिपार्क

शाह आलम

अहमदाबाद

प्रथमं संस्करणम्

मार्च मासे १९८३ खिस्तवत्सरे प्रकाशितम् ।

सर्वे पुनर्मुद्रणाद्यधिकाराः प्रकाशके स्थिताः ।

मूल्यम्

NO
PRICE 7/-

मुद्रक :

लक्ष्मी कम्पोजिंग ऐजन्सी,

२० डी/४, मेन रोड, बाबरपुर,

ऽ· पु· २६८

किञ्चिद् वक्तव्यम्

भारतं महाभारतं चेति द्वे अपि समाख्ये आख्यानविदां विदिते। यत्पुरा भारतमभूत्तदेव कालात्यये महत्त्वमापन्नं महाभारतमिति प्रथां प्रपेदे। कस्मिन्काले केन वा कालेन परिबृंहणमिदमजनिष्टेति नेश्महे वक्तुम्। अयुगपदुत्पन्नं क्रमिकमिदं समवृतदिति तु सत्यम्। उपक्रमे काऽस्य ग्रन्थप्रवेकस्येयत्तेति विषये मूल एव निर्विशयं स्मृतम्—चतुर्विंशतिसाहस्रीं चक्रे भारतसंहिताम् इति। तदिदमाख्यानोपाख्यानान्युपबृंहणसाधनानि व्यतिरिच्योदितं परिमाणम्। अष्टौ श्लोकसहस्राण्यष्टभिः श्लोकशतैः सहचरितान्यादितः पद्यानां संख्याऽभूदिति केचित्। तन्न। अप्रसन्नानां दुर्गमार्थानां यत्नव्याख्येयानां पद्यानां सा संख्येति मूले स्थितम्। अष्टौ श्लोकसहस्राणि अष्टौ श्लोकशतानि च। अहं वेद्मि शुको वेत्ति संजयो वेत्ति वा न वेति तत्र विस्पष्टोक्तेः। वैशम्पायनप्रभृतिभिः शिष्यैः सौत्यादिभिः प्रशिष्यैश्च भगवतो व्यासस्य कृतेः शब्दार्थोपजनः कृत इति सम्प्रतिपद्यन्ते विवेक्तारः प्रवक्तारः पुरातना नूतनाश्च। अतएव युज्यतेऽस्माभिर्ग्रन्थादौ प्रणीता सहशिष्यस्य भगवतः कृष्णद्वैपायनस्य नमस्या।

महाभारतं नामेतिहासः कुरुपाण्डवानामायोधनस्य चिरन्तनस्य। सत्यं भूयःसु पर्वसु सविस्तर इतिहासपरो ग्रन्थः, तथाप्युद्योगे भीष्मे शान्तावनुशासने चोपदेशप्रधान इत्यपि सत्यम्। तदनुरोधेन—धर्मे चार्थे च कामे च मोक्षे च भरतर्षभ ! यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् क्वचिदिति सूच्चैर्विशब्दनमाञ्जसं भवति। स्मृतिरूपता चास्योपपन्ना भवति।

अथ केन प्रयुक्तैरस्माभिरयं सङ्ग्रहः संकलित इति पृच्छायां ब्रूमः—इह देहल्यां महति प्रत्यूषे सहविहारिणो धर्मं जिज्ञासमानाः केचन वयस्या अत्र कर्मणि प्रयोजका अभूवँल्लोकसङ्ग्रहस्पृहा च। एते हि मध्येपथं स्थिता उपरुध्य मामहरहः प्रायूयुजञ्शास्त्रार्थः कियानपि नः श्राव्यतामिति। अहं चैनान् यथोपपादं तत्तच्छास्त्रवचनान्यशिश्रवं वर्षद्वयम्। सर्वमिदं सुगृहीतमपि प्रवयसो वयं विस्मरणशीला इति न चिरं स्थास्यति नः स्वान्तेष्विति पुस्तिका काचित् प्रणीयतां शास्त्रार्थं निबध्नती विशदव्याख्यायुतम् इति ते मामसकृत् प्रार्तथन्त। अहं चेमं प्रणयिनां प्रणयं विहन्तुमक्षमो महाभारते विप्रकीर्णानि वाक्यरत्नानि सङ्ग्रहीतुं प्रावृतम्, प्रवृत्तश्च सहस्रं समग्रहीषम्। तेनेयं कृतिरुपदेशसाहस्रीत्यभिधीयते महाभारतवचनामृतमिति चेति।

इह कृतौ श्लोकाः श्लोकांशाश्च प्रायशः प्रकरणशो निबद्धा ऋजुतरया हिन्द्या च तथानूदिता यथा श्रवणसमनन्तरमेव सुग्रहाः स्युः । तेषु तेषु कर्मान्तरेषु लौकिकेषु व्याप्रियमाणाः क्षणमलभमानाः संस्कृतमजानानाः स्वल्पं वा जानानाः कामयमाना अपि महाभारतमादित आन्तमध्येतुमनीशाना इमं सङ्ग्रहमनायासं ग्रहीष्यन्ति, आर्याचारविचारस्य पद्धतिं च वेदिष्यन्ति वेद्यार्थवेदनेन च सुखं संवेदिष्यन्तीत्याशंसमानो विरमाम्यहं विदां विधेयश्चारुदेवः शास्त्री ॥

समर्पणम्

प्रातर्विहारे नित्यं संसृज्यमानैः श्रीजगन्नाथाऽग्रवाल-प्रभृतिभिः प्रणयिभिः प्रयुक्तोऽहमिमं सङ्ग्रहं समग्रहीषमिति तेभ्य एव सस्नेहमर्पयामि ।

प्रातः काल नित्य सैर में मिलने वाले श्री जगन्नाथ अग्रवाल आदि प्रेमी मित्रों द्वारा प्रेरित होकर मैंने यह संग्रह तैयार किया है सो उन्हीं की सेवा में स्नेह-पूर्वक अर्पण करता हूँ ॥

३।५४ सुरभौ रूपनगरे देहल्याम् २८-२-८३

— ० —

विषयानुक्रमणिका

विषय :	पृष्ठम्
१. असङ्गः	१
२. अहिंसा	२
३. आचारः	२
४. आत्मा	६
५. आर्जवम् (सरलता)	७
६. आर्यः	७
७. ईश्वरः	८
८. करादानम् (राजशुल्क, टैक्स का लेना)	६
९. कर्म	१०
१०. कामः	१४
११. कालः	१५
१२. कलिकालः (कलियुग)	१८
१३. कीर्तिः	१६
१४. कृतघ्नः (एहसान न मानने वाला)	१६.
१५. क्रोधः	२०
१६. क्षत्रियः	२०
१७. क्षमा	२२
१८. गङ्गा	२३
१९. गुरुः	२३
२०. गृहस्थः	२४
२१. गौः	२५
२२. घातकः (मारनेवाला)	२६
२३. चिकित्सकः (वैद्य)	२६

२४. ज्ञानम्	२७
२५. तप: (तपस्या)	२८
२६. तीर्थम्	२६
२७. तृष्णा (चाह)	२६
२८. त्याग:	३०
२६. दण्ड:	३०
३०. दण्ड-नीति:	३२
३१. दरिद्र: (निर्धन)	३३
३२. दानम्	३४
३३. दु:खम्	३७
३४. दुर्जन:	३८
३५. दुर्बल: (कमजोर)	३६
३६. देवता	३६
३७. दैवम् (भाग्य)	४०
३८. धनम्	४१
३६. धर्म:	४३
४०. धृति: (धीरज)	४७
४१. नारी	४७
४२. नि:सन्तान (पुत्रहीन)	४६
४३. निर्वेद: (निराशता, वैराग्य)	५०
४४. नीति:	५०
४५. पण्डित: (बुद्धिमान्)	५१
४६. पत्नी	५४
४७. पापम्	५६
४८. पुनर्जन्म	५८
४६. पुरुष:	५६
५०. बलम्	६०
५१. बुद्धि:	६१

५२. ब्राह्मणः ६२

५३. भोजनम् ६६

५४. मनः (मन) ६८

५५. माता ७०

५६. मित्रम् ७१

५७. मुनिः ७२

५८. मूर्खः ७३

५९. मृत्युः ७५

६०. यतिः (भिक्षु, संन्यासी) ७७

६१. राजा ७९

६२. राष्ट्रम् (राष्ट्र, राज्य) ८६

६३. लोभः ८७

६४. वशीकरणम् (वश में करने का उपाय) ८८

६५. विद्या ८८

६६. विवाहः ८९

६७. वृत्तम् (चालचलन) ९०

६८. वृद्धः ९१

६९. वैरम् (वैर) ९२

७०. वश्यः ९३

७१. शत्रुः (दुश्मन) ९३

७२. शिष्यः ९४

७३. शीलम् (सत्स्वभाव) ९५

७४. शूद्रः ९६

७५. शोकः ९७

७६. श्रेयः ९८

७७. संयमः ९९

७८. संयोगः ९९

७९. सङ्गतिः १००

८०. सङ्ग्रामः १०१
८१. सत्यम् १०३
८२. सन्तोषः १०३
८३. साङ्ख्यम् १०४
८४. साधुः १०५
८५. सिद्धिः १०५
८६. सुखम् १०६
८७. स्वर्गाधिकारी १०७
८८. नरक-गामी १०७
८९. हिंसा १०८
९०. परिशिष्टम् १०९

सम्पूर्ण नाम	संक्षिप्तं नाम
१, आदिपर्व	आदि०
२. सभापर्व	सभा०
३. वनपर्व	वन०
४. विराटपर्व	वि०
५. उद्योगपर्व	उ०
६. भीष्मपर्व	भीष्म०
७. द्रोणपर्व	द्रोण०
८. कर्णपर्व	कर्ण०
९. शल्यपर्व	शल्य०
१०. सौप्तिकपर्व	सौ०
११. स्त्रीपर्व	स्त्री०
१२. शान्तिपर्व	शान्ति०
१३. अनुशासनपर्व	अनु०
१४. आश्वमेधिकपर्व	आश्व०
१५. आश्रम वासिकपर्व	आश्रम०
१६. मौसलपर्व	मौ०
१७. महा प्रस्थानिकपर्व	महाप्र०
१८. स्वर्गारोहणपर्व	स्वर्गा०

— ० —

ओं नमः परमात्मने ।

नमः सहशिष्याय भगवते कृष्णद्वैपायनाय व्यासाय ।

यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् क्वचित् ।
इत्येवं कीर्त्यते प्राज्ञैः पुराणैर्नूतनैरुत ॥१॥
संहिता शतसाहस्री कार्ष्णो वेद इतीव वा ।
कृतिर्व्यासस्य या लोक्या पावनी लोकविश्रुता ॥२॥
ततः प्रयत्नमास्थाय कल्याणीं कलयामहे ।
दिष्ट्योपदेशसाहस्रीं वाक्यामृतपराभिधाम् ॥३॥
इयं नूनं कृतिर्नोद्य कृत्याकृत्यविवेचनी ।
आर्याचारविचारस्य पद्धतीं सम्प्रणेष्यति ॥४॥
सुहृदः स्नेहभाजो ये कर्मण्यत्र प्रयोजकाः ।
धर्मं जिज्ञासमानांस्तान्धन्यान्नामाभिदध्महे ॥५॥

अथ महाभारतवचनामृतम्

असङ्गः

(अनासक्ति, लगाव का न होना)

१. असङ्गः श्रेयसो मूलम् ॥ शां० २९८।३।

सङ्ग का अभाव कल्याण का मूल कारण है ।

२. अदर्शनादापतिताः पुनश्चादर्शनं गताः ।
नैते तव न तेषां त्वं तत्र का परिदेवना । स्त्री० २।२३॥

वे भाई बन्धु पहले परोक्ष थे, फिर प्रत्यक्ष हुए, पुनः परोक्ष हो गये । न ये तेरे हैं और न तू इनका, तो (जुदाई होने पर) विलाप क्यों हो ॥

३. मातापितृसहस्राणि पुत्रदारशतानि च ।
संसारेष्वनुभूतानि कस्य ते कस्य वा वयम् । स्त्री० २।२१॥

हमें जन्म-जन्मान्तरों में हजारों माता-पिताओं और सैंकड़ों पुत्र-पत्नियों का दर्शन हुआ है । वे किसके हैं और हम किसके ॥

अहिंसा

४. सर्वाण्येवापिधीयन्ते पदजातानि कौञ्जरे ।
एवं सर्वमहिंसायां धर्मार्थमपिधीयते ।। शां० २४५।१८-१९।।

जैसे हाथी के पैर में सभी पैर समा जाते हैं, वैसे ही अहिंसा में सभी धर्म और अर्थ समा जाते हैं । अर्थात् अहिंसा-व्रत का पालन करने से सभी धर्मों का पालन हो जाता है और सभी अर्थों की सिद्धि हो जाती है ।।

५. अहिंसा परमो धर्मस्तथाऽहिंसा परो दमः ।
अहिंसा परमम् दानम्.........   ।। अनु० ११६।३८।।

अहिंसा परम धर्म है, अहिंसा परम दम (इन्द्रियों पर वश) है, और अहिंसा सबसे उत्तम दान है । दान यहाँ प्राण-दान के अर्थ में है ।।

६. अहिंसया च दीर्घायुरिति प्राहुर्मनीषिणः ।। अनु० १६३।१२।।

अहिंसा-व्रती को लम्बी आयु प्राप्त होती है । ऐसा बुद्धिमानों का कथन है ।।

आचारः

(सदाचार, शिष्टाचार, रीति-रिवाज)

७. तृणानि भूमिरुदकं वाक्चतुर्थी च सूनृता ।
सतामेतानि गेहेषु नोच्छिद्यन्ते कदाचन ।। वन० २।५४।।

कुशा-तृण आदि का आसन, बैठने का स्थान, (हाथ-पैर धोने और पीने का) जल, प्रिय-सत्य वाणी—इनका सत्पुरुषों के घरों में कभी भी अभाव नहीं होता ।।

८. चक्षुर्दद्यान्मनो दद्याद् वाचं दद्याच्च सूनृताम् ।
उत्थाय चासनं दद्यादेष धर्मः सनातनः ।। वन० २।५६।।
(प्रत्युत्थाय चाभिगमनं कुर्यान्न्यायेन चार्चनम्)

(घर आये हुए अतिथि को) प्रेम-भरी दृष्टि से देखे, उसकी ओर ध्यान दे, उससे मीठे वचन कहे, उसे उठकर आसन दे, यह सनातन धर्म है । (अपने स्थान से उठकर उस की ओर बढ़े और विधिपूर्वक सत्कार करे) ।।

९. न पापे प्रतिपापः स्यात्साधुरेव सदा भवेत् ।
आत्मनैव हतः पापो यः पापं कर्तुमिच्छति ।। वन० २०७।४५।।

९. दुष्ट के प्रति दुष्टता का व्यवहार न करे, सज्जनता से ही सदा बर्ते। (कारण कि) जो पापी पाप करना चाहता है, वह अपने पाप से पहले ही मरा हुआ है ॥

१०. अन्धस्य पन्था बधिरस्य पन्था
स्त्रियाः पन्था भारवाहस्य पन्थाः।
राज्ञः पन्था ब्राह्मणेनासमेत्य
समेत्य तु ब्राह्मणस्यैव पन्थाः ॥ वन० १३३।१॥

अन्धे के लिये मार्ग छोड़े, बहिरे के लिये मार्ग छोड़े, नारी के लिये मार्ग छोड़े, बोझा उठाये हुए के लिये मार्ग छोड़े, ब्राह्मण के साथ मेल न होने पर राजा के लिए मार्ग छोड़े, पर ब्राह्मण के साथ मेल होने पर (राजा को मार्ग न देकर पहले) ब्राह्मण को ही मार्ग दे ॥

११. दुर्विनीताः श्रियं प्राप्य विद्यामैश्वर्यमेव च।
तिष्ठन्ति न चिरम्······ ॥ वन० २४९।१८॥

विनय से रहित (शिष्टाचार-हीन) पुरुष लक्ष्मी, विद्या और प्रभुत्व को प्राप्त करके भी चिर तक नहीं ठहरते ॥

१२. देवतातिथिभृत्यानां पितॄणामात्मनश्च यः।
न निर्वपति पञ्चानामुच्छ्वसन्न स जीवति ॥ वन० ३१३।५८॥

जो देवता, अतिथि, नौकर, पितर तथा आत्मीय जनों के लिये भाग निकाले बिना भोजन करता है, वह साँस लेता हुआ भी वस्तुतः जीता नहीं ॥

१३. तदेवासनमन्विच्छेद्यत्र नाभिपतेत्परः। वि० ४।१३।

उस आसन पर बैठने की इच्छा न करे जिस पर कोई दूसरा आने को है।

१४. नहि कश्चिन्नापनयते पुमानन्यत्र भार्गवात्। उ० ३९।३०।

भार्गव (भृगुगोत्रीय शुक्राचार्य) को छोड़कर कोई विरला ही नीतिविरुद्ध आचरण नहीं करता।

१५. रिक्तपाणिर्न पश्येत राजानं ब्राह्मणं स्त्रियम्। द्रोण० १७४।४३।

राजा, ब्राह्मण व स्त्री को खाली हाथ मिलने न जाये।

१६. नापत्रपेत प्रश्नेषु नाविभाव्यां गिरं सृजेत्। शां० ९३।१०।

प्रश्नों के उत्तर देने में लजाये नहीं (अर्थात् न्याय-युक्त कठोर उत्तर भी देना पड़े तो दे), पर ओछा वचन न बोले ।

१७. यदन्येषां हितं न स्यादात्मनः कर्म पौरुषम् ।
अपत्रपेत वा येन न तत्कुर्यात्कथंचन ॥ शां० १२४।६७॥

जिस प्रयत्न-पूर्वक किये अपने कर्म से दूसरों का हित न हो, अथवा जिस से स्वयं लजाये उसे कभी न करे ।

१८. अरावप्युचितं कार्यमातिथ्यं गृहमागते ।
छेत्तुमप्यागते छायां नोपसंहरते द्रुमः ॥ शां० १८६ । ५ ॥

घर पर आये हुए शत्रु का भी उचित अतिथि-सत्कार करे । वृक्ष अपने को काटने के लिये आये हुए पुरुष से अपनी छाया नहीं हटाता ॥

१९. नित्योच्छिष्टः संकुसको नेहायुर्विन्दते महत् । शां० १९३।१३।

नित्य जूठन छोड़ने वाला, किसी एक स्थान में न ठहरने वाला लम्बी आयु को प्राप्त नहीं होता ।

२०. प्रत्यादित्यं न मेहेत न पश्येदात्मनः शकृत् । शां० १९३।२४।

सूर्य की ओर मुंह करके पेशाब न करे, अपनी विष्ठा को न देखे ।

२१. त्वंकारं नामधेयं च ज्येष्ठानां परिवर्जयेत् । शां० १९३।२५।

अपने से बड़ों को तू करके न पुकारे और उनका नाम न ले ।

२२. कर्मातिरेकेण गुरावध्येतव्यं बुभूषता ।
दक्षिणोऽनपवादी स्यादाहूतो गुरुमाश्रयेत् ॥ शां० २४२।१९॥

बढ़ना चाहता हुआ शिष्य गुरु सेवा से बचे हुए समय में गुरु से पढ़े । मधुर-भाषी अनिन्दक होकर गुरु से बुलाये जाने पर पढ़ने के लिए जाये ।

२३. यदन्यैर्विहितं नेच्छेदात्मनः कर्म पूरुषः ।
न तत् परेषु कुर्वीत जानन्नप्रियमात्मनः ॥ शां० २५९।२०॥

जिस व्यवहार को पुरुष चाहता है कि दूसरे उसके प्रति न करें, उसे अपने प्रति अप्रिय जानता हुआ दूसरों के प्रति न करे ।

२४. अन्ये कृतयुगे धर्मास्त्रेतायां द्वापरे परे ।
अन्ये कलियुगे धर्मा यथाशक्ति कृता इव ॥ शां० २६०।८॥

धर्मों—आचारों का यथा-शक्ति पालन होता रहता है कृत, त्रेता, द्वापर युगों में आचार बदलते रहते हैं ।

२५. नहि सर्वहितः कश्चिदाचारः सम्प्रवर्तते । शां० २६०।१७।

सब के लिये एक समान हितकारी कोई आचार नहीं होता ।

२६. नापृष्टः कस्यचिद् ब्रूयान्न चान्यायेन पृच्छतः ।
जानन्नपि मेधावी जडवल्लोक आचरेत् ।। शां० २८७।३५।।

बिना पूछे किसी से न कहे, वेढ़ंगे तौर से पूछने पर भी उत्तर न दे । जानता हुआ भी बुद्धिमान् मूर्ख (अनजान) का सा व्यवहार करे ।।

२७. सन्ध्यायां न स्वपेद्राजन् विद्यां न च समाचरेत् ।
न भुञ्जीत च मेधावी तथायुर्विन्दते महत् ।। अनु० १०४।१९।।

सन्ध्या-समय में न सोए और न विद्याभ्यास करे और नहीं भोजन करे ऐसा (निषिद्ध आचरण न करता हुआ) लम्वे जीवन को प्राप्त होता है ।।

२८. पन्था देयो ब्राह्मणाय गोभ्यो राजभ्य एव च ।
वृद्धाय भारतप्ताय गर्भिण्यै दुर्बलाय च ।। अनु० १०४।२५।।

ब्राह्मण को, गौओं को, राजाओं को, बूढ़े को, वोझ से तपे हुए को, गर्भवती स्त्री को तथा दुर्वल (कमज़ोर) को मार्ग दे ।।

२९. उदक् शिरा न स्वपेत तथा प्रत्यक्शिरा न च । अनु० १०४।४८।
उत्तर की ओर सिर करके न सोए, तथा पश्चिम की ओर सिर करके न सोए ।

३०. ऊर्ध्वं प्राणा ह्युत्क्रामन्ति यूनः स्थविर आयति ।
प्रत्युत्थानाभिवादाभ्यां पुनस्तान् प्रतिपद्यते ।। अनु० १०४।६४।।

वृद्ध के आते ही युवा-पुरुष के प्राण (स्वभावतः) ऊपर की ओर उठते हैं । सत्कारार्थ (अपने आसन से) उठने से तथा नमस्कार करने से वे (प्राण) पहली स्थिति को प्राप्त हो जाते हैं ।।

३१. न संहताभ्यां पाणिभ्यां कण्डूयेज्जातु वै शिरः । अनु० १०४।६९।
दोनों हाथों से एक साथ सिर को न खुजले ।

३२. प्रत्यादित्यं प्रत्यनलं प्रति गां च प्रति द्विजान् ।
ये मेहन्ति च पन्थानं ते भवन्ति गतायुषः ।। अनु० १०४।७५।।

जो सूर्य, अग्नि, गौ, ब्राह्मण की ओर मुंह करके तथा रास्ते में पेशाब करते हैं उनकी आयु क्षीण हो जाती है ।

३३. दूरादावसथान्मूत्रं दूरात्पादावसेचनम् ।
उच्छिष्टोत्सर्जनं चैव दूरे कार्यं हितैषिणा ।। अनु० १०४।८२।।

घर से परे मूत्र करे, पाओं को धोने के जल को छोड़े, तथा जूठन का त्याग करे, यदि अपना भला चाहे ॥

३४. **अर्चेद् देवानदम्भेन सेवेतामायया गुरून् ।**
निधिं निदध्यात् पारत्र्यं यात्रार्थं दानशब्दितम् ॥ अनु० १६२।६३।

देवताओं का बिना दिखावा किये पूजन करे, गुरुओं की छल-रहित होकर सेवा करे और परलोक के लिये दान-नामक निधि को जोड़े ॥

आत्मा

३५. **आपदर्थे धनं रक्षेद् दारान् रक्षेद् धनैरपि ।**
आत्मानं सततं रक्षेद् दारैरपि धनैरपि ॥ आदि० १५८।२७॥

आपत्ति के लिये धन की रक्षा करे (बचाए रखे) । धन के द्वारा (धन चाहे जाये) गृहिणी की रक्षा करे । अपने आप की तो गृहिणी तथा धन के चले जाने पर भी रक्षा करे ॥

३६. **न ह्यात्मपरिभूतस्य भूतिर्भवति शोभना । वन० ३२।५८।**

अपने आप का अनादर करने वाले का (=अपने आप को तुच्छ समझने वाले का) अभ्युदय (=वृद्धि, उन्नति) नहीं होता ।

३७. **उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत् ।**
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः ॥ भीष्म० ३०।५॥

अपने यत्न से अपने आप का उद्धार करे, अपने आप को गिराये नहीं (हतोत्साह न हो) । आत्मा ही आत्मा का बन्धु है (दूसरा नहीं) और आत्मा ही शत्रु है ॥

३८. **सर्वो हि मन्यते लोक आत्मानं बुद्धिमत्तरम् ।**
सर्वस्यात्मा बहुमतः सर्वात्मानं प्रशंसति ॥ सौ० ३।४॥

सब कोई अपने आप को अधिक बुद्धिमान् समझता है । सब को अपने प्रति आदर का भाव है । सब कोई अपने आप की प्रशंसा करता है ॥

३९. **किं ते धनैर्बान्धवैर्वापि किं ते**
किं ते दारैर्ब्राह्मण यो मरिष्यसि ।
आत्मानमन्विच्छ गुहां प्रविष्टं
पितामहास्ते क्व गताः पिता च ॥ शां० १७५।३८॥

हे ब्राह्मण ! तुझे धन से क्या काम ? बन्धुओं और स्त्री से भी क्या काम, जब तुझे मृत्यु से छुटकारा नहीं । आत्मा की खोज कर जो गुफा में छिपा है। तेरे पितामह कहां गये और पिता कहाँ ॥

४०. **किमात्मना यो न जितेन्द्रियो वशी । शां० ३२१।९३।**

अपने आप से क्या लाभ, जब इन्द्रियों और मन पर वश नहीं ।

आर्जवम्

(ऋजुता, सरलता)

४१. **सर्वतीर्थेषु वा स्नानं सर्वभूतेषु चार्जवम् ।**
उभे त्वेते समे स्यातामार्जवं वा विशिष्यते ॥ उ० ३५।२॥

सब तीर्थों में स्नान और सभी प्राणियों के प्रति सरलता । ये दोनों बराबर हो सकते हैं (इन का समान फल हो सकता है) अथवा इन दोनों में सरलता बढ़िया है ॥

४२. **सर्वं जिह्मं मृत्युपदमार्जवं ब्रह्मणः पदम् ।**
एतावाञ्ज्ञानविषयः किं प्रलापः करिष्यति ॥ शां० ७९।२१॥

सभी कुटिलता मृत्यु का मूल है और सरलता ब्रह्मप्राप्ति का । इतना ही ज्ञान का विषय है । अनर्थक वचन-विस्तार से क्या लाभ ॥।

४३. **आर्जवं धर्ममित्याहुरधर्मो जिह्म उच्यते । अनु० १४२।३०।**

सरलता धर्म है और कुटिलता अधर्म है ऐसा (तत्त्ववेत्ता) कहते हैं।

आर्यः

४४. **नार्या म्लेच्छन्ति भाषाभिर्मायया न चरन्त्युत । सभा० ५९।११।**

आर्य न तु अव्यक्त (द्व्यर्थक) वचन बोलते हैं और न छल-युक्त व्यवहार करते हैं ।

४५. **न वैरमुद्दीपयति प्रशान्तं**
न दर्पमारोहति नास्तमेति ।
न दुर्गतोऽस्मीति करोत्यकार्यं
तमार्यशीलं परमाहुरार्य्याः ॥ उ० ३३।११२॥

जो शान्त हुए वैर को पुनः नहीं जगाता, घमंड नहीं करता और न ही अपने अस्तित्त्व को खोता है और जो मैं दरिद्र अथवा दुःखी हूँ यह समझकर कुकर्म नहीं करता, उसे आर्य-लोग आर्य स्वभाव वाला कहते हैं ॥

४६. आर्येण सुकरं ह्याहुरार्यकर्म धनञ्जय ।
अनार्यकर्म त्वार्येण सुदुष्करतरं भुवि ॥ द्रोण० ११८।१०॥

आर्य के लिए आर्य-कर्म (श्रेष्ठ काम) करना आसान है । पर आर्य के लिए निकृष्ट काम करना बहुत मुश्किल है ॥

४७. आर्येण हि न वक्तव्या कदाचित्स्तुतिरात्मनः । द्रोण० १९५।२१।

आर्य को अपनी प्रशंसा कभी नहीं करनी चाहिए ।

४८. आत्मनिन्दाऽऽत्मपूजा च परनिन्दा परस्तवः ।
अनाचरितमार्य्याणां वृतमेतच्चतुर्विधम् ॥ कर्ण० ३५।४५।

अपनी निन्दा, अपना सत्कार, दूसरे की निन्दा, दूसरे की स्तुति—यह चार प्रकार का व्यवहार आर्यों का आचार नहीं है ॥

ईश्वरः

४९. अज्ञो जन्तुरनीशो ऽयमात्मनः सुखदुःखयोः ।
ईश्वरप्रेरितो गच्छेत्स्वर्गं वा नरकमेव वा ॥ वन० ३०।२८॥

जीव अज्ञ (अबोध) है । सुख दुःख इसके अधीन नहीं हैं ईश्वर की प्रेरणा से ही यह स्वर्ग अथवा नरक को प्राप्त होता है ॥

५० उत बालाय पाण्डित्यं पण्डितायोत बालताम् ।
ददाति सर्वमीशानः पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरन् ॥ उ० ३१।२॥

पूर्व-जन्म कृत कर्म को जगाता हुआ (=फलोन्मुख करता हुआ) ईश्वर ही किसी मूर्ख को पण्डित बना दे और पण्डित को मूर्ख ॥

५१. ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति ।
भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया ॥ भीष्म० ४५।६१॥

हे अर्जुन ! सब प्राणियों के हृदय में वर्तमान ईश्वर अपनी शक्ति से यन्त्र पर चढ़े हुए सब प्राणियों को घुमा रहा है ॥

करादानम्

(कर=टैक्स का लेना)

५२. मालाकार इवारामे स्नेहं कुर्वन्पुनः पुनः ।
वृक्षानङ्गारकारीव मैतान्धाक्षीः समूलकान् ।। सभा० ६२।१६।।

हे राजन् ! बगीचे में माली की तरह जो स्नेह-पूर्वक पौधों से (उपहारार्थ) फूलों को बार-बार चुनता है, ऐसे कर ग्रहण कर। कोयला वनाने वाले की तरह प्रजाओं का समूल नाश मत कर। उद्योग पर्व (३४।१८) में भी इसी भाव का यह श्लोक पढ़ा है—पुष्पं पुष्पं विचिन्वीत मूलोच्छेदं न कारयेत्। मालाकार इवारामे न यथाङ्गारकारकः ।।

५३. यथा मधु समादत्ते रक्षन्पुष्पाणि षट्पदः ।
तद्वदर्थान्मनुष्येभ्य आदद्यादविहिंसया ।। उ०३८।१७।।

जिस प्रकार भौंरा फूलों को बचाता हुआ शहद ग्रहण करता है, इसी प्रकार (राजा) प्रजाओं से बिना दुःख दिये कर ग्रहण करे ।।

५४. ऊधश्छिन्द्यात्तु यो धेन्वाः क्षीरार्थी न लभेत् पयः ।
एवं राष्ट्रमयोगेन पीडितं न विवर्धते ।। शां० ७२।१६।।

जो दूध चाहता हुआ गौ के आदर को ही काट दे वह दूध को प्राप्त न होवे। इसी प्रकार अन्याय्य कर से पीड़ित हुआ राष्ट्र नहीं बढ़ता, अर्थात् नष्ट हो जाता है।

५५. जलौकावत् पिबेद्राष्ट्रं मृदुनैव नराधिपः ।
व्याघ्रीव च हरेत्पुत्रान् सन्दशेन्न च पीडयेत् ।। शां० ८८।५।।

राजा जोंक की भाँति बिना पीडा दिये राष्ट्र को पीये (अर्थात् प्रजाओं से कर ले)। शेरनी की तरह पुत्रों को उठाये दाँतों से पकड़े पर पीड़ा न दे ।।

५६. यथा शल्यकवानाखुः पदं धूनयते सदा।
अतीक्ष्णेनाभ्युपायेन तथा राष्ट्रं समापिबेत् ।। शां० ८८।६।।

जैसे तीक्ष्ण (तेज) दाँतों वाला चूहा सोये हुए पुरुष के पैर के माँस को खाता है जिससे सोया हुआ पुरुष पैर को कुछ-कुछ हिलाता है पर जाग कर चूहे को नहीं हटाता, ऐसे ही राजा नरमी से राष्ट्र को पीये (चूसे) ।।

५७. नित्योद्विग्नाः प्रजा यस्य करभारप्रपीडिताः ।
अनर्थैर्विप्रलुप्यन्ते स गच्छति पराभवम् ।। शां० १३९।१०६ ।।

जिस राजा की प्रजा टैक्स के बोझ से अति पीड़ित हो नित्य अशान्त रहती है और अपदाओं से छिन्न-भिन्न होती है वह (स्वयं भी) नष्ट हो जाता है ॥

कर्म

५८ तदिदं वेदवचनं कुरु कर्म त्यजेति च। वन० २।७४।

यह वेद का वचन है (श्रुति का उपदेश है)। काम कर पर अभिमान त्यागकर, अर्थात् मैं कर्ता हूं इस भाव को छोड़ कर।

५९. कर्म खल्विह कर्तव्यं जानताऽमित्रकर्शन।
अकर्माणो हि जीवन्ति स्थावरा नेतरे जनाः ॥ वन० ३२।३॥

हे परन्तप! बुद्धिमान् पुरुष को कर्म करना चाहिये। कर्महीन तो वृक्षादि स्थावर ही जीते हैं।

६०. बहूनां समवाये हि भावानां कर्मसिद्धयः। वन० ३२।५१॥

बहुत से कारणों के जुटने से कर्म में सफलता प्राप्त होती है।

६१. इह यत् क्रियते कर्म तत्परत्रोपभुज्यते।
कर्मभूमिरियं ब्रह्मन् फलभूमिरसौ मता ॥ वन० २६१।३५॥

हे ब्राह्मण! जो कर्म इस लोक में किया जाता है परलोक में उसे भोगा जाता है। यह कर्मभूमि है और वह फलभूमि है ॥

६२. न कर्मणां विप्रणाशोऽस्त्यमुत्र
पुण्यानां वाप्यथवा पापकानाम्।
पूर्वं कर्तुर्गच्छति पुण्यपापं
पश्चात्त्वेनमनुयात्येव कर्ता ॥ उ० २७।१०॥

पुण्य अथवा पाप कर्मों का परलोक में (दूसरी योनि में जाने पर) नाश नहीं हो जाता। पुण्य, पाप तो कर्ता से पहले वहां पहुंच जाते हैं और कर्ता पीछे॥

६३. द्वावेव न विराजेते विपरीतेन कर्मणा।
गृहस्थश्च निरारम्भः कार्यवांश्चैव भिक्षुकः ॥उ० ३३।५७॥

विपरीत आचरण से दो शोभा नहीं पाते—गृहस्थ जो निष्कर्मा है (काम नहीं करता) और यति (संन्यासी) जो नाना धन्धों में आसक्त है ॥

६४. दम्भं मोहं मत्सरं पापकृत्यं
राजद्विष्टं पैशुनं पूगवैरम् ।
मत्तोन्मत्तैर्दुर्जनैश्चापि वादं
यः प्रज्ञावान् वर्जयेत्स प्रधानः ॥ उ० ३३।११५॥

जो दम्भ (दिखावे के लिये धर्माचरण), मोह (अन्यथा बोध), मत्सर (दूसरों का अभ्युदय देखकर जलन), पाप कर्म, राजा के प्रति द्वेष, चुगली, बहुतों से वैर, मदिरापान किए हुए, पागल व दुर्जन के साथ संवाद नहीं करता वह सुमति पुरुष सर्वश्रेष्ठ है ॥

६५. किं नु मे स्यादिदं कृत्वा किं नु मे स्यादकुर्वतः ।
इति कर्माणि संचिन्त्य कुर्याद्वा पुरुषो न वा ॥ उ० ३४।१९॥

ऐसा करने से क्या होगा, ऐसा न करने से क्या होगा इस प्रकार सोच कर कर्मों को करे या न करे ॥

६६. संगृह्णीयादनुरूपान् सहायान् ।
सहायसाध्यानि हि दुष्कराणि ॥ उ० ३७।२४॥

योग्य सहायकों को अपने साथ ले (अपना बनाये) । कठिन कार्य पर-सहायता से ही सिद्ध होते हैं ।

६७. ददाति यत्पार्थिव यत्करोति
यद्वा तपस्तप्यति यज्जुहोति ।
न तस्य नाशोस्ति न चापकर्षो
नान्यस्तदश्नाति स एव कर्ता ॥ उ० १२३।२२॥

हे राजन् ! जो कुछ देता है, जो कुछ करता है, जो तप तपता है, जो होम करता है, उसका न तो नाश होता है और न ही वह घटता है। करने वाले को फल मिलता है किसी दूसरे को नहीं ॥

६८. कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि ॥ भीष्म० २६।४७॥

तेरा कर्म करने में ही अधिकार है, फल में कभी भी नहीं । कर्मफल तेरी प्रवृत्ति का कारण मत हो । निश्चेष्टता (कर्म न करना) में भी तेरा हठ मत हो ॥

६९. न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः ।। भीष्म० २७।५।

कोई भी क्षण भर के लिये भी कर्महीन नहीं रह सकता । प्रकृति हर किसी से अपने गुणों (सत्त्व, रजस्, तमस्) द्वारा वश में करके कर्म करवाती है ।।

७०. नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः ।
शरीरयात्रापि च ते न प्रसिध्येदकर्मणः ।। भीष्म० २७।८।।

शास्त्र-विहित कर्म को कर । न करने से करना अच्छा है । कर्म के बिना तो जीवन निर्वाह भी नहीं हो सकता ।

७१. स्वभावनियतं कर्म कुर्वन्नाप्नोति किल्बिषम् । भीष्म० ४२।४७।

प्रकृति-सिद्ध कर्म को करता हुआ पाप का भागी नहीं होता ।

७२. सहजं कर्म कौन्तेय सदोषमपि न त्यजेत् ।
सर्वारम्भा हि दोषेण धूमेनाग्निरिवावृताः ।। भीष्म० ४२।४८।।

हे कुन्तीपुत्र अर्जुन ! स्वभाव-नियत (पितृ-पितामह अनुक्रम से प्राप्त) कर्म का, चाहे वह दोषवान् भी हो, त्याग न करे, कारण कि सभी चेष्टाएँ दोष से घिरी हुई हैं जैसे धूंए से अग्नि ।

७३. शयानं चानुशेते तिष्ठन्तं चानुतिष्ठति ।
अनुधावति धावन्तं कर्म पूर्वकृतं नरम् ।। स्त्री० २।३२।।

पहले किया हुआ कर्म लेटे हुए कर्ता के साथ लेट जाता है, खड़े हुए के साथ ठहर जाता है, दौड़ते हुए के साथ दौड़ता है । भाव यह है कि कर्म नित्य ही प्रत्येक अवस्था में कर्ता के साथ जुड़ा रहता है, जिस से कर्त्ता फल से छूट नहीं सकता ।।

७४. प्राक् कर्मभिस्तु भूतानि भवन्ति न भवन्ति च । स्त्री० ३।१७।

पूर्व जन्म में किये हुए कर्मों के द्वारा प्राणी वृद्धि तथा ह्रास को प्राप्त होते हैं ।

७५. न हि नाशोस्ति वार्ष्णेय कर्मणोः शुभपापयोः । स्त्री० १८।१२।

हे वृष्णिगोत्रज (कृष्ण) पुण्य और पाप कर्मों का कभी नाश नहीं होता ।

७६. यत्करोति शुभं कर्म तथा कर्म सुदारुणम् ।
तत्कर्तैव समश्नाति बान्धवानां किमत्र हि ।। शां० १५३।४१।।

जो कुछ शुभ कर्म करता है अथवा भयानक (रौद्र, क्रूर) कर्म करता है कर्ता ही उसका फल भोगता है । बन्धुओं को उससे क्या मतलब ।।

७७. यथा धेनुसहस्रेषु वत्सो विन्दति मातरम् ।
तथा पूर्वकृतं कर्म कर्तारमनुगच्छति ।। शां १८१।१६।।

जैसे बछड़ा हजारों गौओं में अपनी मां को ढूंढकर प्राप्त हो जाता है, ऐसे पूर्वकृत कर्म कर्ता को जा मिलता है ।।

७८. कर्मणा बध्यते जन्तु र्विद्यया च प्रमुच्यते ।
तस्मात्कर्म न कुर्वन्ति यतयः पारदर्शिनः ।। शां० २४१।७।।

कर्म से जीव वन्धन में आता है । (अर्थात् कर्म-फल-भोग के लिए जीव को शरीर धारण करना पड़ता है) और विद्या (=आत्मज्ञान) से मोक्ष को प्राप्त होता है । अतः तत्त्वदर्शी लोग कर्म नहीं करते ।।

७९. नाकृत्वा लभते कश्चित् किञ्चिदत्र प्रियाप्रियम् । शां० २९८।३०।

कोई भी बिना कर्म किए इष्ट या अनिष्ट को प्राप्त नहीं कर सकता ।

८०. एकान्तिनो हि पुरुषा दुर्लभा बहवो नृप । शां० ३४८।६२ ।

हे राजन् ! निष्काम कर्म करने वाले भक्त विरले ही मिलते हैं ।

८१. यथा च्छायातपौ नित्यं सुसम्बद्धौ निरन्तरम् ।
तथा कर्म च कर्ता च सम्बद्धावात्मकर्मभिः ।। अनु० १ । ७५ ।।

जैसे छाया और धूप आपस में नित्य जुड़े हुए हैं वैसे ही कर्ता और कर्म कर्मों द्वारा जुड़े हुए हैं ।।

८२. स्वकर्मप्रत्ययान् लोकान्सर्वे गच्छन्ति वै नृप । अनु० १ । ८१ ।

हे राजन्, हर एक अपने कर्मों के अनुसार (भिन्न-भिन्न) लोकों को प्राप्त होता है ।

कामः

(कामना, पदार्थों की चाह, इन्द्रिय-तृप्ति, स्त्री-भोगेच्छा)

८३. **कामं हित्वाऽर्थवान् भवति । वन० ३१३ । ७८ ।**

इन्द्रिय-तृप्ति को छोड़कर ही धनी हो सकता है ।

८४. **कामः संसारहेतुश्च । वन० ३१३ । ९८।**

विषयाभिलाष (विषयों की चाह) जन्म-मरण-चक्र का हेतु है।

८५. **कामा मनुष्यं प्रसजन्त एते । उ० २७।४।**

कामनाएँ मनुष्य को जन्म-मरण में बाँधती हैं ।

८६. **ह्रियं कामः (हन्ति) । उ० ३५।५०।**

कामातुरता लज्जा को नष्ट कर देती है ।

८७. **अथ केन प्रयुक्तोऽयं पापं चरति पूरुषः ।**
अनिच्छन्नपि वार्ष्णेय बलादिव नियोजितः ।। भीष्म० २७।२६।।

८८. **काम एष क्रोध एष रजोगुणसमुद्भवः ।**
महाशनो महापाप्मा विद्ध्येनमिह वैरिणम् ।। भीष्म० २७।३७।।

हे वार्ष्णेय (कृष्ण) ! किससे प्रेरित हुआ यह मनुष्य न चाहता हुआ भी पाप करता है, मानो जबरदस्ती लगाया गया है ।।

उत्तर—यह रजोगुण से उत्पन्न काम अथवा क्रोध ही है जो बड़ा पेटू और महापापी है, इसे तू यहाँ अपना बड़ा वैरी समझ ।।

८९. **यः कामानाप्नुयात्सर्वान्**
यश्चैतान् केवलांस्त्यजेत् ।
प्रापणात्सर्व-कामानां
परित्यागो विशिष्यते ।। शां० १७७।१६।।

जो सब कामनाओं को पूर्ण करे और जो इन सब का त्याग करे । सबकी प्राप्ति की अपेक्षा सबका त्याग बढ़िया है ।।

९०. कामं जानामि ते मूलं संकल्पात्किल जायसे ।
न त्वां संकल्पयिष्यामि समूलो न भविष्यसि ।। शां० १७७।२५।।

हे काम ! मैं तेरे मूल को जानता हूं, तू संकल्प से जन्मता है। मैं तेरा संकल्प नहीं करूँगा (तुझे मन में नहीं लाऊँगा), जिससे तू समूल नष्ट हो जायेगा ।।

९१. न खल्वप्यरसज्ञस्य कामः क्वचन जायते । शां० १८०।३०।

जिसने विषयों का रस अभी नहीं चखा उसमें कामना (चाह) उत्पन्न नहीं होती ।

९२. न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति ।
हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्धते ।। आदि० ७५।५०।

इच्छाओं के उपभोग से इच्छाएँ शान्त नहीं होतीं । अग्नि में हवि-रूप घृत डालने से अग्नि और बढ़कती है ।।

९३. यदा संहरते कामान्कूर्मोऽङ्गानीव सर्वशः ।
तदात्मज्योतिरचिरात्स्वात्मन्येव प्रसीदति ।। शां० २१।३।।

जब पुरुष कामनाओं को अपने अन्दर ऐसे समेट लेता है जैसे कछुआ अपने अंगों को अपने अन्दर छिपा लेता है तब आत्म-ज्योति से प्रकाशित हो अपने आप में सन्तुष्ट हो जाता है ।।

कालः

९४. कालः सृजति भूतानि कालः संहरति प्रजाः ।
संहरन्तं प्रजाः कालं कालः शमयते पुनः ।। आदि० १।२४८।।

काल प्राणि-मात्र को उत्पन्न करता है और काल प्रजाओं का संहार करता है । संहार करते हुए काल को काल ही शान्त करता है ।।

९५. न कालो दण्डमुद्यम्य शिरः कृन्तति कस्यचित् ।
कालस्य बलमेतद् हि विपरीतार्थदर्शनम् ।। सभा० ८१।११।।

काल डंडा उठाकर किसी का सिर नहीं काटता । यह काल का प्रभाव है कि पुरुष उलटा-पुलटा समझने लगता है ।।

९६. न चापि कृत्रिमः कालः कालो हि परमेश्वरः । उ० ११२।२०।

(सूर्यादि की गति से) जिसका निर्माण होता है वही काल नहीं; काल तो निश्चय भगवान् (सर्वशक्तिमान्) है ।

९७. कालः कर्ता विकर्ता च सर्वमन्यदकारणम् । शां० २२७।७३।

काल ही बनाता है काल ही बिगाड़ता है । और सब कुछ अकारण है ।

(९८) कालोपहतचित्ता हि सर्वे मुह्यन्ति भारत । शल्य० ६३।४७।

हे भारत ! काल से दूषित चित्त वाले (मलिन मन वाले) सभी मोह (अज्ञान, अविवेक) को प्राप्त हो जाते हैं ।

९९. एष मूर्धाभिषिक्तानामग्रे गत्वा परन्तपः ।
सतृणं ग्रसते पांसुं पश्य कालस्य पर्ययम् ।। शल्य० ६५।१७।।

क्षत्रियों का अग्रगामी (आगे जाने वाला, नेता) शत्रुओं को दमन करने वाला यह (दुर्योधन) तिनकों भरी मिट्टी को चाटता है । काल की गति को देख ।।

१००. अयुध्यमानो म्रियते युध्यमानश्च जीवति ।
कालं प्राप्य महाराज न कश्चिदतिवर्तते ।। स्त्री० २।५।।

न लड़ता हुआ मर जाता है और लड़ता हुआ जीता रहता है । महाराज काल की पहुंच में आकर कोई नहीं बचता ।

१०१. यथा वायुस्तृणाग्राणि संवर्तयति सर्वशः ।
तथा कालवशं यान्ति भूतानि भरतर्षभ ।। स्त्री० २।६।।

हे भरत-श्रेष्ठ (धृतराष्ट्र) जैसे वायु सब तिनकों को वश में कर लेता है, वैसेही सभी प्राणी काल के वश में आ जाते हैं ।।

१०२. एकसार्थ-प्रयातानां सर्वेषां तत्र गामिनाम् ।
यस्य कालः प्रयात्यग्रे तत्र का परिदेवना ।। स्त्री० २।१०।।

परलोक को जाने वाले एक साथ चलते हुए सभी यात्रियों में जिसका काल (मृत्यु काल) आ गया है वह पहले चल जाता है तो इसमें विलाप का क्या काम ।।

१०३. **न कालस्य प्रियः कश्चिन्न द्वेष्यः कुरुसत्तम।**
न मध्यस्थः क्वचित्कालः सर्वं कालः प्रकर्षति ।। स्त्री० २।२३।।

काल (अन्तक, यम) का हे कौरवश्रेष्ठ ! किसी के साथ प्यार नहीं है और किसी के साथ द्वेष नहीं और न ही वह उदासीन (=न शत्रु न मित्र) है। काल सब को अपनी ओर खेंच लेता है ।।

१०४. **कालेन शीघ्राः प्रवहन्ति वाताः**
कालेन वृष्टिर्जलदानुपैति ।
कालेन पद्मोत्पलवज्जलं च
कालेन पुष्प्यन्ति वनेषु वृक्षाः ।। शां० २५।८।।

समय पर वायु तेज गति से चलता है, समय पर बादलों में बरसाने का जल आ जाता है, समय पर जल में कमल और नीलोफ़र उत्पन्न हो जाते हैं और समय पर वृक्षों में फूल आ जाते हैं ।।

१०५. **नाकालमत्ताः खगपन्नगाश्च**
मृगद्विपाः शैलमहाग्रहाश्च ।
नाकालतः स्त्रीषु भवन्ति गर्भा
नायान्त्यकाले शिशिरोष्णवर्षाः ।। २५।१० ।।

समय आने पर ही पंछी और सांप, मृग व हाथी, पर्वत और महाग्रह मस्ती में आते हैं, समय आने पर ही स्त्रियाँ गर्भधारण करती हैं, समय आने पर ही पतझड़ गर्मी और बरसात आती हैं ।।

१०६. **नाकालतो म्रियते जायते वा नाकालतो व्याहरते च बालः ।**
नाकालतो यौवनमभ्युपैति नाकालतो रोहति बीजमुप्तम् ।। शां० ।२५।११।।

समय आने पर ही जन्म और मरण होता है । समय आने पर ही बच्चा बोलने लगता है, समय आने पर ही यौवन (जवानी) को प्राप्त होता है और समय पर ही बोया हुआ बीज उगता है ।।

१०७. **नाकालतो भानुरुपैति योगं नाकालतोऽस्तंगिरिमभ्युपैति ।**
नाकालतो वर्धते हीयते च चन्द्रः समुद्रश्च महोर्मिमाली ।। शां० १२।२५।।

समय पर ही सूर्य (चन्द्रादि से) योग (मेल) को प्राप्त होता है, समय पर ही अस्ताचल को प्राप्त होता है। समय पर ही चाँद और महातरंग-युक्त समुद्र बढ़ता और घटता है ।।

१०८. वैद्याश्चाप्यातुराः सन्ति बलवन्तश्च दुर्बलाः ।
श्रीमन्तश्च तथा षण्ढा विचित्रः कालपर्ययः ।। शां० २८।२२।।

वैद्य होते हुए भी रोगी होते हैं, बलवान् (शरीर का बल होने पर) भी दुर्बल (=मनोबल-हीन) होते हैं, धनी होते हुए नपुंसक होते हैं । काल की गति विचित्र है ।।

१०९. यो हि कालो व्यतिक्रामेत् पुरुषं कालकाङ्क्षिणम् ।
दुर्लभः स पुनस्तेन कालः कर्म चिकीर्षुणा ।। शां० १०३।२१।।

अवसर प्रतीक्षा करने वाले के हाथ से जो काल निकल जाये, कर्म करने की इच्छा करने वाले उस पुरुष के हाथ वह काल दुबारा नहीं लगता ।।

११०. प्राज्ञो वा यदि वा मूर्खः सधनो निर्धनोपि वा ।
सर्वः कालवशं याति शुभाशुभसमन्वितः ।। शां० १५३।४३।।

बुद्धिमान् हो अथवा मूर्ख, धनी हो अथवा निर्धन, पाप-पुण्य से युक्त सब कोई काल के गाल में जाता है ।।

१११. गन्ता गतिमतां कालः कालः कलयति प्रजाः । शां० २२७।३५।

गतिमान् पदार्थों में काल उत्तमगति वाला है । काल प्रजाओं का संहार करता है ।

कलिकालः

(कलियुग)

११२. अट्टशूला जनपदाः शिवशूलाश्चतुष्पथाः ।
केशशूलाः स्त्रियो राजन् भविष्यन्ति युगक्षये ।। वन० १८८।८२।।

हे राजन् ! युगक्षय=द्वापर का अन्त, कलियुग के प्रारम्भ में जनपद-वासी (देहाती) अन्न को वेचने वाले, ब्राह्मण वेद को बेचने वाले और स्त्रियाँ अपने सतीत्व को वेचने वाली होंगी ।। अट्ट=अन्न । शिव=वेद । चतुष्पथ=ब्राह्मण । केश=भगा ।

११३. न कन्यां याचते कश्चिन्नापि कन्या प्रदीयते ।
स्वयंग्राहा भविष्यन्ति युगान्ते समुपस्थिते ।। वन० १९०।३६।।

कलियुग के आरम्भ में न कोई विवाहार्थ पिता से कन्या को माँगेगा और न कोई पिता कन्या को विधिवत् विवाह में देगा। कन्याएँ स्वेच्छा से वर ग्रहण करेंगी।

कीर्तिः

११४. कीर्तिश्च जीवतः साध्वी पुरुषस्य महाद्युते।
मृतस्य कीर्त्या किं कार्यं भस्मीभूतस्य देहिनः ॥ वन० ३०१।५॥

हे तेजस्विन्, जीते हुए पुरुष को कीर्ति से लाभ है। मरने पर भस्म हुए देही को कीर्ति से क्या लाभ ?

११५. मृतस्य कीर्तिर्मर्त्यस्य यथा माला गतायुषः। वन० ३०१।७।

मरने के पीछे पुरुष की कीर्ति ऐसी है जैसे मृतक शरीर को माला पहनाना।

११६. अब्रुवन् कस्यचिन्निन्दामात्मपूजामवर्णयन्।
विपश्चिद् गुणसम्पन्नः प्राप्नोत्येव महद्यशः ॥ शां० २८७।२८॥

दूसरे की निन्दा न करने से और अपने सत्कार की कथा न कहने से गुणी विद्वान् अवश्य महान् यश को प्राप्त करता है॥

कृतघ्नः

११७. कुतः कृतघ्नस्य यशः कुतः स्थानं कुतः सुखम्।
अश्रद्धेयः कृतघ्नो हि कृतघ्ने नास्ति निष्कृतिः ॥ उ० १०७।१०॥

कृतघ्न (=किये हुए उपकार को न मानने वाला) को यश कहाँ, ठिकाना कहाँ, सुख कहाँ! कृतघ्न विश्वास के योग्य नहीं होता। कृतघ्नता के पाप का कोई प्रायश्चित्त नहीं॥

११८. ब्रह्महत्याफलं तस्य यः कृतं नावबुध्यते। द्रोण० १८३।२८।

ब्रह्महत्या का पाप उसे लगता है जो किये हुए उपकार को नहीं मानता।

११९. ब्रह्मघ्ने च सुरापे च चौरे भग्नव्रते तथा।
निष्कृति र्विहिता सद्भिः कृतघ्ने नास्ति निष्कृतिः ॥ शां० २७१।११॥

ब्राह्मण की हत्या करने वाले, सुरा पीने वाले, चोरी करने वाले, ब्रह्मचर्य व्रत को भग्न करने वाले के लिये तो सत्पुरुषों (शास्त्रकारों) ने प्रायश्चित्त बतलाया है, पर कृतघ्न के लिये कोई प्रायश्चित्त नहीं कहा, अर्थात् उसका पाप किसी भी उपाय से धुल नहीं सकता ॥

क्रोध:

१२०. **क्रोधं हित्वा न शोचति । वन० ३१३।७८।**

क्रोध को त्याग कर शोक को नहीं प्राप्त होता ।

१२१. **क्रोधो ऽसूयासुतः स्मृतः । शां० २७१।२१।**

क्रोध असूया (दूसरे के गुणों को न सहना, गुणों में दोष देखना) का पुत्र है ऐसा कहा गया है ।

क्षत्रिय:

१२२. **अन्धः स्यादन्धवेलायां बाधिर्यमपि चाश्रयेत् ।**
कुर्यात् तृणमयं चापं शयीत मृगशायिकाम् ॥ आदि०१४०।१२-१३॥

(क्षात्र-धर्म बतलाते हुए कहते हैं)—अन्धा बनने से यदि कार्य सिद्ध हो अन्धा बन जाये, यदि बहिरेपन से काम निकले तो बहिरा बन जाये (अर्थात् तिरस्कार के वचनों को भी सहे) । (असमर्थ होने पर) अपने धनुष को तिनकों का बना हुआ समझले । अर्थात् शत्रु का आश्रय लेकर उससे काम न ले । विश्वास दिलाकर शत्रु को मार डाले जैसे शिकारी अपने आप को सोया हुआ दिखाकर मृगों को विश्वास दिलाकर उन्हें मार डालता है ॥

१२३. **न निर्मन्युः क्षत्रियोऽस्ति लोके निर्वचनं स्मृतम् । वन० २७।३७।**

क्षत्रिय कोई भी क्रोध-रहित नहीं होता, ऐसी कहावत है ।

१२४. **बलज्येष्ठं स्मृतं क्षत्रम् । ३०१६८।१७।**

क्षत्रिय जाति बल के कारण दूसरों से श्रेष्ठ होती है ।

१२५. **अधर्मः क्षत्रियस्यैष यद् व्याधिमरणं गृहे । भीष्म० १७।११।**

क्षत्रिय के घर में बीमारी से मरना पाप है ।

१२६. क्षत्रियस्य मलं भैक्ष्यम् । कर्ण० ४५।२३।

क्षत्रियों के लिये भिक्षा मांगना कलंक है ।

१२७. न ह्यधर्मोऽस्ति पापीयान् क्षत्रियस्य पलायनात् । कर्ण० ६३।५६।

क्षत्रिय के लिए रण छोड़ भागने से कोई बड़ा पाप नहीं । शल्यपर्व (२।५७) में भी ऐसा ही वचन मिलता है—नान्यत्कर्मास्ति पापीयः क्षत्रियस्य पलायनात् ।

१२८. अधर्मः सुमहानेष यच्छय्यामरणं गृहे । शल्य० ५।३२ ।

क्षत्रिय के लिए घर में बिस्तरे पर मरना बड़ा पाप है ।

१२९. यदा शूरं च भीरुं च मारयत्यन्तकः सदा ।
को न मूढो न युध्येत पुरुषः क्षत्रियो ध्रुवम् ।। शल्य० १९।६१-६२।।

जब यमराज सभी के प्राणों को हर लेता है, चाहे कोई वीर हो या डरपोक, तो ऐसा कौन क्षत्रिय है जो मूढ न हो और युद्ध न लड़े ?

१३०. न हि धर्मः स्मृतो राजन्क्षत्रियस्य प्रतिग्रहः । शल्य० ३१।५७।

हे राजन् ! दान लेना क्षत्रिय का धर्म नहीं कहा गया।

१३१. निस्तेजाः क्षत्रियोऽधमः। सौ० ३।२०।

तेजहीन (प्रताप-रहित) क्षत्रिय नीच होता है ।

१३२. क्षत्रियस्य हि विशेषेण हृदयं वज्रसंनिभम् । शां० २२।६।

यह प्रसिद्ध है (अथवा निश्चित है) कि क्षत्रिय का हृदय वज्र की तरह कठोर होता है ।

१३३. ब्राह्मणानां क्षतत्राणात् ततः क्षत्रिय उच्यते । शां० ५९।१२५।

ब्राह्मणों को घाव से बचाने के कारण क्षत्रिय को क्षत्रिय कहा गया है।

१३४. अविक्षतेन देहेन समराद्यो निवर्तते ।
क्षत्रियो, नास्य तत्कर्म प्रशंसन्ति पुराविदः ।। शां० ६०।१६।।

जो क्षत्रिय बिना घाव लगे शरीर से युद्ध भूमि से लौट आता है उसके उस कर्म को इतिहास जानने वाले अच्छा नहीं कहते ।।

१३५. क्षत्रिये संगतं नास्ति न प्रीति र्न च सौहृदम् । शां० १३९।१६।

क्षत्रिय में न मैत्री होती है, न प्रेम और न शुभ-भावना ।

१३६. क्षत्रियस्य तु बालिश्याद् ब्राह्मणः क्लिश्यते क्षुधा । शा० १६५।१३।

क्षत्रिय (राजा) की मूर्खता से ही ब्राह्मण भूख से पीड़ित होता है।

१३७. ज्ञान-विज्ञान-सम्पन्नः संस्कृतो वेदपारगः।
विप्रो भवति धर्मात्मा क्षत्रियः स्वेन कर्मणा ॥ अनु० १४३।४५॥

ज्ञान (ब्रह्मविद्या), विज्ञान (शिल्पादि-ज्ञान), से युक्त संस्कारवान्, वेद का पूर्ण ज्ञाता धार्मिक क्षत्रिय अपने कर्म से ब्राह्मणता को प्राप्त हो जाता है ॥

(क्षमा)

१३८. क्षमा तेजस्विनां तेजः क्षमा ब्रह्म तपस्विनाम् । वन०२९।४०।

क्षमा तेजस्वियों का तेज है, और तपस्वियों का ब्रह्म तेज है।

१३९. क्षमा च परमं बलम् । वन०२१३।३०।

क्षमा सबसे बड़ी शक्ति है।

१४०. एकः क्षमावतां दोषो द्वितीयो नोपपद्यते ।
यदेनं क्षमया युक्तमशक्तं मन्यते जनः ॥ उ० ३३।४८॥

क्षमावान् में एक ही दोष है, दूसरा कोई नहीं—यही कि क्षमा-युक्त पुरुष को लोग अशक्त (असमर्थ) समझते हैं ॥

१४१. क्षमा गुणो ह्यशक्तानां शक्तानां भूषणं क्षमा । उ०३३।४९।

शक्ति हीन लोगों के लिए क्षमा गुण है (उपकारक, कार्यसाधक) है और शक्तिमानों का भूषण है (शोभा है) ।

१४२. क्षमा गुणवतां वलम् । उ० ३४।७५।

गुणियों का क्षमा वल है ।

१४३. मन्यते कर्षयित्वा तु क्षमा साध्वीति शम्बरः ।
असन्तप्तं तु यद् दारु प्रत्येति प्रकृतिं पुनः ॥ शां० १०२।३१॥

शम्वर-नामक दैत्य का मत है कि पीड़ित करने के पीछे क्षमा ठीक रहती है (इसमें यह निदर्शन है—) विना तपाई हुई लकड़ी (बेंत आदि) झुकाने के अनन्तर फिर अपनी अवस्था में आ जाती है ।।

गङ्गा

१४४. भवन्ति निर्विषाः सर्पा यथा तार्क्ष्यस्य दर्शनात् ।
गङ्गाया दर्शनात् तद्वत् सर्वपापैः प्रमुच्यते ।। अनु० २६।४४।

गरुड़ के दर्शन से जैसे सांप विष-हीन हो जाते हैं वैसे ही गंगा के दर्शन से सब पापों से छूट जाता है ।।

१४५. श्रुताऽभिलषिता पीता स्पृष्टा दृष्टाऽवगाहिता ।
गङ्गा तारयते नॄणामुभौ वंशौ विशेषतः ।। अनु० २६।६३।।

गंगा मनुष्य के दोनों कुलों (पितृ-कुल मातृ-कुल) को तार देती है जब इस का नाम सुना जाये, जब इस की मन से चाह की जाये, जब इसका जल पीया जाये, जब इसका स्पर्श किया जाये, जब इसका दर्शन किया जाये अथवा इसमें डुबकी लगाई जाये ।।

गुरुः

१४६. पञ्चैव गुरवो ब्रह्मन् पुरुषस्य बुभूषतः ।
पिता माताऽग्निरात्मा च गुरुश्च द्विजसत्तम ।। वन० २१४।२८।।

हे ब्राह्मण ! वृद्धि चाहते हुए पुरुष के पाँच गुरु हैं—पिता, माता, अग्नि, आत्मा (अपना आप) तथा उपाध्याय ।।

१४७. गुरोरप्यवलिप्तस्य कार्याकार्यमजानतः ।
उत्पथप्रतिपन्नस्य परित्यागो विधीयते ।। शां० ५७।७।।

अवलिप्त (=दृप्त, घमंडी), कर्तव्य और अकर्तव्य की पहचान न करने वाला, उन्मार्गगामी—ऐसे गुरु का त्याग शास्त्र-विहित है ।।

१४८. विद्यां श्रुत्वा ये गुरुं नाद्रियन्ते
प्रत्यासन्ना मनसा कर्मणा वा ।

तेषां पापं भ्रूणहत्याविशिष्टं
नान्यस्तेभ्यः पापकृदस्ति लोके ।। शां० १०८।२३।।

जो (शिष्य) गुरु मुख से शास्त्र-श्रवण करके गुरु का आदर नहीं करते, वे मन और कर्म से नष्ट-भ्रष्ट हो जाते हैं। उनका पाप गर्भ-पात के पाप से भी बड़ा है, लोक में उनसे अधिक पापी नहीं है ।।

१४९. न वाच्यः परिवादोऽयं न श्रोतव्यः कथं चन ।
कर्णावथापिधातव्यौ प्रस्थेयं चान्यतो भवेत् ।। शां० १३२।१२

गुरु की निन्दा (उसके सामने) न करनी चाहिये और न दूसरे से की जा रही सुननी चाहिये। कान बन्द कर लेने चाहियें अथवा निन्दा के स्थल से परे हट जाना चाहिये ।।

१५०. न विना गुरुसम्बन्धं ज्ञानस्याधिगमः स्मृतः । शां० ३२६।२२।।

विना गुरु की सेवा में गये ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती ।

गृहस्थः

१५१. वयांसि पशवश्चैव भूतानि च जनाधिप ।
गृहस्थैरेव धार्यन्ते तस्माच्छ्रेष्ठो गृहाश्रमी ।। शां० २३।५।।

हे राजन्! पशु-पक्षी और दूसरे प्राणियों को गृहस्थ ही धारणा करता है, अतः गृहाश्रमी दूसरे आश्रमियों से उत्तम है ।।

१५२. सोऽयं चतुर्णामेतेषामाश्रमाणां दुराचरः ।
तं चराविमनाः पार्थ दुष्करं दुर्बलेन्द्रियैः ।। शां० २३।६।।

हे पृथा-सुत अर्जुन ! यह गृहस्थाश्रम दूसरे आश्रमों की अपेक्षा दूभर है। इसका लग्न से सेवन कर। दुर्बल इन्द्रिय वालों से इसका सेवन मुश्किल है ।।

१५३. अन्नं च नो बहु भवेदतिथींश्च लभेमहि ।
श्रद्धा च नो मा विगमन्मा च याचिष्म कञ्चन ।। शां० २९।२१।।

(एक सच्चे गृहस्थ की प्रार्थना है)—हमें बहुत-सा अन्न प्राप्त हो (हम बहुत-सा अन्न पकायें), हमें बहुत से अतिथि प्राप्त हों। हमारी श्रद्धा बनी रहे और हम किसी से माँगें नहीं ।।

१५४. **यथा प्रव्रजितो भिक्षुस्तथैव स्वे गृहे वसेत् । शां० ३६।३५।**

जिस प्रकार एक यति घर को त्याग कर रहता है वैसे ही गृही (गृहस्थ) घर में रहे (अर्थात् अनासक्त होकर रहे, घर से चिपके नहीं) ।

१५५. **गृहस्थस्त्वेष धर्माणां सर्वेषां मूलमुच्यते । शां० २३४।६।**

गृहस्थ सब धर्मों का मूल है ।

१५६. **गृहस्थस्तु यदा पश्येद्वलीपलितमात्मनः ।**
अपत्यस्यैव चापत्यं वनमेव तदाऽऽश्रयेत् ।। शां० २३६।४।।

जब गृहस्थ देखे कि मेरे अंगों में झुरियाँ पड़ गई हैं और मेरे सिर के बाल सफेद हो गये हैं और जब उसके पुत्र के हाँ पुत्र हो जाये तब बन को चला जाये (अर्थात् वानप्रस्थ आश्रम में प्रवेश करे) ।।

१५७. **यथा मातरमाश्रित्य सर्वे जीवन्ति जन्तवः ।**
एवं गार्हस्थ्यमाश्रित्य वर्तन्त इतराश्रमाः ।। शां० २६९।६।।

जिस प्रकार सभी जीव अपनी माता का आश्रय लेकर जीते हैं उसी प्रकार दूसरे आश्रम गृहस्थ आश्रम को आश्रित करके जीते हैं ।।

१५८. **अप्रयत्नागताः सेव्या गृहस्थै विषयाः सदा ।**
प्रयत्नेनोपगम्यश्च स्वधर्म इति मे मतिः ।। शां० २९५।३५।।

बिना घोर प्रयत्न किए जो पदार्थ प्राप्त होते हैं उनका नित्य सेवन करे (नहीं तो अर्थों के अर्जन में सारी शक्ति क्षीण हो जायेगी) । हाँ धर्माचरण यत्न-पूर्वक करे, ऐसा मेरा विचार है ।।

१५९. **यथा नदीनदाः सर्वे सागरे यान्ति संस्थितिम् ।**
एवमाश्रमिणः सर्वे गृहस्थे यान्ति संस्थितिम् ।। शां० २९५।३९।।

जिस प्रकार नदियाँ और नद सभी समुद्र में जा ठहरती हैं उसी प्रकार दूसरे (ब्रह्मचर्यादि) आश्रम गृहस्थाश्रम पर टिके हुए हैं ।।

गौः

१६०. **गन्धेन गावः पश्यन्ति । उ० ३४।३४।**

गौ आदि पशु गन्ध से देखते हैं, अर्थात् सूंघ कर पता लेते हैं कि अमुक वस्तु खाद्य है अथवा नहीं ।

१६१. **गौर्वरिष्ठा चतुष्पदाम् । भीष्म० १२१।३४।।**

चौपायों में गौ सबसे श्रेष्ठ है ।

१६२. **अमृतं वै गवां क्षीरम् । अनु० ६६।४६।**

गौ का दूध निश्चय ही अमृत है ।

१६३. **यथा हि गङ्गा सरितां वरिष्ठा**
तथार्जुनीनां कपिला वरिष्ठा । अनु० ७७।८।

जिस प्रकार गङ्गा नदियों में श्रेष्ठ है उसी प्रकार गौओं में कपिला ।

घातकः
(मारने वाला)

१६४. **महादोषतरस्तत्र घातको न तु खादकः । अनु० ११५।४६।**

(पशु आदि के) मारने वाला अधिक पापी है, उतना खाने वाला नहीं ।

१६५. **आहर्ता चानुमन्ता च विशस्ता क्रयविक्रयी ।**
संस्कर्ता चोपभोक्ता च घातकाः सर्व एव ते ।। अनु० ११५।४९।।

लाने वाला, मारने में अनुमति देने वाला, अंग-अंग काटने वाला, खरीदने और बेचने वाला, पकाने वाला और खाने वाला—ये सभी मारने वाले ही हैं ।।

चिकित्सकः
(वैद्य)

१६६, **व्याधितेषु चिकित्सका (जीवन्ति)। उ०३३।८४।**

रोगी लोग वैद्यों के जीवन का आधार हैं ।

१६७. **व्याधिभिर्मथ्यमानानां त्यजतां विपुलं धनम् ।**
वेदनां नापकर्षन्ति यतमानाश्चिकित्सकाः ।। शां०३३१।३०।।

नाना रोगों से पीडित, बहुतसा धन खर्च करते हुए रोगियों की पीड़ा को वैद्य कम नहीं कर सकते ।।

१६८.　　　ते चातिनिपुणा वैद्याः
　　　　　　　कुशलाः सम्भृतौषधाः ।
　　　व्याधिभिः परिकृष्यन्ते
　　　　　　　मृगा व्याधैरिवार्दिताः ।। शां० ३३१।३१।।

वे चिकित्सकों में अति निपुण, नाना दवाइयों को तैयार करने वाले वैद्य स्वयं रोगों से पीडित होते हैं जैसे मृग शिकारी से पीछा किये हुए पीडित होते हैं ।।

ज्ञानम्

१६९.　　　सर्वं कर्माखिलं पार्थ ज्ञाने परिसमाप्यते । भीष्म० २८।३३।

हे पार्थ (अर्जुन) ! आत्म-ज्ञान होने पर सभी कर्म (लौकिक व पारलौकिक) पूर्ण रूप से समाप्त हो जाते हैं अर्थात् प्रयोजन न होने से कुछ कर्त्तव्य शेष नहीं रहता ।

१७०.　　　ज्ञानमुत्पद्यते पुंसां क्षयात्पापस्य कर्मणः ।
　　　यथाऽऽदर्शतले प्रख्ये पश्यत्यात्मानमात्मना ।। शां० २०४।।८

पाप के (भोग द्वारा) क्षीण होने पर ज्ञान का उदय होता है जैसे शुद्ध दर्पण में मनुष्य अपने स्वरूप को देखता है वैसे आत्मा (बुद्धि) में आत्मा का भास होता है । सप्तम्यन्त 'आत्मनि' पाठ अधिक उचित होगा ।

१७१.　　　ज्ञानान्मोक्षो जायते राजसिंह । शां० ३१८।८७।

हे राजन् ! ज्ञान से मोक्ष होता है (दूसरा कोई उपाय नहीं) ।

१७२.　　　अन्तवन्ति च भूतानि गुणयुक्तानि पश्यतः ।
　　　उत्पत्तिनिधनज्ञस्य किं कार्यमवशिष्यते ।। शां० १७९।१३।।

जब सब (जड़ चेतन) पदार्थ को वे अन्त वाले हैं और (सत्त्व, रज, तम) गुणों से युक्त हैं ऐसा जान लेता है और उत्पत्ति और नाश के तत्त्व को समझ जाता है तब उस ज्ञानी के लिये क्या कर्त्तव्य शेष रह जाता है ।।

तपः

१७३. **नातप्ततपसो लोके प्राप्नुवन्ति महासुखम् । वन० २५९।१३।**

बिना तप तपे लोक में कोई भी बड़े सुख को नहीं प्राप्त होते ।

१७४. **तपसा विन्दते महत् । वन० ३१३।४८।**

तपस्या से महान् पद को प्राप्त होता है ।

१७५. **अहिंसा सत्यवचनमानृशंस्यं दमो घृणा ।**
एतत्तपो विदुर्धीरा न शरीरस्य शोषणम् ।। शां० ७९।१८।।

अहिंसा (किसी को दुःख न पहुँचाना, किसी की हत्या न करना); सत्य बोलना, (किसी के प्रति) क्रूर न होना, इन्द्रियों को वश में करना और दया करना—ज्ञानी लोग इन्हें तप कहते हैं, शरीर को उपवास आदि से सुखाना तप नहीं है ।।

१७६. **नित्यं क्रोधात् तपो रक्षेत् । शां० १८९।१०।**

क्रोध करके अपनी तपस्या का नाश न करे ।

१७७. **युगान्तेऽन्तर्हितान्वेदान् सेतिहासान्महर्षयः ।**
लेभिरे तपसा पूर्वमनुज्ञाताः स्वयम्भुवा ।। शां० २१०।१९ ।।

कल्प के अन्त में छिपे हुए इतिहास-सहित वेदों को महर्षियों ने ब्रह्मा की आज्ञा पा तपस्या-द्वारा पुनः प्राप्त किया ।।

तीर्थम्

१७८. **दुष्करं पुष्करे गन्तुं दुष्करं पुष्करे तपः ।**
दुष्करं पुष्करे दानं वस्तुं चैव सुदुष्करम् ।। वन० ८२।३९।।

पुष्कर तीर्थ को जाना दुष्कर है (अर्थात् कोई भाग्यवान् ही जाता है), पुष्कर में तप दुष्कर है, पुष्कर में दान करना दुष्कर है और पुष्कर में निवास इससे भी दुष्कर है ।।

१७९. **सर्वा नद्यः सरस्वत्यः सर्वे पुण्याः शिलोच्चयाः ।**
जाजले तीर्थमात्मैव मा स्म देशातिथिर्भव ।। शां० २६३।४०।।

हे जाजले ! सभी नदियां सरस्वती नदी का स्वरूप हैं, सभी पर्वत पावन स्थान हैं। वस्तुत: तेरा अपना आप ही तीर्थ है। तीर्थ-दर्शन की इच्छा से देशाटन मत कर ॥ मनु० (८९।२) में इसी भाव का श्लोक है—यमो वैवस्वतो देवो यस्तवैष हृदि स्थित:। तेन चेदविवादस्ते मा गङ्गां मा कुरून्गम: ॥ अर्थात् धर्मराज जो तेरे हृदय में वर्तमान है, इसके साथ यदि तेरा झगड़ा नहीं, तो गंगा अथवा कुरुक्षेत्र को तम जा (जाना व्यर्थ है ॥)

तृष्णा

१८०. **यच्च कामसुखं लोके यच्च दिव्यं महत् सुखम् ।**
तृष्णाक्षयसुखस्यैते नार्हत: षोडशीं कलाम् ॥ शां० १७६।४६॥

जो इस लोक में विषयभोग का सुख है और जो परलोक में सुराङ्गना आदि के भोग का सुख है—यह दोनों सुख तृष्णा-क्षय (चाह का मिटना) के सुख का पासंग भी नहीं हैं ॥

या दुस्त्यजा दुर्मतिभिर्या न जीर्यति जीर्यत: ।
योऽसौ प्राणान्तिको रोगस्तां तृष्णां त्यजत: सुखम् ॥ शां० १७४।५५॥

जिसे कुमति वाले लोग छोड़ नहीं सकते, जो बुढ़ापा आने पर भी बूढ़ी नही होती, जो प्राणों तक रहने वाला रोग है, उस तृष्णा को छोड़ने पर ही सुख मिलता है ॥

१८१. **यथैव शृङ्गं गो: काले वर्धमानस्य वर्धते ।**
तथैव तृष्णा वित्तेन वर्धमानेन वर्धते ॥ शां० २७६।७॥

जैसे ज्यों-ज्यों बैल बढ़ता जाता है, त्यों त्यों उसका सींग बढ़ता है, वैसे ही धन की बढ़ौती के साथ-साथ तृष्णा बढ़ती जाती है ॥

१८२. **उत्पन्नस्य रुरो: शृङ्गं वर्धमानस्य वर्धते ।**
प्रार्थना पुरुषस्येह तस्य मात्रा न विद्यते ॥ अनु० ९३।४५॥

जैसे रुरु-नामक मृग का सींग उस की शरीर-वृद्धि के साथ-साथ बढ़ता जाता है वैसे ही पुरुष की चाह बढ़ती जाती है। उस-उस प्राप्ति की चाह की कोई सीमा नहीं है ॥

त्यागः

१८३. य शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः ।
न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम् ॥ भीष्म० ४०।२३॥

जो शास्त्र के विधान का त्याग कर मन माना व्यवहार करता है, उसे न तो सफलता प्राप्त होती है, न सुख और न उत्तम गति ॥

१८४. सर्वकर्मफलत्यागं प्राहुस्त्यागं विचक्षणाः । भीष्म० ४२।२।

चतुर लोग सब कर्मों के फलों के त्याग को ही त्याग कहते हैं ।

१८५. नियतस्य तु संन्यासः कर्मणो नोपपद्यते । भीष्म० ४२।७।

नित्य कर्म (सन्ध्या-वन्दनादि) का त्याग कभी नहीं होता ।

१८६. नहि देहभृता शक्यं त्यक्तुं कर्माण्यशेषतः । भीष्म० ४२.११।

शरीर-धारी जीव कर्मों का अत्यन्त त्याग नहीं कर सकता ।

१८७. अपि चेन्महतो वित्तान्न प्रमुच्येत पूरुषः ।
नैतन्ममेति तन्मत्वा कुर्वीत प्रियमात्मनः ॥शां० २०४।२१॥

यदि पुरुष प्रत्यक्ष रूप से बड़े धन का त्याग न कर सके, तो यह मेरा नहीं है, ऐसा मान कर अपना इष्ट साधन करे ॥

१८८. नास्ति त्यागसमं सुखम् । शां० २७७।३६।

त्याग बरोबर सुख नहीं है ।

१८९. त्यज धर्ममधर्मञ्च उभे सत्यानृते त्यज ।
उभे सत्यानृते त्यक्त्वा येन त्यजसि तं त्यज । शां०३३१।४४।

धर्म और अधर्म—दोनों को त्याग दे, सत्य और असत्य—दोनों को त्याग दे । सत्य और असत्य को त्याग कर उसे भी त्याग दे जिससे इन का त्याग करता है (अर्थात् संकल्प-विकल्प-आत्मक मन को अचेतन जड़ बना दे जिससे संकल्प उठना ही रुक जाये) ॥

दण्डः

१९०. प्रतिषेद्धा हि पापस्य यदा लोकेषु विद्यते ।
तदा सर्वेषु लोकेषु पापकृन्नोपपद्यते ॥ आदि० १८०।९॥

जब लोक में पाप (दुष्टकर्म, अपराध) को (दण्ड द्वारा) रोकने वाला होता है तब कोई पापी अपराधी नहीं हो सकता ।।

१९१. **नियन्ता चेन्न विद्येत न कश्चिद् धर्ममाचरेत् । वि० ६८।४५।**

यदि कोई नियम में रखने वाला न हो तो कोई भी धर्म न करे ।

१९२. **नादण्डः क्षत्रियो भाति नादण्डो भूमिमश्नुते ।**
नादण्डस्य प्रजा राज्ञः सुखं विन्दन्ति भारत ।। शां० १४।१४।।

हे भारत दण्ड न देता हुआ राजा शोभा नहीं पाता (निस्तेज हो जाता है), न दण्ड देने वाला राष्ट्र का उपभोग नहीं कर सकता । दण्ड हीन राजा की प्रजा सुखी नहीं रहती (दुष्ट, चोर, डाकू आदि उपद्रव करते रहते हैं) ।।

१९३. **दण्डः शास्ति प्रजाः सर्वा दण्ड एवाभिरक्षति ।**
दण्डः सुप्तेषु जागर्ति दण्डं धर्मं विदुर्बुधाः ।। शां० १५।२।।

दण्ड ही प्रजाओं पर शासन करता है, दण्ड ही उनकी रक्षा करता है, दण्ड ही प्रजाओं के सोते समय चौकसी करता है, अतः दण्ड ही धर्म का स्थापक है ।।

१९४. **असंमोहाय मर्त्यानामर्थानां संरक्षणाय च ।**
मर्यादा स्थापिता लोके दण्डसंज्ञा विशांपते ।। शां० १५।१०।।

हे राजन्, प्रजायें गड़बड़ा न जायें इस लिये, धन आदि सुरक्षित हो इस लिये भी दण्ड नामक मर्यादा स्थापित की गई है ।

१९५. **यत्र श्यामो लोहिताक्षो दण्डश्चरति सूद्यतः ।**
प्रजास्तत्र न मुह्यन्ति नेता चेत् साधु पश्यति ।। शां० १५।११।।

जहाँ श्याम वर्ण, रक्ताक्ष (लाल आँखों वाला), नित्य उद्यत (तैयार) दण्ड विचरण करता है वहाँ प्रजाएँ गड़बड़ाती नहीं (सन्मार्ग को भूलती नहीं) यदि राजा न्याय को दृष्टि में रखता है ।।

१९६. **नाभीतो यजते राजन् नाभीतो दातुमिच्छति ।**
नाभीतः पुरुषः कश्चित् समये स्थातुमिच्छति ।। शां० १५।१४।।

हे राजन् ! दण्ड-भय के कारण ही पुरुष यज्ञ करता है, दण्ड-भय से ही दान देता है और दण्ड-भय से आचार की मर्यादा में ठहरता है ।।

१९७. **दण्डश्चेन्न भवेल्लोके विनश्येयुरिमाः प्रजाः ।**
शूले मत्स्यानिवापक्ष्यन् दुर्बलान्बलवत्तराः ।। शां० १५।३०।।

यदि लोक में दण्ड न हो तो ये प्रजाएँ नष्ट हो जायें। जैसे मछलियों को शिलाखों पर भूनते हैं वैसे ही दुर्बलों को बलवान् सतायें ॥

१६८. **अन्धंतम इवेदं स्यान्न प्रज्ञायेत किंचन।**
दण्डश्चेन्न भवेल्लोके विभजन्साध्वसाधुनी ॥ शां० १५।३२॥

यह सारा जगत् गाढ़ अन्धकारमय हो जाये, कुछ भी पहचाना न जाये, यदि अच्छे-बुरे का विभाजन करने वाला दण्ड न हो ॥

१६६. **महादण्डश्च तस्य स्याद्यस्याग्निर्वै दिवा भवेत्। शां० ६६।५०।**

राजा उसको उग्र दण्ड दे जिसके घर दिन में आग जले।

२००. **आदीपकस्य स्तेनस्य वर्णसंकरिकस्य च।**
सम्यक् प्रणयतो दण्डं भूमिपस्य विशां पते ॥
..................धर्म एव हि शाश्वतः ॥ शां० ८५।२२-२३॥

(दूसरे के गृह आदि को) आग लगाने वाले को, चोर को और वर्ण-संकर (ऊंच-नीच वर्णों के मिश्रण मेल) से उत्पन्न हुए को विधिवत् दण्ड देने वाला राजा अपने अटल धर्म का ही आचरण करता है ॥

दण्ड-नीतिः

२०१. **मज्जेत त्रयी दण्डनीतौ हतायाम्। शां० ६३।२८।**

दण्ड नीति के नष्ट होने पर वेदत्रयी नष्ट हो जाये (अर्थात् ऋक्, यजुः, साम संहिताओं का अध्ययनाध्यापन=पढ़ना-पढ़ाना और यज्ञ-यागादि का अनुष्ठान करना सब समाप्त हो जाये)।

२०२. **दण्डनीतिः स्वधर्मेभ्यश्चातुर्वर्ण्यं नियच्छति।**
प्रयुक्ता स्वामिना सम्यग् अधर्मेभ्यो नियच्छति ॥ शां० ६६।७६॥

दण्ड-नीति चारों वर्णों को अपने-अपने धर्मों में जोड़ती है और अधर्मों से रोकती है, यदि राजा इसका ठीक प्रयोग करे ॥

२०३. **लोकस्य सीमान्तकरी मर्यादा लोकभाविनी।**
सम्यङ् नीता दण्डनीतिर्यथा माता यथा पिता ॥ शां० ६६।१०३॥

ठीक ढंग से चलाई हुई दण्डनीति व्यवस्था करती है, लोक-वृद्धि करने वाली मर्यादा होती है। माता की तरह हितकारिणी और पिता की तरह पालिका होती है ॥

दरिद्रः

(निर्धन, गरीब)

२०४. सम्पन्नमेवान्नं दरिद्रा भुञ्जते सदा।
क्षुत्स्वादुतां जनयति सा चाढ्येषु सुदुर्लभा॥ उ० ३४।५०॥

दरिद्र नित्य ही स्वादु भोजन करते हैं। भूख भोजन को मीठा बना देती है और वह (भूख) धनियों में होती नहीं॥

२०५. श्रीर्हता पुरुषं हन्ति पुरुषस्याधनं वधः। उ० ७२।१९।

जब लक्ष्मी नष्ट हो जाती है तब मनुष्य का नाश हो जाता है। दरिद्रता मनुष्य का मरण है।

२०६. अधनाद्धि निवर्तन्ते ज्ञातयः सुहृदो द्विजाः।
अपुष्पादफलाद् वृक्षाद्यथा तात पतत्त्रिणः॥उ० ७२।२०॥

हे प्यारे! धनहीन पुरुष से भाई-बन्धु, मित्रजन तथा ब्राह्मण ऐसे पराङ्-मुख हो जाते हैं जैसे फूल और फल से रहित वृक्ष से पक्षी लौट जाते हैं॥

२०७. दारिद्र्यमिति यत्प्रोक्तं पर्यायमरणं हि तत्। उ० १३४।१३।

दरिद्रता मृत्यु का दूसरा नाम है।

२०८. अभिशस्तं प्रपश्यन्ति दरिद्रं पार्श्वतः स्थितम्। शां० ८।१४।

पास में खड़े दरिद्र को दुष्ट कर्म से दूषित समझते हैं अर्थात् नहीं चाहते कि हमारे पास भी खड़ा हो।

२०९. पतितः शोच्यते राजन् निर्धनश्चापि शोच्यते।
विशेषं नाधिगच्छामि पतितस्याधनस्य च॥ शां० ८।१५॥

हे राजन् पतित (धर्म से भ्रष्ट) शोचनीय होता है और निर्धन भी। पतित और निर्धन में कोई भेद नहीं दीखता॥

२१०. आकिञ्चन्ये च राज्ये च विशेषः सुमहानयम्।
नित्योद्विग्नो हि धनवान् मृत्योरास्यगतो यथा॥ शां० १७०।११॥

अकिञ्चन (अपरिग्रह, जिस के पास कुछ भी नहीं) और राजा (ऐश्वर्य-वान्)—इन में यह महान् भेद है—धनवान् सदा अशान्त रहता है, मानो मृत्यु के मुख में पड़ा है। (अकिञ्चन सुख की नींद सोता है)।

दानम्

२११. देयमार्तस्य अयनं श्रितश्रान्तस्य चासनम्।
तृषितस्य च पानीयं क्षुधितस्य च भोजनम् ॥ वन० २।५५॥

पीडित को स्थान, आश्रय चाहने वाले और थके हुए को आसन, प्यासे को पानी तथा भूखे को भोजन दे ॥

२१२. आरूढपतिते दानम् (न देयम्) । वन० २००।६॥

जो आजीवन ब्रह्मचर्य का व्रतधारण कर उससे पतित हो गया हो वह निन्दित होने से दान का पात्र नहीं है ।

२१३. दानान्न दुष्करतरं पृथिव्यामस्ति किञ्चन । वन० २५९।२८।

पृथिवी पर दान से ज्यादा मुश्किल कोई चीज़ नहीं है ।

२१४. न्यायागतस्य द्रव्यस्य बोद्धव्यौ द्वावतिक्रमौ ।
अपात्रे प्रतिपत्तिश्च पात्रे चाप्रतिपादनम् ॥ उ० ३३।५९॥

नेकी से कमाये हुए धन के दो दुरुपयोग हैं—अयोग्य को देना और योग्य को न देना ॥

२१५. दातव्यमिति यद् दानं दीयतेऽनुपकारिणे ।
देशे काले च पात्रे च तद्दानं सात्त्विकं विदुः ॥ भीष्म० ।४१।२०॥

देना चाहिये इस बुद्धि से जो दान देश, काल और पात्र का विचार करके अनुपकारी (जिसने तुम्हारा पहले उपकार नहीं किया है) को दिया जाता है, उसे सात्त्विक दान कहते हैं ॥

२१६. सदैव याचमानेषु तथा दम्भान्वितेषु च ।
एतेषु दक्षिणा दत्ता दावाग्नाविव दुर्हुतम् ॥ शां० १८।२५॥

जो नित्य माँगते रहते हैं (जो भिखारी हैं) और जो दम्भी हैं (अर्थात् दिखावे के लिये, पर वञ्चनार्थ धर्माचरण करते हैं) उन्हें दान देना ऐसा ही व्यर्थ है जैसा जंगल की आग में घृत की हवि डालना ॥

२१७. ये स्वधर्मादपेतेभ्यः प्रयच्छन्त्यल्पबुद्धयः ।
शतं वर्षाणि ते प्रेत्य पुरीषं भुञ्जते जनाः ॥ शां० २६।२९॥

जो मूर्ख लोग धर्म-भ्रष्ट जनों को दान देते हैं वे मरने के पीछे परलोक में सौ वरस तक विष्ठा खाते हैं ॥

२१८. काष्ठैरार्द्रैर्यथा वह्निरुपस्तीर्णो न दीप्यते ।
तपः स्वाध्यायचारित्रैरेवं हीनः प्रतिग्रही ॥ शां० ३६।४१॥

जिस प्रकार गीले ईंधन से ढकी हुई अग्नि प्रज्वलित नहीं होती उसी प्रकार तपश्चर्या वेदाध्ययन तथा चरित्र से हीन दान लेने वाला नहीं चमकता (अर्थात् तेजहीन हो जाता है)॥

२१९. असम्यक् चैव यद्दत्तमसम्यक् चैव प्रतिग्रहः ।
यथा खदिरमालम्ब्य शिलां वाप्यर्णवं तरन् ॥
मज्जेत मज्जतस्तद्वद् दाता यश्च प्रतिग्रही । शां० ३६।३९,४१॥

विधि-रहित दान देना और दान लेना—इन दोनों कर्मों को करने वाले दोनों दाता और प्रतिग्रही ऐसे डूबते हैं जैसे कोई खैर की लकड़ी या शिला पर चढ़कर समुद्र में तैरता हुआ डूबता है ॥

२२०. न वै देयमनुक्रोशाद् दीनार्तातुरकेष्वपि ।
आप्ताचरितमित्येव धर्म इत्येव वा पुनः ॥ शां० ३६।४४॥

दीन-दरिद्र (क्षीण) तथा वीमार को भी तरस करते हुए (यह वेचारा दया के योग्य है इस भाव से) नहीं देना चाहिये किन्तु इसलिये कि आप्त (सत्यवादी धार्मिक पुरुष) ऐसा करते हैं अथवा इसलिये कि ऐसा करना धर्म है ॥ (कारण कि तरस से दिया हुआ दान लेने वाले को ऊँचा नहीं उठाता, उससे वह अपने आप को और तुच्छ समझता है)।

२२१. यथा हुतमनग्नौ स्यात् तथा दानं निराकृतौ। शां० ३६।४८।

स्वाध्याय-हीन व्राह्मण को दान देना ऐसे है जैसे भस्म में आहुति ।

२२२. न दद्याद् यशसे दानं न भयान्नोपकारिणे। शां० ३७।२९।

यश की इच्छा से दान न दे और न ही पूर्वोपकारी को (क्यों कि वह वदला चुकाने के समान होगा, पुण्य कुछ भी नहीं)।

२२३. छत्रं वेष्टनमौशीरमुपानद् व्यजनानि च ।
यातयामानि देयानि शूद्राय परिचारिणे ॥ शां० ६०।३२-३३॥

छाता, खसखस की वनी हुई छत (छप्पर), जूता, पंखा—जब ये पुराने हो जायें तो अपने सेवक शूद्र को दे दे ॥

२२४. दानमेव हि सर्वत्र सान्त्वेनानभिज्वलितम् ।
न प्रीणयति भूतानि निर्व्यञ्जनमिवाशनम् ।। शां० ८४।७।।

जो दान मधुरता से सुशोभित नहीं वह (लेने वाले) प्राणियों को प्रसन्न नहीं करता जैसे दही आदि संस्कारक द्रव्य से रहित भोजन ।

२२५. शुभेन विधिना लब्धमर्हाय प्रतिपादयेत् ।
क्रोधमुत्सृज्य दद्याच्च नानुतप्येन्न कीर्तयेत् ।। शां० ३०९।१३।।

शुभ विधि से प्राप्त धन को पात्र को दे । क्रोध न करते हुए दे और देकर पश्चात्ताप न करे और न दूसरों को बतलाये ।।

२२६. दानं हि महती क्रिया । अनु० ९।२६।

दान निश्चय ही एक महान् कर्म है ।

२२७. दत्तं मन्येत यद् दत्त्वा तद् दानं श्रेष्ठमुच्यते । अनु० ५९।४।

जव देकर यह समझे कि मैंने दे दिया (अव मेरा इसके साथ कुछ सम्बन्ध नहीं) वही श्रेष्ठ दान कहा जाता है ।।

२२८. ये शूरा निहता युद्धे स्वर्याता रणगृद्धिनः ।
सर्वे ते विबुधश्रेष्ठ नातिक्रामन्ति भूमिदम् ।। अनु० ६२।५७।।

जो शूरवीर नित्य युद्ध में उत्सुक लड़ते हुए स्वर्गवास को प्राप्त होते हैं, वे सब भूमिदान करने वाले से नहीं बढ़ते ।।

२२९. तुल्यनामानि देयानि त्रीणि तुल्यफलानि च ।
सर्वकामफलानीह गावः पृथ्वी सरस्वती ।। अनु० ६९।४।।

तीन पदार्थ समान-नाम (गो-नाम) वाले, समान फल वाले और सब कामनाओं को देने वाले—गौ, पृथ्वी और विद्या देने चाहियें ।।

२३०. असुर्या नाम ते लोका गां दत्त्वा तत्र गच्छति ।
पीतोदकां जग्धतृणां नष्टक्षीरां निरिन्द्रियाम् ।। अनु० ७७।५।।

असुरों के वे लोक हैं जहां ऐसी गौ का दान करके जाता है, जिस ने जो पानी पीना था पी चुकी, जिस ने जो घास खानी थी खा चुकी, जो दूध नहीं देती और जिस की इन्द्रियाँ शिथिल हो गई हैं ।।

२३१. राजप्रतिग्रहो राज्ञां मध्वास्वादो विषोपमः । अनु० ९३।३४।

राजा से लिया हुआ दान विष (ज़हर) की तरह है जो चखने में शहद की तरह मीठा है ।

२३२. दानेन भोगी भवति । अनु० १६३।१२।

दान देने से ऐश्वर्य का भोग करता है ।

दुःखम्

२३३. अर्थेप्सुता परं दुःखमर्थप्राप्तौ ततोऽधिकम् ।
जातस्नेहस्य चार्थेषु विप्रयोगे महत्तरम् । आदि० १५७।२४।।

लौकिक पदार्थों की चाह बड़ा दु.ख है, इन की प्राप्ति होने पर इस से भी बड़ा (रक्षा आदि की चिन्ता से)। इनमें आसक्ति (लग्न) होने पर पीछे वियोग होने पर और सबसे अधिक ।।

२३४. तदाशुप्रतिकाराच्च सततं चाविचिन्तनात् ।
आधिव्याधिप्रशमनं क्रियायोगद्वयेन तु ।। वन० २।२३।।

तत्काल चिकित्सा करने से अथवा चिन्तन न करने से, इन दो उपायों से शारीरिक व मानसिक दुःख की शान्ति हो जाती है ।।

२३५. मानसेन हि दुःखेन शरीरमुपतप्यते ।
अयःपिण्डेन तप्तेन कुम्भसंस्थमिवोदकम् ।। वन० २।२५।।

मन के दुःख से शरीर रोगी हो जाता है, जैसा कि तपे हुए लोहे के गोले से घड़े में पड़ा हुआ जल ।।

२३६. अप्रियैः सह संवासः प्रियैश्चापि विनाभवः ।
असद्भिः संप्रयोगश्च तद् दुःखं चिरजीविनाम् ।। वन० १९३।१८।।

चिरतक जीने वालों को, जो अपने प्यारे नही हैं उनके साथ संग, जो प्यारे हैं उनसे वियोग और दुर्जनों से मेल—यह दुःख भोगना होता है ।।

२३७. प्रज्ञया मानसं दुःखं हन्याच्छारीरमौषधैः । वन० २१६।१७।

बुद्धि से (विचार से) मन के दुःख को दूर करे और शरीर के दुःखों को औषध (दवाई) से ।

२३८. द्वाविमौ कण्टकौ तीक्ष्णौ शरीरपरिशोषिणौ।
यश्चाधनः कामयते यश्च कुप्यत्यनीश्वरः ।। उ० ३३।५६।

ये दो तेज कांटे शरीर को सुखा देने वाले हैं—निर्धन है पर चाहता है कि मुझे अमुक-अमुक पदार्थ मिले। क्रोध करता है पर (बदला लेने में) असमर्थ है ।।

२३९. य ईर्ष्युः परवित्तेषु रूपे वीर्ये कुलान्वये।
सुखे सौभाग्यसत्कारे तस्य व्याधिरनन्तकः ।। उ० ३४।४२।।

जो दूसरों के धन, रूप, शक्ति, कुल, सुख, सौभाग्य और सत्कार को देखकर जलता है उसके रोग का कभी अन्त नहीं होता।

२४०. दुःखं हि मृत्युर्भूतानाम्। अनु० ११७।१४।

प्राणियों के लिए मृत्यु बड़ा दुःख है।

२४१. भैषज्यमेतद् दुःखस्य यदेतन्नानुचिन्तयेत्। स्त्री० २।२७।

दुःख का चिन्तन न करना ही इलाज है।

२४२. अनिष्टसम्प्रयोगाच्च विप्रयोगात् प्रियस्य च।
मनुष्या मानसैर्दुःखैर्युज्यन्ते येऽल्पबुद्धयः।। स्त्री० २।२८।

थोड़ी बुद्धी वाले लोग विप्रिय (जो प्यारा नहीं) के साथ संग से और प्रिय के वियोग से मानसिक दुःख को प्राप्त होते हैं।।

दुर्जनः

२४३. अहो बत महत्कष्टं विपरीतमिदं जगत्।
येनापत्रपते साधुरसाधुस्तेन तुष्यति।। वन० २।६४।।

कितने बड़े दुःख की बात है, यह जगत् उलटा-पुलटा है। जिस कर्म के करने में सज्जन लजाता है उसी से दुर्जन प्रसन्न होता है।।

२४४. श्रियं ह्यविनयो हन्ति। उ०३४।१२।

अविनय (विनय का अभाव, धृष्टता, ढीठपन) श्री (शोभा, लक्ष्मी) का नाश कर देता है।

२४५. अकस्मादिव कुप्यन्ति प्रसीदन्त्यनिमित्ततः ।
शीलमेतदसाधूनामभ्रं पारिप्लवं यथा ॥ उ० ३६।४१॥

विना कारण कोप करना, विना कारण प्रसन्न होना—यह दुर्जनों का स्वभाव है । वादल की तरह उन का मन चञ्चल होता है ॥

दुर्बलः

२४६. यः कृशार्थः कृशगवः कृशभृत्यः कृशातिथिः ।
स वै राजन्कृशो नाम न शरीरकृशः कृशः ॥ शां० ८।२४॥

जो थोड़े धन वाला है, जिसके पास थोड़ी गौएँ हैं, जिसके हाँ थोड़े ही अतिथि आते हैं, हे राजन्, वह सचमुच कृश (दुर्वल) है । जो शरीर में पतला-दुवला है, वही नहीं ॥

२४७. दुर्बलस्य च यच्चक्षुर्मुनेराशीविषस्य च ।
अविषह्यतमं मन्ये मा स्म दुर्बलमासदः ॥ शां० ९१।१४॥

दुर्वल (कमजोर) की आँख, मुनि की आँख, साँप की आँख का जलाने वाला तेज सहा नहीं जाता, अतः दुर्वल को मत दबाओ ।

२४८. अबलस्य कुतः कोशो ह्यकोशस्य कुतो बलम् ।
अबलस्य कुतो राज्यमराज्ञः श्रीः कुतो भवेत् ॥ शां० १३३।४॥

दुर्वल (राजे) को कोश कहाँ, कोश-हीन को वल कहाँ, बल-हीन को राज्य कहाँ और राज्य-हीन को लक्ष्मी कहाँ ॥

देवता

२४९. यस्मै देवाः प्रयच्छन्ति पुरुषाय पराभवम् ।
बुद्धिं तस्यापकर्षन्ति सोऽवाचीनानि पश्यति ॥ उ० ३४।८१॥

देवता जिसका पराभव (नाश) चाहते हैं उसकी बुद्धि को हर लेते हैं, जिससे वह अधम कार्यों और अर्थों को ही देखता है उत्तमों को नहीं ॥

२५०. न देवा दण्डमादाय रक्षन्ति पशुपालवत् ।
यं तु रक्षितुमिच्छन्ति बुद्ध्या संविभजन्ति तम् ॥ उ० ३५।४०॥

देवता पशुपाल (पशुओं का रखवाला) की तरह डंडा लेकर रक्षा नहीं करते हैं । जिसकी रक्षा करना चाहते हैं उसे सद् बुद्धि से युक्त कर देते हैं ॥

दैवम्

२५१. न दिष्टमर्थमत्येतुमीशो मर्त्यः कथंचन । वन० १३५।५५।

भाग्य से प्राप्त अर्थ (विपत्ति आदि) से मनुष्य किसी तरह भी बच नहीं सकता ।

२५२. दैवोपसृष्टः पुरुषो यत्कर्म कुरुते क्वचित् ।
कृतं कृतं हि तत् कर्म दैवेन विनिपात्यते ॥ द्रोण० १५२।२६॥

दुर्दैव-ग्रस्त (भाग्यहीन) पुरुष जो कर्म कहीं करता है बने बनाये उस कर्म को दैव नष्ट कर देता है ॥

२५३. दैवं प्रमाणं सर्वस्य सुकृतस्येतरस्य वा ।
अनन्य-कर्म दैवं च जागर्ति स्वपतामपि ॥ द्रोण० १५२।३२॥

(हमारे) पुण्य-पाप कर्मों में दैव (पूर्व जन्म-कृत कर्म) ही प्रमाण है । हम सब के सोते हुए भी दैव और कुछ न करता हुआ जागता रहता है ॥

२५४. यं भारं पुरुषो वोढुं मनसा हि व्यवस्यति ।
दैवमस्य ध्रुवं तत्र साहाय्यायोपपद्यते ॥ द्रोण० १५८।२७-२८॥

जिस भार को उठाने का मनुष्य मन से निश्चय करता है, उसके उठाने में दैव निश्चय ही सहायता के लिये पहुंच जाता है ॥

२५५. कृते पुरुषकारे तु येषां कार्यं न सिध्यति ।
दैवेनोपहतास्ते तु नात्र कार्या विचारणा ॥ सौ० २।३५॥

उद्यम करने पर भी जिनका कार्य सिद्ध नहीं होता, वे निश्चय ही दुर्दैव-ग्रस्त है । इसमें कुछ भी विचार करने की बात नहीं ॥

२५६. सन्ति पुत्राः सुबहवो दरिद्राणामनिच्छताम् ।
नास्ति पुत्रः समृद्धानां विचित्रं विधिचेष्टितम् ॥ शां० २८।२४॥

न चाहते हुए भी निर्धनों के बहुत पुत्र होते हैं, धनियों के कोई पुत्र नहीं होता। विधाता की चेष्टा विचित्र है ॥

२५७. **यथा नियुक्तो स्मि तथा करोमि**
भूतानि सर्वाणि विधिर्नियुङ्क्ते। शां० १६७।४७।

जिस कर्म में लगाया जाता हूं वही करता हूं। दैव प्राणियों को वलात् (जबरदस्ती से) नियुक्त करता है।

२५८. **बुद्धिमन्तं च शूरं च मूढं भीरुं जडं कविम्।**
दुर्बलं बलवन्तं च भागिनं भजते सुखम् ॥ शां० १७४।३१॥

चाहे बुद्धिमान् हो, शूर हो, मूढ़ (विवेक-हीन) हो, डरपोक हो, जड़, (अत्यन्त मूर्ख) हो अथवा कवि, दुर्वल हो अथवा वलवान्, सुख तो भाग्यवान् को ही प्राप्त होता है ॥

२५९. **कृतः पुरुषकारस्तु दैवमनुवर्तते। अनु० ६।२२।**

उद्यम किया हुआ दैव के अनुकूल ही फल देता है।

२६०. **नूनं दैवं न शक्यं हि पौरुषेणातिवर्तितुम्। अनु० २६।१६।**

यह निश्चित है कि उद्यम द्वारा दैव को लांघा नहीं जा सकता।

धनम्

२६१. **दत्तभुक्तफलं धनम्। सभा० ५।११२।**

धन के दो ही फल हैं—भोग किया जाये या दिया जाये।

२६२. **यथाऽऽमिषमाकाशे पक्षिभिः श्वापदैर्भुवि।**
भक्ष्यते सलिले मत्स्यैस्तथा सर्वत्र वित्तवान् ॥ वन० २।४०॥

जिस प्रकार मांस को पक्षी आकाश में खाते हैं, भूमि पर हिंस्र पशु खाते हैं, और जल में मच्छ खाते हैं, इसी प्रकार धनी को (दूसरे राजादि) सर्वत्र खाते हैं।

२६३. **प्रध्वंसिनी क्रूर-समाहिता श्रीः।**
मृदु प्रौढा गच्छति पुत्रपौत्रान्। उ० ३६।७१।

निर्दय पुरुष में आई हुई लक्ष्मी नष्ट हो जाती है, पर वह मृदु (कोमल) स्वभाव वाले से धारण की हुई पुत्र पौत्रों तक जाती है ।

२६४. **अर्थस्य पुरुषो दासो दासस्त्वर्थो न कस्यचित् । भीष्म० ४३।४१।**

(यह भीष्मपितामह की उक्ति है) पुरुष धन का दास है, धन किसी का दास नहीं । (अर्थात् कौरवों ने मुझे धन से खरीद लिया है, मैं उन का अन्न खाता हूँ अतः उन के पक्ष में लड़ूंगा) ।

२६५. **रागो योगस्तथा दाक्ष्यं नयश्चेत्यर्थसाधकाः । कर्ण० १०।१२।**

राग (स्वामी-भक्ति), योग (योग्य देश व काल की प्राप्ति), दाक्ष्य (कार्य करने का सामर्थ्य) और नय (नीति)—ये कार्य-सिद्धि के कारण हैं ।

२६६. **अध्रुवा सर्वमर्त्येषु श्रीरुपलक्ष्यते भृशम् । शल्य० ६५।२०।**

यह देखा जाता है कि मनुष्यों की लक्ष्मी (सम्पत्ति) स्थिर नहीं ।

२६७. **धर्मं स हरते तस्य धनं हरति यस्य सः । शां० ८।१३।**

जो जिस के धन को छीनता है वह उसके धर्म को छीनता है (कारण कि यज्ञ-याग आदि का साधन धन ही तो है) ।

२६८. **अर्थाद् धर्मश्च कामश्च स्वर्गश्चैव नराधिप ।**
प्राणयात्रापि लोकस्य विना ह्यर्थं न सिध्यति ।। शां० ८।१७।।

धन से ही धर्म और काम की सिद्धि होती है और धन से ही (धन-द्वारा याग आदि की सामग्री जुटाने से) स्वर्ग की प्राप्ति होती है । यहाँ तक कि जीवन-निर्वाह भी धन के बिना नहीं हो सकता ।।

२६९. **अर्थेन हि विहीनस्य पुरुषस्याल्पमेधसः ।**
व्युच्छिद्यन्ते क्रियाः सर्वा ग्रीष्मे कुसरितो यथा ।। शां० ८।१८।।

धन हीन मूर्ख पुरुष की सभी चेष्टायें ऐसे नष्ट हो जाती हैं जैसे गरमी में छोटी नदियाँ सूख जाती हैं ।।

२७०. **यस्यार्थास्तस्य मित्राणि यस्यार्थास्तस्य बान्धवाः ।**
यस्यार्थाः स पुमाँल्लोके यस्यार्थाः स च पण्डितः ।। शां० ८।१९।।

जिसके पास धन है उसी के मित्र हैं, जिसके पास धन है उसी के बन्धु हैं, जिसके पास धन है वही पुरुष है (पुरुषार्थ करने में समर्थ है)। जिसके पास धन है वही बुद्धिमान् है ॥

२७१. **धनाद्धि धर्मः स्रवति शैलादधि नदी यथा। शां० ८।२३।**

धन से धर्म ऐसे उपजता है जैसे पर्वत से नदी।

२७२. **नाच्छित्त्वा परमर्माणि नाकृत्वा कर्म दारुणम्।**
नाहत्वा मत्स्यघातीव प्राप्नोति महतीं श्रियम्॥ शां० १५।१४॥

बिना दूसरों के मर्मों (जीव-स्थानों) को काटे, बिना अतिक्रूर कर्म किये, बिना मछुए की तरह (मछलियों की) प्राण-हत्या किये कोई भी बड़ी सम्पत्ति को नहीं जुटा सकता ॥

२७३. **ये वित्तमभिपद्यन्ते सम्यक्त्वं तेषु दुर्लभम्। शां० २६।२०।**

जो धन को प्राप्त होते हैं उन में साधुता कहाँ।

२७४. **लब्धानामपि वित्तानां बोद्धव्यौ द्वावतिक्रमौ।**
अपात्रे प्रतिपत्तिश्च पात्रे चाप्रतिपादनम्॥ शां० २६।३१॥

प्राप्त हुए धन के दो दोष हैं—पात्र को न देना और अपात्र को देना ॥

२७५. **ककुदं सर्वभूतानां धनस्थो नात्र संशयः। शां० ८८।३०।**

सभी प्राणियों में धनी श्रेष्ठ है।

२७६. **धनानामेष वै पन्थास्तीर्थेषु प्रतिपादनम्। शां० २७०।५।**

धन के खर्च का एक ही रास्ता है कि इसे पात्रों को दे दिया जाये।

२७७. **धनेन किं यन्न ददाति नाश्नुते। शां० ३२१।९३।**

उस धन से क्या जो न दिया जाता है और न भोगा जाता है।

धर्मः

२७८. **न व्याधयो नापि यमः प्राप्तुं श्रेयः प्रतीक्षते।**
यावदेव भवेत्कल्पस्तावच्छ्रेयः समाचरेत्॥ सभा० ५६।१०॥

न रोग प्रतीक्षा करते हैं और न यम (अन्तक, मृत्यु) प्रतीक्षा करता है कि इसने अपना कल्याण साधा है या नहीं । अतः जब तक समर्थ (स्वस्थ) हो तब तक श्रेय (धर्म) का आचरण करे ॥

२७९. **धर्म एव प्लवो नान्यः स्वर्गं द्रौपदि गच्छताम् । वन० ३१।२४।**

हे द्रुपद पुत्री ! स्वर्ग को जाना चाहते हुए लोगों के लिये धर्म के सिवाय दूसरा तरण-साधन (नाव) नहीं है ।

२८०. **न धर्मफलमवाप्नोति यो धर्मं दोग्धुमिच्छति ।**
यश्चैनं शङ्कते कृत्वा नास्तिक्यात्पापचेतनः ।। वन० ३१।६।।

जो धर्म को दोहना चाहता है (धर्माचरण द्वारा नाना प्रयोजनों को सिद्ध करना चाहता है) वह धर्म के फल (पुण्य) को प्राप्त नहीं होता और जो कुबुद्धि धर्म करके श्रद्धा के न होने से शङ्का करता है, वह भी ।।

२८१. **न फलादर्शनाद् धर्मः शङ्कितव्यो न देवताः । वन० ३१।३८।**

धर्माचरण के फल को न देखकर न धर्म के विषय में शंका करे (कि धर्म कोई चीज़ नहीं) और न (फल देने वाले) देवताओं के विषय में कि (देवता नहीं हैं) ।

२८२. ✓ **धर्मं यो बाधते धर्मो न स धर्मः कुवर्त्म तत् । वन० १३१।१०।**

जो एक धर्म दूसरे धर्म का विरोधी हो (उसके पालन में रुकावट करे) वह धर्म नहीं, कुमार्ग है ।

२८३. **अविरोधात्तु यो धर्मः स धर्मः सत्यविक्रम । वन० १३१।११।**

हे सच्चे वीर ! जहां एक धर्म का दूसरे से विरोध न हो वही धर्म है

२८४. **आरम्भो न्याययुक्तो यः स हि धर्म इति स्मृतः । वन० २०७।७७।**

जो आचरण न्याय-युक्त है वह धर्म है ऐसा स्मृतिकार कहते हैं ।

२८५. **आनृशंस्यं परो धर्मः । वन० २१३।३०।**

दया परम धर्म है ।

२८६. **भवन्ति भेदा ज्ञातीनां कलहाश्च वृकोदर ।**
प्रसक्तानि च वैराणि कुलधर्मो न नश्यति ।। वन० २४३।२।।

हे भीम, भाई बन्धुओं में फूट भी होती है, लड़ाई झगड़ा भी होता है, लगातार वैर भी होता है, पर समान कुलाचार बना रहता है ॥

२८७. **धर्मनित्यास्तु ये के चिन्न ते सीदन्ति कर्हिचित् । वन० २६३।४४।**

जो धर्म परायण हैं वे संकट को नहीं प्राप्त होते ।

२८८. **अर्थसिद्धिं परामिच्छन् धर्ममेवादितश्चरेत् ।**
नहि धर्मादपैत्यर्थः स्वर्गलोकादिवामृतम् ॥ उ० ३७।४८॥

अर्थ सिद्धि को चाहने वाला पहले धर्म को ही करे। धर्म से अर्थ जुदा नहीं रह सकता, जैसे स्वर्ग को छोड़कर अमृत ।

२८९. **धारणाद्धर्म इत्याहु धर्मो धारयते प्रजाः ।**
यत्स्याद् धारणसंयुक्तं स धर्म इति निश्चयः ॥ कर्ण० ६९।५८॥

धर्म प्रजाओं को धारण करता है, इसीलिये उसे धर्म कहते हैं । जो भी कर्म (कड़ी से कड़ी विपत्ति में) धारण करने की (डिगने से बचाने की) शक्ति रखता है, वह धर्म है । ऐसा निश्चय है ।

२९०. **स एव धर्मः सोऽधर्मो देशकाले प्रतिष्ठितः ।**
आदानमनृतं हिंसा धर्मो ह्यावस्थिकः स्मृतः ॥ शां० ३६।११॥

जो धर्म है वही देश काल के भेद से अधर्म हो जाता है, ऐसे ही चोरी झूठ और हिंसा अधर्म होते हुए भी धर्म बन जाते हैं । धर्म अवस्था के अनुसार बदलता है ॥

२९१. **सत्येन हि स्थितो धर्म उपपत्त्या तथाऽपरे ।**
साध्वाचारतया के चित्तथैवौपयिकादपि ॥ शां० १००।२॥

सत्य के बल पर (=क्षात्र धर्म के सहारे) धर्म ठहरता है । दूसरों का मत है कि उपपत्ति (=मृत्यु विषयक निश्चय) पर धर्म आधृत है । कोई धर्म को सदाचार पर ठहरा मानते हैं और दूसरे कोई भय के कारण जो प्रवृत्ति होती है उसे धर्म कहते हैं ॥

२९२. **अहेरिव हि धर्मस्य पदं दुःखं गवेषितुम् । शां० १३२।२०।**

साँप के पाओं की तरह धर्म का पद (=स्वरूप) ढूंढना मुश्किल है ।

२९३. **लोकयात्रामिहैके तु धर्ममाहुर्मनीषिणः । शां० १४२।१९।**

कोई विचारशील लोग जीवन-निर्वाह के साधन को धर्म कहते हैं ।

२९४. **पुलाका इव धान्येषु पुत्तिका इव पक्षिषु ।**
तद्विधास्ते मनुष्याणां येषां धर्मो न कारणम् ।। शां० १८१।७।।

जो सुखादि के हेतुभूत धर्म का सेवन नहीं करते धान्यों में पुलाक (—दाना जो भूमि के अन्दर की गर्मी से सूख जाता है) की तरह व्यर्थ हैं अथवा कीट-पतङ्गों में मच्छर की तरह निष्प्रयोजन हैं ।।

२९५. **मानसं सर्वभूतानां धर्ममाहुर्मनीषिणः ।**
तस्मात्सर्वभूतेषु मनसा शिवमाचरेत् ।।

सव प्राणियों का मन धर्म का उत्पत्ति स्थान है । अतः सव प्राणियों का मन से शुभ चिन्तन करे ।।

२९६. **एक एव चरेद् धर्मं नास्ति धर्मे सहायता । शां० १९३।३२।**

अकेला ही धर्म का आचरण करे । धर्म में कोई साथी नहीं होता ।

२९७. **द्वाविमावथ पन्थानौ यत्र वेदाः प्रतिष्ठिताः ।**
प्रवृत्तिलक्षणो धर्मो निवृत्तिश्च विभाषितः ।। शां० २४१।६।

दो ही मार्ग हैं जहाँ वेद प्रतिष्ठित हैं (जमे हुए हैं) जिन की निश्चित रूप से स्थापना करते हैं—धर्म जिस का स्वरूप प्रवृत्ति है (वेदविहित कर्मों का अनुष्ठान), दूसरा वह जो आत्मज्ञान होने पर कर्म-निवृत्ति (कर्म-त्याग) -रूप है ।।

२९८. **न धर्मः परिपाठेन शक्यो भारत वेदितुम् । शां० २६०।३।**

केवल वेद पाठ से धर्म का स्वरूप नहीं जाना जाता ।

२९९. **कारणाद् धर्ममन्विच्छेन्न लोकचरितं चरेत् । शां० २६२।५३।**

हेतु से (जिससे प्राणियों को अभय प्राप्त हो) धर्म को जाने । लोकाचार का अन्धाधुन्ध अनुसरण न करे ।

३००. **न धर्मात् परो लाभः । अनु० १०६।६५।**

धर्म से वड़ा लाभ नहीं है ।

३०१. ....धर्म एकोऽनुगच्छति ।

तस्माद् धर्मः सहायश्च सेवितव्यः सदा नृभिः ।। अनु० १११।१४-१५।

धर्म ही अकेला साथ जाता है अतः पुरुष साथी चाहता हुआ नित्य धर्म का सेवन करे ।।

३०२. यो हि यस्मिन्रतो धर्मे स तं पूजयते सदा ।

तेन नोऽविहिता बुद्धिर्मनश्च बहुलीकृतम् ।। आश्व० ४९।१४-१५।।

जिस धर्म में जो रम रहा है वह उस को बहुत मानता है । इस कारण हमारी अशिक्षित बुद्धि और मन (धर्म के स्वरूप के विषय में) कुछ निश्चय नहीं कर पाते अर्थात् नाना विकल्प उठते हैं ।।

३०३. ऊर्ध्वबाहुर्विरौम्येष न च कश्चिच्छृणोति मे ।

धर्मादर्थश्च कामश्च स किमर्थं न सेव्यते ।। स्वर्गा० ५।६२।।

धृतिः

(धीरज)

३०४. धृत्या द्वितीयवान् भवति । वन० २९७।२९।

धीरज मानो दूसरा साथी है ।

३०५. धृतिर्नाम सुखे दुःखे यया नाप्नोति विक्रियाम् । शां० १६२।१९।

धीरज वह गुण है जिसके कारण मनुष्य के मन में विकार नहीं होता (अर्थात् मन में गिरावट नहीं आती) ।

नारी

३०६. सुसंरब्धोपि रामाणां न ब्रूयादप्रियं वचः ।

रतिं प्रीतिं च धर्मं च तास्वायत्तमवेक्ष्य हि ।। आदि० ७४।५१।।

[illegible] कुपित होने पर भी स्त्रियों के प्रति कटु वचन न वोले यह देख कर कि भोग, प्रीति, धर्म इन्हीं के अधीन हैं ।

३०७. पतिं विना मृतं श्रेयो नार्याः क्षत्रियपुङ्गव । आदि० १२१।२२।

हे क्षत्रिय-श्रेष्ठ ! पति के बिना स्त्री का मरना अच्छा है ।

३०८. व्युष्टिरेषा परा स्त्रीणां पूर्वं भर्तुः परां गतिम् ।
गन्तुम् ब्रह्मन्स पुत्राणामिति धर्मविदो विदुः ।। आदि० १५८।२२।।

पुत्रवती स्त्रियों का भी यह बड़ा भाग्य होता है जो पति से पहले स्वर्ग सिधारे । ऐसा धर्म जानने वाले मानते हैं ।।

३०९. प्राणांश्चारित्रकवचान्धारयन्ति वरस्त्रियः । वन० ७०।९।

उत्तम स्त्रियां अपने चरित्र शील-रूप कवच (ज़रहा-बक्तर) से अपने आप की रक्षा करती हैं ।

३१०. पूजनीया महाभागाः पुण्याश्च गृहदीप्तयः ।
स्त्रियः श्रियो गृहस्योक्ताः................।। उ० ३८।११।।

स्त्रियां जो सुभागवती घर की पवित्र शोभा हैं, सत्कार के योग्य हैं । वे घर की लक्ष्मी हैं ।।

३११ योषितां न कथा श्राव्या न निरीक्ष्या निरम्बराः । शां० २१४।१२।

स्त्रियों की आपस में की गई बात को न सुने और उन्हें नंगी न देखे ।

३१२. रतिशीला हि योषितः । अनु० १९।९२।

स्त्रियां संभोग-शील होती हैं ।

३१३. पिता रक्षति कौमारे भर्ता रक्षति यौवने ।
पुत्राश्च स्थाविरे काले नास्ति स्त्रीणां स्वतन्त्रता ।। अनु० २०।२१।।

जब वे कँवारी हैं, पिता उनकी रक्षा करता है, जवानी की अवस्था में पति रक्षा करता है, बुढ़ापे में पुत्र रक्षा करते हैं, स्त्रियों को स्वतन्त्रता नहीं ।।

३१४. उशना वेद यच्छास्त्रं यच्च वेद बृहस्पतिः ।
स्त्रीबुद्ध्या न विशिष्येत..............।। अनु ३९।३९-३९।।

जो असुरों के गुरु शुक्राचार्य जानते हैं और जो देवताओं के गुरु बृहस्पति जानते हैं, वह स्त्रीबुद्धि से अधिक नहीं ।।

३१५. स्त्रियो यत्र च पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ।
अपूजिताश्च यत्रैताः सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः ॥ अनु० ४६।५-६॥

जहाँ स्त्रियों की पूजा होती है वहाँ देवता रमण करते हैं और जहाँ इनका अनादर होता है वहाँ सारी क्रियायें निष्फल होती हैं ॥

३१६. तदैव तत्कुलं नास्ति यदा शोचन्ति जामयः । अनु० ४६।६।

वह कुल तभी नष्ट हो जाता है जब कुलाङ्गनाएँ (कुलीन स्त्रियाँ) दुःखी रहती हैं ।

३१७. जामीशप्तानि गेहानि निकृत्तानीव कृत्यया ।
नैव भान्ति न वर्धन्ते श्रिया हीनानि पार्थिव ॥ अनु० ४६।७॥

कुलीन स्त्रियों से शाप दिये हुए गृह मानो जादू-टोने से नष्ट हो जाते हैं । हे राजन् ! वे शोभा से हीन होकर बढ़ते फूलते नहीं ॥

निःसन्तानः
(पुत्रहीन)

३१८. न तस्य (अनपत्यस्य) लोकाः सन्तीति धर्मविद्भिः प्रतिष्ठितम् ।
आदि० १२०।१९।

धर्म जानने वालों की यह धारणा है निःसन्तान पुरुष के लिये कोई शुभ लोक नहीं (वह मरने पर अन्धकारमय लोकों को प्राप्त होता है) ।

३१९. अनपत्यतैकपुत्रत्वमित्याहुर्धर्मवादिनः । आदि० १००।६७।

एक पुत्रवाला निःसन्तान (अपुत्र) के तुल्य है ऐसा धर्म चिन्तक कहते हैं ।

३२०. इष्टं दत्तं तपस्तप्तं नियमश्च स्वनुष्ठितः ।
सर्वमेवानपत्यस्य न पावनमिहोच्यते ॥ आदि० १२० ।२९॥

यज्ञ-याग, दान, तपश्चर्या, और नियम (यम-नियम)—इनका विधि पूर्वक करना निःसन्तान पुरुष को पवित्र नहीं कर सकता (उसे सद्गति नहीं दे सकता) ।

निर्वेदः

(निराशता, वैराग्य)

३२१. दुर्मनुष्या हि निर्वेदमफलं स्वार्थघातकम् ।
अशक्ताः प्रियमाहर्तुमात्मनः कुर्वते प्रियम् ।। वन० ३३।१४।।

क्षुद्र मनुष्य जब अपने यत्न से इष्ट साधने में असमर्थ होते हैं तो निष्फल, स्वार्थ-नाशक वैराग्य की ओर झुक जाते हैं।

३२२. अनिर्वेदः सदा कार्यो निर्वेदाद्धि कुतः सुखम् ।
प्रयत्नात्प्राप्यते ह्यर्थः...................।। शां० १५३।५१।

निराश कभी-भी नहीं होना चाहिये। निराशता से सुख कहाँ ? पुरुषार्थ से अर्थ-सिद्धि होती है।

३२३. आशा बलवती राजन्नैराश्यं परमं सुखम् । शां० १७८।८।

हे राजन् ! आशा अतिबल-युक्त होती है (मनुष्य को कर्म में लगाये रखती है) पर निराशता (आशा का त्याग) ही बड़ा सुख है।

३२४. निर्वेदादात्मसम्बोधः । शां० २९५।१२।

वैराग्य से आत्म-ज्ञान होता है (पदार्थ मात्र में प्रीति के अत्यन्त अभाव को वैराग्य कहते हैं)।

नीतिः

३२५. नानुशिष्याद्राजानमपृच्छन्तं कदाचन । वि० ४।१६।

बिना पूछे राजा को सलाह न दे (ऐसा करना चाहिये, ऐसा नहीं करना चाहिये, ऐसा उपदेश न करे)।

३२६. सुखं वा यदि वा दुःखं
प्रियं वा यदि वाप्रियम् ।
प्राप्तं प्राप्तमुपासीत
हृदयेनापराजितः ।। शां० २५।२६।।

सुख हो अथवा दुःख, प्रिय हो अथवा अप्रिय। जो-जो मिलता जाये उस-उस का सेवन करे। हृदय से हारे नहीं (उत्साह न छोड़े)।

३२७. यस्मिन्यथा वर्तते यो मनुष्य-
स्तस्मिंस्तथा वर्तितव्यं स धर्मः।
मायाचारो मायया बाधितव्यः
साध्वाचारः साधुना प्रत्युपेयः ॥ शां० १०९।३०॥

जो तेरे साथ जैसा व्यवहार (वर्ताव) करे तू भी उसके साथ वैसा ही कर। कपट व्यवहार वाले को कपट से दबाए। निष्कपट व्यवहारवाले के साथ सज्जनता से पेश आए॥

३२८. नहि कश्चित् कृते कार्ये कर्तारं समवेक्षते।
तस्मात्सर्वाणि कार्याणि सावशेषाणि कारयेत् ॥ शां १३६।१०५॥

कार्य पूर्ण हो जाने पर कर्ता को कोई पूछता तक नहीं इस लिये सभी कार्य अधूरे छोड़ दे॥

पण्डितः

(बुद्धिमान्)

३२९. प्राज्ञस्तु जल्पतां पुंसां श्रुत्वा वाचः शुभाशुभाः।
गुणवद् वाक्यमादत्ते हंसः क्षीरमिवाम्भसः ॥ आदि० ७४।९१॥

बुद्धिमान् मनुष्यों के शुभ और अशुभ वचनों को सुनकर गुण-युक्त वचन ग्रहण कर लेता है जैसे हंस पानी में से दूध को जुदा कर लेता है॥

३३०. पुरतः कृच्छ्रकालस्य धीमाञ्जागर्ति पूरुषः। आदि० २३२।१।

बुद्धिमान् संकट आने से पहले ही जाग उठता है (चौकन्ना हो जाता है)।

३३१. प्राज्ञस्यानन्तरा वृत्तिरिह लोके परत्र च। वन० २०९।४३।

बुद्धिमान् की जीविका उसके पास रहती है (उसे जीविका को ढूंढना नहीं होता) इस लोक में भी परलोक में भी।

३३२. धर्मज्ञः पण्डितो ज्ञेयः । वन० ३१३।९८।

धर्मज्ञ (धर्म जानने वाले को) को बुद्धिमान् समझना चाहिए ।

३३३. पठकाः पाठकाश्चैव ये चान्ये शास्त्रचिन्तकाः ।
सर्वे व्यसनिनो मूर्खा यः क्रियावान् स पण्डितः । वन० ३१३।११०।।

पढ़ने पढ़ाने वाले, शास्त्रों का विचार करने वाले सभी व्यसनी और मूर्ख हैं । जो पढ़े-सुने पर आचरण करता है वह पण्डित है ।।

३३४. आत्मज्ञानं समारम्भस्तितिक्षा धर्मनित्यता ।
यमर्थान्नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते ।। उ० ३३।५।।

आत्म-सम्बन्धी शास्त्रीय ज्ञान, शक्ति के अनुसार प्रयत्न, क्षमा और धर्म का नित्य आचरण—ये जिस पुरुष को पुरुषार्थ (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) से नहीं गिराते वह निःसंदेह पण्डित है ।।

३३५. यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे ।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ।। उ० ३३।१८।।

जिसके कार्य (जो वह कार्य कर रहा है) को और मित्रों और बन्धुओं के साथ जो मन्त्रण (परामर्श, सलाह) उसे भी कोई दूसरा नहीं जानता, कार्य समाप्त होने पर ही जानता है उसे पण्डित कहते हैं ।

३३६. क्षिप्रं विजानाति चिरं शृणोति
विज्ञाय कार्यं भजते न कामात् ।
नासंपृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे
तत्प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य ।। उ० ३३।२२।।

जो जल्दी ही समझ जाता है, पर देर तक सुनता है । समझकर, न कि हठ से किसी बात को स्वीकार करता है । पूछे बिना दूसरे के काम में नहीं लगता—यह पण्डित का पहला (मुख्य) लक्षण है ।।

३३७. निश्चित्य यः प्रक्रमते नान्तर्वसति कर्मणः ।
अवन्ध्यकालो वश्यात्मा स वै पण्डित उच्यते ।। उ० ३३।२४।।

जो निश्चय करके कार्य प्रारम्भ करता है, और बीच में (विघ्न आने

पर) ठहरता नहीं, वह समय का सफल प्रयोग करने वाला और मन को वश करने वाला पण्डित कहलाता है ।।

३३८. **न हृष्यत्यात्मसंमाने नावमानेन तप्यते ।**
गाङ्गो ह्रद इवाक्षोभ्यो यः स पण्डित उच्यते ।। उ० ३३।२६।।

जो सत्कार होने पर खुशी से फूले नहीं समाता और अनादर होने पर सन्तप्त नहीं होता, जो गङ्गा के ह्रद (गहरे जल) की तरह हलचल में नहीं आता, वह पण्डित कहलाता है ।।

३३९. **प्रवृत्तवाक् चित्रकथ ऊहवान् प्रतिभानवान् ।**
आशु ग्रन्थस्य वक्ता च यः स पण्डित उच्यते ।। उ० ३३।२८।।

जो धाराप्रवाह भाषण कर सकता है, नाना लौकिक वृत्तान्तो को जानता है, जिसे तत्काल स्फूर्ति हो जाती है और जो शीघ्र ही ग्रन्थ के व्याख्यान में समर्थ हो जाता है वह पण्डित कहलाता है ।।

३४०. **अपकृत्य बुद्धिमतो दूरस्थोस्मीति नाश्वसेत् ।**
दीर्घौ बुद्धिमतो बाहू याभ्यां हिंसति हिंसितः ।। उ० ३८।८।।

बुद्धिमान् का अपकार करके यह मत समझे कि मैं उस से दूर हूँ । बुद्धिमान् की बाँहें लम्बी होती हैं, जिन से वह उसे हानि पहुँचाने वाले को मार देता है ।।

३४१. **विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि ।**
शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः ।। भीष्म० २९।१८।।

विद्या तथा शिक्षा (संयम) से युक्त ब्राह्मण, गौ, हाथी कुत्ता, और चण्डाल को पण्डित लोग समान दृष्टि से देखते हैं ।।

३४२. **दिष्टे न व्यथते बुधः । कर्ण० २।२४।**

अवश्यंभावी विपत्त्यादि में बुद्धिमान् नहीं डिगता ।

३४३. **मुहूर्त्तमपि तं प्राज्ञः पण्डितं पर्युपास्य हि ।**
क्षिप्रं धर्मान् विजानाति जिह्वा सूपरसानिव ।। सौ० ५।४।।

थोड़े समय में ही एक समझदार आदमी पण्डित के निकट ठहर कर अपने कर्तव्यों को ऐसे जान लेता है जैसे जिह्वा (रसना, ज़बान) शाक आदि के रस को ।।

३४४. **अनित्यं यौवनं रूपं जीवितं द्रव्यसंचयः ।**
आरोग्यं प्रियसंवासो गृध्येदेषु न पण्डितः ॥ स्त्री० २।२५॥

यौवन (जवानी), रूप (सुन्दरता,) आयु, धन-संग्रह, आरोग्य (स्वास्थ्य, रोग रहित होना), प्यारे के साथ निवास—ये सब अनित्य, सदा रहने वाले नहीं हैं) । बुद्धिमान् इन में अधिक लालच न करे ॥

३४५. **भवन्ति सुदुरावर्ता हेतुमन्तोपि पण्डिताः । शां० १९।२३।**

युक्ति से काम लेने वाले (हैतुक, हेतुवादी) पण्डितों को भी अपने अभिमत (=चाहे हुए) मत से हटाकर मतान्तर (दूसरा मत) ग्रहण कराना कठिन होता है ।

३४६. **प्रत्युपस्थितकालस्य सुखस्य परिवर्जनम् ।**
अनागतसुखाशा च नैव बुद्धिमतां नयः ॥ शां० १४०।३६॥

वर्तमान में उपस्थित (आये हुए) सुख की उपेक्षा (त्याग) और जो अभी आया नहीं उसकी आशा करना यह बुद्धिमानों की नीति (ढंग) नहीं है ।

पत्नी

३४७. **नारीणां चिरवासो हि बान्धवेषु न रोचते । आदि० ७४।१२।**

स्त्री का अपने माता-पिता आदि के पास चिरतक ठहरना अच्छा नहीं लगता ।

३४८. **अर्धं भार्या मनुष्यस्य भार्या श्रेष्ठतमः सखा ।**
भार्या मूलं त्रिवर्गस्य भार्या मित्रं मरिष्यतः ॥ आदि० ७४।४१॥

पत्नी पति का आधा अंग (शरीर का भाग है) । पत्नी उसका सर्वोत्तम सखा (साथी) है । पत्नी त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ, काम) का मूल कारण है और पत्नी मरते समय पति का मित्र है ॥

३४९. **रतिपुत्रफला दाराः । सभा० ५।११२।**

पत्नी-लाभ का फल संभोग और सन्तान है ।

३५०. न च भार्यासमं किञ्चिद् विद्यते भिषजां मतम् ।
औषधं सर्वदुःखेषु························॥ वन० ६१।२९॥

सब दुःखों में पत्नी के समान दूसरा औषध नहीं है जो वैद्यों से चाहा हुआ हो ॥

३५१. न गृहं गृहमित्याहु गृ हिणी गृहमुच्यते ।
गृहं तु गृहिणी-हीनमरण्यसदृशं भवेत् ॥ शां० १४४।६॥

घर-घर नहीं है, गृहिणी (पत्नी, घरवाली) ही घर है। पत्नी के विना घर सूना वियावान है ॥

३५२. वृक्षमूलेपि दयिता यस्य तिष्ठति तद् गृहम् ।
प्रासादोपि तया हीनः कान्तार इति निश्चितम् ॥ शां० १४४।१२॥

यदि वृक्ष के नीचे अपनी प्यारी निवास करती है, तो वही घर है। प्रासाद (महल भी) उससे हीन एक महावन के तुल्य है ॥

३५३. नास्ति भार्यासमो बन्धुर्नास्ति भार्यासमा गतिः ।
नास्ति भार्यासमो लोके सहायो धर्मसङ्ग्रहे ॥ शां० १४४।१६॥

पत्नी के समान दूसरा बन्धु नहीं, पत्नी के समान दूसरा आश्रय नहीं, पत्नी के समान धर्म-उपार्जन (धर्म कमाना) में कोई दूसरा सहायक नहीं ॥

३५४. मितं ददाति पिता मितं भ्राता मितं सुतः ।
अमितस्य हि दातारं भर्तारं का न पूजयेत् ॥ शां० १४८।६॥

पिता मित अर्थ (नापा तोला हुआ धन) देता है। भ्राता भी मित अर्थ ही देता है और पुत्र भी। अमित अर्थ (धन जो नापा तोला न जा सके) को देने वाले पति की कौन पत्नी पूजा न करेगी ?

३५५. न वीर पत्नीं विहरेत नारीम् । शां० २६९।२७।

हे वीर ! विधिवत् परिणीता (व्याही हुई) भार्या को (उसके जीते जी दूसरी स्त्री से विवाह करके) (यज्ञ आदि धर्म कार्यों में) उसका हिस्सा न बांटे, अर्थात् बांट कर दूसरी स्त्री को न दे।

पापम्

३५६. योऽन्यथा सन्तमात्मानमन्यथा प्रतिपद्यते । (सत्सु भाषते)
किं तेन न कृतं पापं चौरेणात्मापहारिणा ।। आदि० ७४।२६।।

जो और होता हुआ अपने आप को कुछ और समझता है या सत्पुरुषों के प्रति कुछ और बतलाता है, वह चोर है, वह क्या पाप नहीं करता ।। ब्राह्मणादि न होता हुआ अपने को ब्राह्मणादि (वर्णप्रकर्ष की प्राप्ति के लिये) बतलाता है—इस संकुचित अर्थ में इसे टीकाकार समझते हैं । मनुस्मृति (४।२५५) में भी यह श्लोक पढ़ा है । वहाँ टीकाकार कुल्लूकभट्ट भी ऐसा ही संकुचित अर्थ मानता है ।

३५७. नाधर्मश्चरितो राजन् सद्यः फलति गौरिव ।
शनैरावर्तमानस्तु कर्तुर्मूलानि कृन्तति ।। आदि० ८०।२।।

हे राजन् ! पाप किया हुआ सहसा (एक दम, तत्काल) फल नहीं देता, जैसे पृथ्वी में बीज बोया हुआ कुछ समय में अंकुरित होता है । पर दुहराया जाने पर धीरे-धीरे पाप-कर्ता की जड़ों को काटता रहता है ।।

३५८. न नर्मयुक्तमनृतं हिनस्ति न स्त्रीषु राजन्न विवाहकाले ।
प्राणात्यये सर्वधनापहारे पञ्चानृतान्याहुरपातकानि ।। आदि० ८२।१६।।

हे राजन् । हंसी मखौल में कहा हुआ झूठ, स्त्रियों के विषय में (उनकी गुह्य बात को छिपाने के लिये), विवाह के समय (अपना सामर्थ्य आदि बतलाने में), प्राणों के संकट में पड़ने पर तथा समस्त सम्पत्ति के लुट जाने के डर से जो झूठ बोला जाता है वह पातक नहीं । ये पाँच पाप तो हैं पर इनसे मनुष्य का पतन नहीं होता ।।

३५९. शिश्नोदरकृतेऽप्राज्ञः करोति विघसं बहु ।
मोहरागसमाक्रान्त इन्द्रियार्थवशानुगः ।। वन० २।६५।।

कामवासना की तृप्ति के लिये तथा पेट की भूख मिटाने के लिये, मोह और राग से अभिभूत (दबा हुआ) पुरुष इन्द्रियों के विषयों (शब्द स्पर्श रूप रस गन्ध) के वश में आया हुआ बहुत सा विघस (देवताओं के देकर बचा हुआ अन्न) साधता है ।।

३६०. वर्धत्यधर्मेण नरस्ततो भद्राणि पश्यति ।
ततः सपत्नाञ्जयति समूलस्तु विनश्यति ।। (वन० ९४।४।।

पहले मनुष्य अधर्म—पाप से बढ़ता है, अच्छी वस्तुओं का दर्शन करता है, फिर शत्रुओं को जीतता है और अन्त में जड़ समेत नष्ट हो जाता है ।।

३६१. पापं कृत्वा हि मन्येत नाहमस्मीति पूरुषः । वन० २०७।५४।

पाप करके मनुष्य यह समझे कि मैं नष्ट हो गया हूँ ।

६२. पापं प्रज्ञां नाशयति क्रियमाणं पुनः पुनः ।
नष्टप्रज्ञः पापमेव नित्यमारभते नरः ।। उ० ३५।६१-६२।।

बार-बार किया गया पाप बुद्धि को नष्ट कर देता है । बुद्धि के नष्ट हो जाने पर मनुष्य सदा पाप ही करता है ।।

३६३. भुञ्जते ते त्वघं पापा ये पचन्त्यात्मकारणात् । भीष्म० २७।१३।

जो पापी केवल अपने लिये (अतिथि आदि के लिये नहीं) खाना पकाते हैं वे पापमय भोजन करते हैं ।

३६४. अधर्मं नात्र पश्यन्ति धर्मतत्त्वार्थदर्शिनः ।
यः स्तेनैः सह सम्बन्धान्मुच्यते शपथैरपि ।। कर्ण० ६९।६३।।

धर्म-तत्त्व के जानने वाले इसमें अधर्म (पाप) नहीं मानते जो चोरों के साथ वास्ता पड़ने पर उनसे शपथ (सौगन्ध) खा कर छूट जाता है ।।

३६५. ख्यापनेनानुतापेन दानेन तपसाऽपि वा ।
निवृत्त्या तीर्थगमनाच्छ्रुतिस्मृतिजपेन वा ।
त्यागवांश्च पुनः पापं नालं कर्तुमिति स्मृतिः ।। शां० ७।३७-३८।।

(पाप को सबके सामने) स्वीकार करने से, पश्चात्ताप से, दान से, टल जाने से, तीर्थयात्रा से, श्रुति, स्मृति के पाठ से और त्याग से पवित्र हुआ पुनः पाप नहीं कर सकता ।।

३६६. वृद्धानामिव सत्त्वानां मनो भवति विह्वलम् ।
मनुष्याणां महाराज यदा पापो न वार्यते ।। (शां० ९०।१२-१३।।

हे महाराज ! शस्त्र से कटे हुए प्राणियों का मन (सिर) जिस प्रकार कम्पमान (चेष्टा-युक्त व्याकुल, अस्थिर) होता है वैसे ही मनुष्यों का मन व्याकुल अशान्त होता है जब पापी (दुष्ट) को रोका नहीं जाता ।।

३६७. यदि नात्मनि पुत्रेषु न चेत्पुत्रेषु नप्तृषु ।
नहि पापं कृतं कर्म सद्यः फलति गौरिव ।। शां० ९१।२१।।

यदि पाप का फल स्वयं नहीं भोगता (किये हुए कुछ पुण्यों के फलों के व्यवधायक-रोक करने वाले हो जाने से) तो पुत्र भोगते हैं (जो उस की सम्पत्ति का उपभोग करते हैं), वे नहीं तो पोते भोगते है। पाप किया हुआ निष्फल नहीं जाता। हां यह ठीक है कि भूमि की तरह एक दम फल नहीं देता ।।

३६८. भीतिप्रदानं शरणागतस्य
स्त्रिया वधो ब्राह्मणस्वापहारः ।
मित्रद्रोहस्तानि चत्वारि शक्र
भक्तत्यागश्चैव समो मतो मे ।। महाप्रस्था० ३।१६।।

हे इन्द्र ! शरण में आये हुए को धमकाना, स्त्री-हत्या, ब्राह्मण के सर्वस्व का हरण, और भक्त का त्याग—ये समान रूप से पाप हैं ऐसा मेरा मत है ।।

पुनर्जन्म

३६९. शुभैः प्रयोगैर्देवत्वं व्यामिश्रैर्मानुषो भवेत् । वन० २०९।३२।

शुभ कर्मों से देव योनि को प्राप्त होता है और मिले-जुले (पुण्य-पाप मय) कर्मों से मनुष्योनि को प्राप्त होता है ।

३७०. वासांसि जीर्णानि यथा विहाय
नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि ।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा-
न्यन्यानि संयाति नवानि देही ।। भीष्म० २६।२२।।

जैसे पुरुष फटे पुराने कपड़ों को उतार कर दूसरे नये पहन लेता है, वैसे ही शरीर-धारी जीव पुराने शरीर को छोड़ कर नया धारण कर लेता है ।।

३७१. यथा हि पुरुषः शालां पुनः संप्रविशेन्नवाम् ।
एवं जीवः शरीराणि तानि तानि प्रपद्यते ।। शां० १५।५७।।

जिस प्रकार एक पुरुष नये घर में प्रवेश करता है वैसे ही जीव नाना शरीरों को धारण करता है ।।

पुरुषः

३७२. यः समुत्पतितं क्रोधं क्षमयेह निरस्यति ।
यथोरगस्त्वचं जीर्णां स वै पुरुषः उच्यते ।। आदि० ७९।४।।

पुरुष वह है जो जैसे साँप अपनी केंचुली को त्याग देता है वैसे ही उत्पन्न होते हुए क्रोध को शान्त कर देता है ।।

३७३. वीर्यश्रेष्ठाश्च राजानो बलं धर्मोऽनुवर्तते । आदि० १३६।१९।

राजाओं की श्रेष्ठता बल से मानी गई है, और बल के पीछे-पीछे धर्म चलता है ।

३७४. एतावान् पुरुषस्तात कृतं यस्मिन्न नश्यति ।
यावच्च कुर्यादन्योऽस्य कुर्यादभ्यधिकं ततः ।। आदि० १५७।१४।।

पुरुष वह है जिस के प्रति किया हुआ उपकार व्यर्थ नहीं जाता । उचित यही है कि जितना कोई दूसरा उपकार करे, आप उस से अधिक प्रत्युपकार करे ।।

३७५. अपनीतं सुनीतेन योऽर्थं प्रत्यानिनीषति ।
मतिमास्थाय सुदृढां तदकापुरुषलक्षणम् ।। उ० ३९।५४।।

जो दृढ़ निश्चय को धारण करे, कुनीति से खोये हुए अर्थ को सुनीति से वापिस लाने का यत्न करता है वह वीर पुरुष है ।।

३७६. आयत्यां प्रतिकारज्ञस्तदात्वे दृढनिश्चयः ।
अतीते कार्यशेषज्ञो नरोऽर्थैर्न प्रहीयते ।। उ० ३९।५५-५६।।

जो आने वाली कठिनाई का पहले से प्रतिकार (इलाज) जानता है । वर्तमान में उपस्थित कष्ट में अपने निश्चय को दृढ़ रखता है और गत समय में जो कार्य पूरा नहीं हो सका (अधूरा रह गया है) उसे भी खूब अच्छी तरह जानता है वह कभी द्रव्य-हीन नहीं होता ।।

३७७.	अमूढवृत्तेः पुरुषस्येह कुर्यात् ।
किं वै मृत्युस्तार्ण इवास्य व्याघ्रः ।। उ० ४२।१५।।

काम से जिसका चित्त व्याकुल नहीं ऐसे पुरुष का मृत्यु क्या बिगाड़ सकती है जैसे घास-फूस का बना हुआ बाघ ।

३७८.	सुपूरा वै कुनदिका सुपूरो मूषकाञ्जलिः ।
सुसन्तोषः कापुरुषः स्वल्पकेनैव तुष्यति ।। उ० १३३।९।।

छोटी सी नदी जल्दी ही भर जाती है, चूहे की अञ्जलि भी जल्दी ही भर जाती है । इसी प्रकार क्षुद्र जल्दी से थोडे में सन्तुष्ट हो जाता है ।।

३७९.	यस्य वृत्तं न जल्पन्ति मानवा महदद्भुतम् ।
राशिवर्धनमात्रं स नैव स्त्री न पुनः पुमान् ।। उ० १३३।२२-२३।।

जिस के अद्भुत चरित का लोग कीर्तन नहीं करते, वह केवल संख्या को बढ़ाता है, न वह स्त्री है और न पुरुष ।।

३८०.	दाने तपसि सत्ये च यस्य नोच्चरितं यशः ।
विद्यायामर्थलाभे वा मातुरुच्चार एव सः ।। उ० १३३।२३-२४।।

जिस का दान करने के निमित्त, तपस्या के निमित्त, सत्य धारण करने के निमित्त अथवा विद्या और धन के संग्रह के निमित्त (लोक में) यश उदय नहीं हुआ वह माता (जननी) की विष्ठामात्र है ।।

३८१.	एतावानेव पुरुषो यदमर्षी यदक्षमी ।
क्षमावान् निरमर्षश्च नैव स्त्री न पुनः पुमान् ।। उ० १३३।३२-३३।।

जव तक कोई (अपमान आदि) को नहीं सह सकता और क्षमा करना नहीं जानता, तभी पुरुष कहलाने योग्य है । क्षमावान् (क्षमा गुण वाला) और क्रोधहीन न तो स्त्री है और न ही पुरुष ।।

३८२.	प्रभवन्योऽनहंवादी स वै पुरुष उच्यते । अनु० १४६।१५।

जो प्रभु (प्रभावशाली, समर्थ, शक्तिमान्) है वही पुरुष है ।

वलम्

३८३.	बलेन किं येन रिपुं न बाधते । शां० ३२१।९३।

उस वल से क्या जिससे शत्रु को नहीं दवाता ।

३८४. **वलवन्तो ह्यनियमा नियमा दुर्वलीयसाम् । अश्व० २२।२३।**

दुर्वलों के लिये नियम हैं, वलवानों के लिये कोई नियम नहीं ।

३८५. **दुर्वलाश्चैव सततं नान्वेष्टव्या बलीयसा । आश्रम० ६।१७।**

वलवान् को चाहिये कि वह नित्य दुर्वलों का नाश न करे ।

३८६. **सर्वं बलवतां पथ्यं सर्वं वलवतां शुचि ।**
सर्वं बलवतां धर्मः सर्वं वलवतां स्वकम् ॥ आश्रम० ३०।२४॥

वलवानों के लिये सव कुछ पथ्य (अनुकूल) है, सव कुछ पवित्र है, सव कुछ धर्म है (पाप होता हुआ भी पुण्य माना जाता है) और सव कुछ (जो पराया है) वह भी वलवानों का अपना है ॥

बुद्धिः

३८७. **असम्भवे हेममयस्य जन्तोस्तथापि रामो लुलुभे मृगाय ।**
प्रायः समासन्नपराभवाणां धियो विपर्यस्ततरा भवन्ति ॥ सभा० ७६।५॥

यह जानते हुए भी कि सोने का वना हुआ जीव नहीं होता, राम ने (सोने के) मृग का लालच किया । कारण कि जव विपत्तियाँ आने वाली होती हैं तव प्रायः मनुष्यों की बुद्धियाँ गड़बड़ा जाती हैं ॥

३८८. **श्रोत्रियस्येव ते राजन् मन्दकस्याल्पमेधसः ।**
अनुवाकहता बुद्धिर्नैषा, तत्त्वार्थदर्शिनी ॥ वन० ३५।१६॥

(यह युधिष्ठिर के प्रति भीमसेन की उक्ति है) । हे राजन् ! जिस प्रकार मन्त्र-समूहों के रटने से वेदपाठी की बुद्धि नष्ट हो जाती है वैसे ही तेरी बुद्धि तत्त्व को नहीं समझती, क्योंकि तुम मन्दवुद्धि हो ।

३८९. **यद्बलानां बलं श्रेष्ठं तत्प्रज्ञावलमुच्यते । उ० ३७।५५।**

जो बलों में उत्तम वल है वह बुद्धि-बल है ।

३९०. **ये तु बुद्ध्या हि बलिनस्ते भवन्ति बलीयसः ॥ शां० १५६।१२।**

जो बुद्धि के वली हैं वे ही वस्तुतः औरों से अधिक वलवाले हैं ।

३६१. व्यवसायात्मिका बुद्धिर्मनो व्याकरणात्मकम् । शां० २५२।११।

बुद्धि निश्चयात्मिका होती है और मन संशयात्मक ।

३६२. धर्मे ते धीयतां बुद्धिर्मनस्तु महदस्तु ते । आश्रम० १७।२१।

तेरी बुद्धि धर्म में लगे और मन उदार हो ।

ब्राह्मणः

३६३. नवनीतं हृदयं ब्राह्मणस्य
वाचि क्षुरो निहितस्तीक्ष्णधारः । आदि० ३।१२३।

ब्राह्मण का हृदय मक्खन जैसा मृदु (कोमल) होता है, पर उस की वाणी में तीक्ष्ण-धार क्षुर (उस्तरा) रखा हुआ है ॥

३६४. ब्राह्मणानां परिक्लेशो दैवतान्यपि सादयेत् । वन० २।४।

ब्राह्मणों को सताना तो देवताओं का भी क्षय कर दे ।

३६५. चतुर्वेदोऽपि दुर्वृत्तः स शूद्रादतिरिच्यते ।
योऽग्निहोत्रपरो दान्तः स ब्राह्मण इति स्मृतः ॥

चारों वेदों को जानने वाला ब्राह्मण यदि दुराचारी है तो वह शूद्र से भी घटिया है और जो केवल अग्निहोत्र करता है (वेदादि कुछ नहीं जानता) पर जितेन्द्रिय (इन्द्रियों को वश में किये हुए है ।) है, वह वस्तुतः ब्राह्मण है ।

३६६. वेदैः पश्यन्ति ब्राह्मणाः । उ० ३४।३४।

ब्राह्मण वेद-रूपी आँख से देखते हैं ।

३६७. नित्योदकी नित्ययज्ञोपवीती
नित्यस्वाध्यायी पतितान्नवर्जी ।
सत्यं ब्रुवन्गुरवे कर्म कुर्वन्
न ब्राह्मणश्च्यवते ब्रह्मलोकात् ॥ उ० ४०।२५॥

जो ब्राह्मण नित्य स्नान करता है (आचमन भी करता है), जो नित्य यज्ञोपवीत धारण करता है, नित्य वेद पाठ करता है और पतित पुरुष का अन्न ग्रहण नहीं करता, वह ब्रह्मलोक से कभी भी जुदा नहीं होता ॥

३९८. **मन्त्रज्येष्ठा द्विजातयः । उ० १६८।१७।**

वेदाध्ययन से ब्राह्मणों की श्रेष्ठता है।

३९९. **ध्रुवं वै ब्राह्मणे सत्यम् । द्रोण० ७६।२५।**

सत्य ब्राह्मण में स्थायी होता है।

४००. **ब्राह्मणस्याश्रुतं मलम् । कर्ण० ४५।२३।**

वेद से शून्य होना ब्राह्मण के लिये कलंक है।

४०१. **अदान्तो ब्राह्मणोऽसाधुः । सौ० ३।२०।**

जो अदान्त (अजितेन्द्रिय) है वह सच्चा ब्राह्मण नहीं।

४०२. **चतुष्पदां गौः प्रवरा लोहानां काञ्चनं वरम् ।**
शब्दानां प्रवरो मन्त्रो ब्राह्मणो द्विपदां वरः ॥ शां० ११।११॥

चौपायों में गौ उत्तम है, धातुओं में सोना उत्तम है। शब्दों में वेदमन्त्र (ऋक् आदि) उत्तम है और दोपायों में ब्राह्मण उत्तम है ॥

४०३. **यथा दारुमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः ।**
ब्राह्मणश्चानधीयानस्त्रयस्ते नामधारकाः ॥ शां० ३६।४६॥

जैसे काठ का बना हाथी, चाम का बना हिरन वैसे ही वेद को न पढ़ने वाला ब्राह्मण—तीनों नाममात्र धारण करते हैं। (यथार्थ में हाथी आदि नहीं होते)।

४०४. **परिनिष्ठितकार्यस्तु स्वाध्यायेनैव ब्राह्मणः ।**
कुर्यादन्यन्न वा कुर्यान्मैत्रो ब्राह्मण उच्यते ॥ शां० ६०।१२॥

कुछ और करे या न करे स्वाध्याय (वेदाभ्यास) से ही ब्राह्मण के सभी कार्य सम्पन्न हो जाते हैं। ऐसा ब्राह्मण मैत्र (मित्र=सूर्य है अधिष्ठातृ-देव जिस का) कहलाता है ॥

४०५. **ब्राह्मणो जायमानो हि पृथिव्यामधिजायते ।**
ईश्वरः सर्वभूतानां धर्मकोषस्य गुप्तये ॥ शां० ७२।६॥

ब्राह्मण जन्म से पृथवी का स्वामी होता है और प्राणिमात्र के धर्म-कोश की रक्षा करने में समर्थ होता है ॥

४०६. स्वमेव ब्राह्मणो भुङ्क्ते स्वं धत्ते स्वं ददाति च । शां० ७२।११।

ब्राह्मण अपना खाता है, अपना ही पहनता है और अपने से ही (दूसरे को) देता है ।

४०७. आह्वायका देवलका नक्षत्रग्रामयाजकाः ।
एते ब्राह्मणचण्डाला महापथिकपञ्चमाः ॥ शां० ७६।६॥

आह्वायक (=धर्माधिकारी), देवलक (पुजारी), नक्षत्रग्रामयाजक (नक्षत्रों के निमित्त और यजमान समुदाय का यज्ञ कराने वाला), महापथिक (नौयान से समुद्र पार करने वाला)—ये पाँच अधम ब्राह्मण होते हैं ॥

४०८. अश्वस्तनोऽथ कापोतीमाश्रितो वृत्तिमाहरेत् ।
तेषां परः परो ज्यायान् धर्मतो लोकजित्तमः ॥ शां० २४३।३॥

जिस के पास आज का ही भोजन है कल का नहीं, जो कबूतर की वृत्ति को धारण कर निर्वाह करे (अर्थात् कबूतर जैसे एक-एक दाना चुगता है वैसे भिक्षा से थोड़ा-थोड़ा ग्रहण करे)—इस में परला-परला धर्म के अनुसार बड़ा है । उसने इस लोक को पूरी तरह से जीत लिया है ॥

४०९. विमुक्तं सर्वसङ्गेभ्यो मुनिमाकाशवत् स्थितम् ।
अस्वमेकचरं शान्तं तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ शां० २४५।२२॥

जो सब सम्बन्धों से निर्मुक्त है, जो मुनि आकाश की तरह निर्लेप है, जो अकिञ्चन, असहाय और शान्त है उसे विद्वान् ब्राह्मण कहते हैं ॥

४१०. येन पूर्णमिवाकाशं भवत्येकेन सर्वदा ।
शून्यं येन जनाकीर्णं तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ शां० २४५।११॥

जिस एक को (संप्रज्ञात समाधि में मैं ही यह सब कुछ हूं, ऐसा देखने पर) आकाश (=शून्य) भरा मालूम होता है, जिस एक को रूप आदि के न ग्रहण से जनपूर्ण सभी स्थान शून्य सा प्रतीत होता है उसे देवता ब्राह्मण (ब्रह्मिष्ठ) कहते हैं ॥

४११. अहेरिव गणाद्भीतः सौहित्यान्नरकादिव ।
कुणपादिव च स्त्रीभ्यस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ शां० २४५।१३॥

जो जमघट से ऐसे डरता है जैसे सांप से, तृप्ति से ऐसे डरता है जैसे नरक से और जो स्त्रीसंग से ऐसे डरता है जैसे शव (लाश) से, उसे देवता ब्राह्मण कहते हैं ॥

४१२. **क्षत्रियः शतवर्षी च दशवर्षी द्विजोत्तमः ।**
पितापुत्रौ च विज्ञेयौ तयोर्हि ब्राह्मणो गुरुः ॥ अनु० ८।२१।

सौ वरस की अवस्था के क्षत्रिय को दस वरस की अवस्था के ब्राह्मण के पुत्र के तुल्य समझना चाहिये । (इतना ही नहीं) उन दोनों में ब्राह्मण गुरु होता है ॥

४१३. **ब्राह्मणे दारुणं नास्ति मैत्रो ब्राह्मण उच्यते ।**
आचार्यः सर्वभूतानां शास्ता किं प्रहरिष्यति ॥ अनु० २७।१२॥

ब्राह्मण में कठोरता नहीं होती, ब्राह्मण मैत्र होता (हर एक से मित्र का व्यवहार करता है) । सब प्राणियों का आचार्य, अनुशासन करने वाला वह क्या कभी प्रहार करेगा ?

४१४. **दुर्ग्राह्यो मुष्टिना वायु र्दुःस्पर्शः पाणिना शशी ।**
दुर्धरा पृथिवी राजन् दुर्जया ब्राह्मणा भुवि ॥ अनु० ३३।२७॥

वायु को मुट्ठी में बन्द करना मुश्किल है, चाँद को हाथ से छूना मुश्किल है । पृथिवी को उठाना मुश्किल है । लोक में ब्राह्मणों को जीतना मुश्किल है ॥

४१५. **अशक्यं स्प्रष्टुमाकाशमचाल्यो हिमवान् गिरिः ।**
अधार्या सेतुना गङ्गा दुर्जया ब्राह्मणा भुवि ॥ अनु० ३५।२०॥

आकाश (गगन, आसमान) को छूना असंभव है, हिमालय पर्वत को हिलाना असम्भव है, गङ्गा के प्रवाह को रोकने के लिय बन्ध लगाना असम्भव है । इसी तरह इस लोक में ब्राह्मणों को जीतना असम्भव है ॥

४१६. **ब्राह्मणो ह्यनधीयानस्तृणाग्निरिव शाम्यति ।**
तस्मै श्राद्धं न दातव्यं नहि भस्मनि हूयते ॥ अनु० ९०।४५॥

जो ब्राह्मण वेद नहीं पढ़ता वह तिनकों की आग की तरह बुझ जाता है (अर्थात् निस्तेज हो जाता है) । उसे श्राद्ध नहीं खिलाना चाहिये । भस्म में तो कोई आहुति नहीं देता ॥

४१७. **ब्राह्मणा निन्दिता राजन् हन्युस्त्रिपुरुषं कुलम् । अनु०९०।५२।**

हे राजन् निन्दित किये हुए ब्राह्मण पुरुषों की तीन पीढ़ी तक के विनाशक हो सकते हैं ।

४१८. **दूरादेव परीक्षेत ब्राह्मणान् वेदपारगान् । अनु० ९०।५३।**

(श्राद्ध आदि के लिये) वेद वेत्ता ब्राह्मण की योग्यता की पिता पितामह आदि से लेकर परीक्षा करे ।

४१९. **तपः श्रुतं च योनिश्चाप्येतद् ब्राह्मण्यकारणम् ।। अनु० १२१।७।।**

तपस्या, वेद-ज्ञान और योनि (ब्राह्मण पिता और ब्राह्मणी माता से जन्म)—यह तीन ब्राह्मणत्व के कारण हैं ।

४२०. **ब्राह्मणो वाप्यसद्वृत्तः सर्वसंकरभोजनः ।**
ब्राह्मण्यं समुत्सृज्य शूद्रो भवति तादृशः ।। अनु० १४३।४७।।

जो ब्राह्मण सदाचारी नहीं है जो संकीर्ण जातियों (वर्ण-संकर से उत्पन्न हुए लोगों) का अन्न ग्रहण करता है, वह ब्राह्मणत्व को छोड़ वैसा ही शूद्र वन जाता है ।।

भोजनम्

४२१. **एकः स्वादु न भुञ्जीत । उ० ३३।४६।**

मिष्टान्न अकेला न खाये ।

४२२. **राजान्नं तेज आदत्ते शूद्रान्नं ब्रह्मवर्चसम् । शां० ३६।२७।**

राजा का अन्न (खाया हुआ) तेज को हर लेता है और शूद्र का अन्न ब्रह्म तेज (वेदाभ्यास से जो तेज, प्रभाव होता है) को ।

४२३. **चराणामचरा ह्यन्नमदंष्ट्रा दंष्ट्रिणामपि ।**
आपः पिपासतामन्नमन्नं शूरस्य कातराः ।। शां० ९९।१५।।

स्थावर (ठहरे हुए, वृक्षादि) पदार्थ जङ्गम (चलने वाले) पदार्थों का भोजन हैं । जिन की चवाने के लिये लम्बी नुकीली दाढ़ें नहीं हैं वे उनका भोजन हैं जिनकी वे हैं । जल प्यासों का भोजन हैं । कायर पुरुष वीरपुरुषों का भोजन हैं ।।

४२४. **भक्ष्यं पेयमथालेह्यं यच्चान्यत् साधु भोजनम् ।**
प्रेक्षमाणेषु योऽश्नीयान्नृशंसमिति तं वदेत् ।। शां० १६४।११।।

खाने, पीने, चाटने योग्य अथवा जो भी कोई और खाद्य पदार्थ हो उसे, जो औरों के उस की ओर मुंह किये देखते हुए खाता हैं वह कठिनहृदय है (उसमें कुछ भी दया नहीं) ॥

४२५. **पञ्चार्द्रो भोजनं भुञ्ज्यात्प्राङ्मुखो मौनमास्थितः । शां० १९३।६।**

पाँच अंगों (दो हाथ, दो पैर और मुंह) को गीला कर, पूर्व की ओर मुंह कर मौन धारण किये हुए भोजन करे ।

४२६. **सायं प्रातर्मनुष्याणामशनं वेदनिर्मितम् ।**
नान्तरा भोजनं दृष्टम्·············॥ शां० १९३।१०॥

प्रातः काल और सायं काल, दो समय ही भोजन करना वेद-विहित है । इन दोनों कालों के बीच नहीं·······························॥

४२७. **मृन्मयं शरणं यद्वन्मृदैव परिलिप्यते ।**
पार्थिवोऽयं तथा देहो मृद्विकारान्न नश्यति ॥ शां० ११२।११॥

जिस प्रकार मिट्टी से वने हुए घर की रक्षा मिट्टी के लेप से होती है उसी तरह पार्थिव (मिट्टी से वने हुए) शरीर की मिट्टी के विकार अन्न से होती है ॥

४२८. **यात्रार्थमन्नमादद्याद् व्याधितो भेषजं यथा ।**

यात्रार्थ (जीवन निर्वाह के लिये) भोजन करे (जितने से भूख मिट जाये), जैसे रोगी औषध का सेवन करता है । (अपेक्षित मात्रा में ही दवाई लेता है) ।

४२९. **आयुष्यं प्राङ्मुखो भुङ्क्ते । अनु० १०४।५७।**

पूर्व की ओर मुख किये खाने वाला अपनी आयु को वढ़ाता है ।

४३०. **आर्द्रपादस्तु भुञ्जीत नार्द्रपादस्तु संविशेत् । अनु० १०४।६१।**

पाओं को धोकर भोजन करे, पर पाओं को न धोकर सोये ।

४३१. **वाग्यतो नैकवस्त्रश्च नासंविष्टः कदाचन ।**
भूमौ सदैव नाश्नीयान्नानासीनो न शब्दवत् ॥ अनु० १०४।९६॥

खाते हुए चुप रहे, एक वस्त्र को धारण किये हुए न हो, लेट कर न खाये, भूमि पर वैठ कर (आसन पर न बैठ कर) न खाये, खड़ा हो कर न खाये, तथा मुंह से शब्द करता हुआ न खाये ॥

४३२. भुञ्जानो मनुजव्याघ्र नैव शङ्कां समाचरेत् । अनु० १०४।१००।

हे पुरुषश्रेष्ठ खाता हुए कभी भी शङ्का न करे (कि मुझे यह अन्न पचेगा या नहीं) ।

४३३. दुष्करं रसज्ञाने मांसस्य परिवर्जनम् । अनु० ११५।१६।

एक बार मांस का स्वाद लेने पर मांस-भक्षण का त्याग कठिन है ।

४३४. धन्यं यशस्यमायुष्यं स्वर्ग्यं स्वस्त्ययनं महत् ।
मांसस्याभक्षणं प्राहुर्नियताः परमर्षयः ।। अनु० ११५।३७।।

मांस का न खाना धन, यश, और आयु की वृद्धि का कारण होता है । स्वर्ग और कल्याण का बड़ा साधन है ऐसा जितेन्द्रिय महर्षि लोग कहते हैं ।

४३५. स्वमांसं परमांसेन यो वर्धयितुमिच्छति ।
नास्ति क्षुद्रतरस्तस्मात् स नृशंसतरो नरः ।। अनु० ११६।११।।

जो दूसरों के मांस को खाने से अपना मांस बढ़ाना चाहता है उससे नीच कोई नहीं । वह पुरुष अत्यन्त क्रूर है ।

४३६. पञ्चानामशनं दत्त्वा शेषमश्नन्ति साधवः ।
न जल्पन्ति च भुञ्जाना न निद्रान्त्यार्द्रपाणयः ।। अनु० १६२।३६।।

सज्जन लोग पाँचों (देवता, पितर, अतिथि, भृत्य और गौ आदि) को अन्न देकर शेष (बचे हुए) अन्न को खाते हैं। खाते हुए बोलते नहीं और सोते समय हाथों को गीला नहीं करते ।।

४३७. दधि सक्तून् न भुञ्जीत वृथामांसं च वर्जयेत् । अनु० १०४।६४।

(रात्रि समय) दही और सत्तू न खाये और वृथामांस (जो देवता आदि को भेंट किये बिना खाया जाता है) का त्याग करे ।

४३८. मैथुनं सततं गुप्तमाहारं च समाचरेत् । अनु० १६२।४७।

मैथुन का गुप्त स्थान में सेवन करे और भोजन भी एकान्त में करे ।

४३९. हिरण्यदानैर्गोदानै र्भूमिदानैश्च सर्वशः ।
मांसस्याभक्षणे धर्मो विशिष्टः स्यादिति श्रुतिः ।। अनु० २२६।४१।।

सोने के दान से, गोदान से, भूमि-दान से भी बढ़कर पुण्य मांस न खाने से होता है ऐसी श्रुति है ।।

४४०. नालीढया परिहतं भक्षयीत कदाचन ।
तथा नोद्धृतसाराणि प्रेक्षतामप्रदाय च ॥ अनू० १०४।९०॥

रजस्वला के दर्शन स्पर्शन से दूषित अन्न कभी न खाये तथा जिसमें से सार निकाला जा चुका है, जो फोक है, उसे न खाये। भोजन करते समय उस की ओर मुंह उठाये देखने वालों को न देकर भी न खाये ॥

४४१. पृथिवीमलमश्नन्ति ये द्विजाः शूद्रभोजनः। अनु० १३५।६।

वे ब्राह्मण पृथ्वी का मल खाते हैं जो शूद्र का अन्न खाते हैं।

मनः

४४२. इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनोऽनु विधीयते ।
तदस्य हरते बुद्धिं नावं वायुरिवाम्भसि ॥ वन० २११।२६॥

विषयों में विचरती हुई इन्द्रियों के पीछे जब मन को लगाया जाता है तब उस पुरुष की बुद्धि का ऐसे अपहरण हो जाता है जैसे नदी आदि में वायु के वेग से नाव का ॥

४४३. चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद् दृढम् ।
तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम् ॥ भीष्म० ३०।३४॥

४४४. असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं परम् ।
अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते ॥ भीष्म० ३०।३५॥

हे कृष्ण, मन चञ्चल है, प्रमाथी (मसल देने वाला) बलवान् तथा दृढ़ है। इस का वश में करना मैं इतना मुश्किल मानता हूँ जितना कि वायु का वश में करना ॥ (३४)

हे महाभुज (अर्जुन), निःसन्देह मन का निग्रह (रोकना) अत्यन्त कठिन है, पर अभ्यास से तथा वैराग्य (लौकिक विषयों में आसक्ति छोड़ना) से मन का निग्रह हो सकता है ॥ (३५)

४४५. शरीराद् जायते व्याधिर्मानसो नात्र संशयः ।
मानसाज्जायते वापि शारीर इति निश्चयः ॥ शां० १६।९॥

शरीर के रुग्ण होने पर मानसिक रोग उत्पन्न होता है यह निश्चित है। अथवा मन के अस्वस्थ होने से शरीर अस्वस्थ हो जाता है ॥

४४६. **मनस्तु पूर्वमादद्यात्कुमीनमिव मत्स्यहा।**
ततः श्रोत्रं ततश्चक्षुर्जिह्वां घ्राणं च योगवित् ॥ शां० २४०।१६॥

मछुआ जैसे कुमीन (ऐसी मछली जो जाल को काट देती है) को पहले पकड़ने का यत्न करता है वैसे ही पहले मन को वश में करे, पीछे क्रम से कान, आँख, रसना और नासिका इन इन्द्रियों को। तभी वह योगवित् (काम करने का ढंग जानने वाला) होता है ॥

४४७. **चक्षुः पश्यति रूपाणि मनसा तु न चक्षुषा।**
मनसि व्याकुले चक्षुः पश्यन्नपि न पश्यति ॥ शा० ३११।१७-१८॥

आँख स्वयं नहीं देखती किन्तु मन के द्वारा देखती है। मन के व्याकुल होने पर चक्षु खुली हुई भी कुछ नहीं देखती ॥

४४८. **मनस्तु महदस्तु ते। आश्रम० १७।२१।**

तेरा मान उदार हो।

माता

४४९. **सर्वेषामेव शापानां प्रतिघातो हि विद्यते।**
न तु मात्राभिशप्तानां मोक्षः क्वचन विद्यते ॥ आदि० ३७।४॥

सभी शापों का निवारण किया जा सकता है, पर माता से शप्त (शाप दिये) हुए पुत्रों को कहीं छुटकारा नहीं ॥

४५०. **नास्ति मातृसमाश्रमः। शां० १६१।६।**

माता से बढ़कर कोई आश्रम नहीं।

४५१. **लभन्ते मातरो गर्भान्मासान् दश च बिभ्रति।**
यदि स्वस्ति प्रजायन्ते जाता जीवन्ति वा यदि ॥ शां० ७।१४॥

४५२. **संभाविता जातबलास्ते दद्युर्यदि नः सुखम्।**
इह चामुत्र चैवेति…………… ॥ शां० ७।१५-१६॥

भाग्य से माताएँ गर्भिणी होती हैं, दस मास पर्यन्त गर्भ को धारण करती हैं इस आशा से कि सुख-पूर्वक प्रसव होने पर बच्चे चिरतक जीवें, विधिवत् पालन-पोषण होने पर बलवान् हों और हमें इस लोक और परलोक में सुख पहुंचाएँ ॥

४५३. **नास्ति मातृसमो गुरुः । अनु० १०६।६५।**

मित्रम्

४५४. **न दरिद्रो वसुमतो नाऽविद्वान् विदुषः सखा।**
न शूरस्य सखा क्लीवः..................॥ आदि० १३१।६॥

धनवान् का दरिद्र मित्र नहीं होता (धनी निर्धन का मित्र नहीं बनता), विद्वान् मूर्ख से मित्रता नहीं रखता और शूर का कायर सखा नहीं होता । (स्वभाव और अवस्था भेद से इन में परस्पर मित्रता नहीं होती) ।

४५५. **न सख्यमजरं लोके विद्यते जातु कस्यचित् । आदि० १३१।६७।**

इस लोक में किसी की भी मित्रता नित्य नहीं होती ।

४५६. **सतां साप्तपदं मैत्रमाहुः सन्तः कुलोचिताः । वन० २६०।३५।**

कुलीन सत्पुरुषों का कथन है कि सज्जनों की मैत्री सात पैर एक साथ चलने से हो जाती है । (अथवा थोड़े से संलाप से हो जाती है) ।

४५७. **न तन्मित्रं यस्य कोपाद् बिभेति**
यद्वा मित्रं शङ्कितेनोपचर्यम् ।
यस्मिन्मित्रे पितरीवाऽऽश्वसीत
तद्वै मित्रं संगतानीतराणि ॥

वह मित्र नहीं जिसके कोप से डर आता है (यह मुझे हानि पहुँचावेगा), वह भी मित्र नहीं जिसके साथ शङ्कित होकर व्यवहार करना होता है । जिस मित्र में ऐसा विश्वास हो जैसे अपने पिता में होता है वह सच्चा मित्र है, दूसरों के साथ मित्रता मेल-जोलमात्र है ॥

४५८. **दुर्लभो वै सुहृच्छ्रोता दुर्लभश्च हितः सुहृत् ।**
तिष्ठते हि सुहृद्यत्र न बन्धुस्तत्र तिष्ठते ॥ उ० १०६।५॥

सुनने वाला (मित्र की बात पर ध्यान देने वाला) मित्र दुर्लभ है। हितकारी मित्र दुर्लभ है। जिस विषमावस्था (संकट) में मित्र साथ देता है उसमें बन्धु साथ नहीं देता ।। (जो प्रत्युपकार न चाहता हुआ उपकार करता है वह मित्र सुहृद् कहलाता है)

४५९. **चतुर्विधानि मित्राणि राज्ञां राजन्भवन्त्युत ।**
सहार्थो भजमानश्च सहजः कृत्रिमस्तथा ।। शां० ८०।३।।

हे राजन् ! राजाओं के चार प्रकार के मित्र होते हैं— (१) सहार्थ = जिस का दूसरे (राजा के साथ) समान उद्देश्य है (यह हमारा सांझा शत्रु है इसे हम दोनों को मिलकर उखाड़ना है, उखाड़ कर इसके राज्य को आपस में बांट लेंगे इस प्रकार पण पूर्वक बनाया हुआ मित्र), (२) भजमान जो पिता-पितामह के समय से हमारा साथी है, (३) सहज (मौसेरा आदि भाई), ४ कृत्रिम (जो धन आदि देकर बनाया गया है) ।।

४६०. **विद्या शौर्य च दाक्ष्यं च बलं धैर्यं च पञ्चमम् ।**
मित्राणि सहजान्याहुः………… ।शां० १३९।८५।।

विद्या, शूरता, चतुराई, शारीरिक बल, धीरज—ये पाँच स्वाभाविक मित्र हैं।

मुनिः

४६१. **मौनान्न स मुनिर्भवति नारण्यवसनान्मुनिः ।**
स्वलक्षणं तु यो वेद स मुनिः श्रेष्ठ उच्यते ।। उ० ४३।६०।।

केवल चुप्पी से मुनि नहीं हो जाता है, न ही वन में वास करने से मुनि होता है। जो अन्तरात्मा के स्वरूप (जगत् के जन्मादिका हेतु होना, सच्चिदानन्दात्मक होना) को जानता है वह मुनियों में श्रेष्ठ है ।।

४६२. **या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी ।**
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः ।।

जो और सब जीवों के लिये रात है उस दिव्य ज्ञान और आत्मानन्द की अवस्था में आत्मा का अनुभव करने वाला योगी जागता है और जिस (नित्य परिवर्ती अनित्य लौकिक सुख) में सब जीव जागते हैं वह उस द्रष्टा मुनि के लिये रात है ।।

४६३. **अथवा वसतो राजन् वने वन्येन जीवतः ।**
द्रव्येषु यस्य ममता मृत्योरास्ये स वर्तते ।। शां० १३।१०।।

हे राजन् ! जो वन में रहता है, वन के कन्द मूल खाकर जीता है, वह यदि लौकिक पदार्थों में ममता (ये मेरे हैं इस भाव को) रखता है वह निश्चित ही मृत्यु के मुख में पड़ा है ।।

४६४. **मुनेरपि वनस्थस्य स्वानि कर्माणि कुर्वतः ।**
उत्पद्यन्ते त्रयः पक्षा मित्रोदासीनशत्रवः ।। शां० १११।६०-६१

वन में एकान्तवास करते हुए और अपने नित्य शास्त्र-विहित कर्मों को करते हुए मुनि के भी तीन पक्ष हो जाते हैं—कुछ उस के मित्र हो जाते हैं, कुछ उदासीन (न मित्र न शत्रु) और कुछ शत्रु ।।

मूर्खः

४६५. **मूर्खो हि जल्पतां पुंसां श्रुत्वा वाचः शुभाशुभाः ।**
अशुभं वाक्यमादत्ते पुरीषमिव सूकरः ।। आदि० ४।९०।।

मूर्ख बात चीत करते हुए मनुष्यों के शुभ और अशुभ वचनों को सुनकर अशुभ वचन को ग्रहण कर लेता है जैसे सूकर (सूअर) मल (गन्दगी) को ।।

४६६. **भूतं हित्वा च भाव्यर्थे योऽवलम्बेत् स मन्दधीः । आदि० २३३।१५।।**

वर्तमान में उत्पन्न, प्राप्त अर्थ को छोड़ कर जो भावी (होने वाले, अनुपस्थित, अनागत) अर्थ का आश्रय लेता है वह मूर्ख है ।।

४६७. **संसारयति कृत्यानि सर्वत्र विचिकित्सते ।**
चिरं करोति क्षिप्रार्थे स मूढो भरतर्षभ ।।

हे भरतश्रेष्ठ ! जो निष्कर्मा (निकम्मा) होने के कारण अपने कर्त्तव्यों को भृत्यादि (सेवकादि) के द्वारा करवाता है, सब बातों में संशय करता है, शीघ्र (जल्दी) करने योग्य कार्यों को करने में देर लगाता है वह मूर्ख है ।।

४६८. **अनाहूतः प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते । उ० ३३।३६।**

जो विना बुलाये अन्दर आ जाता है, और विना पूछे बहुत बक बक करता है (वह मूर्ख है) ।

४६९. **परं क्षिपति दोषेण वर्तमानः स्वयं तथा ।**
यश्च क्रुध्यत्यनीशानः स च मूढतमो नरः ।। उ० ३३।३७।।

जो दोष देख कर दूसरे की निन्दा करता है और स्वयं वैसा ही आचरण करता है और (बदला लेने में अथवा दण्ड देने में) असमर्थ होता हुआ भी क्रोध करता है वह बहुत बड़ा मूर्ख है ।।

४७०. **आत्मनो बलमज्ञाय धर्मार्थपरिवर्जितम् ।**
अलभ्यमिच्छेन्नैष्कर्म्यान्मूढबुद्धिरिहोच्यते ।। उ० ३३।३८।।

अपने बल को न पहचान कर, धर्म और अर्थ से रहित और दुर्लभ पदार्थ को विना पुरुषार्थ किये प्राप्त करना चाहता है वह मूर्ख है ।।

४७१. **चिरं ह्यपि जडः शूरः पण्डितं पर्युपास्य हि ।**
न स धर्मान् विजानाति दर्वी सूपरसानिव ।। सौ० ५।३।।

मूर्ख शूर होता हुआ भी पण्डित की सेवा में चिर तक रह कर भी अपने कर्त्तव्यों को नहीं जानता जैसे सूप के रस को (उस में नित्य निमग्न), कलछी नहीं जानती ।।

४७२. **शोकस्थानसहस्राणि भयस्थानशतानि च ।**
दिवसे दिवसे मूढमाविशन्ति न पण्डितम् ।। स्त्री० २।२२।।

शोक के हजारों अवसर और भय के सैंकड़ों अवसर प्रतिदिन मूढ़ पुरुष को अभिभूत करते हैं, पण्डित को नहीं ।।

४७३. **न लोके दीप्यते मूर्खः केवलमात्मप्रशंसया ।**
अपि चापिहितः श्वभ्रे कृतविद्यः प्रकाशते ।। शां० २८७।३१।।

मूर्ख केवल अपनी प्रशंसा (गुण-गान) से नहीं चमकता, पर विद्वान् गढ़े में ढांपा हुआ भी चमकता है ।।

४७४. **तथा वेद्यमवेद्यं च वेदविद्यो न विन्दति ।**
स केवलं मूढमति ज्ञानभारवहः स्मृतः ।। शां० ३१८।५२।।

जो वेद का ज्ञाता जानने योग्य और न जानने योग्य को नहीं जानता वह केवल ज्ञान के बोझे को ढोने वाला (पशु) है ।।

मृत्यु :

४७५. नाकाले विहितो मृत्यु र्मर्त्यानां पुरुषर्षभ । वन० ६३।७।

हे नरोत्तम ! प्राणियों की अकाल-मृत्यु का विधान नहीं है ।

४७६. सुहृदां हि धनं भुक्त्वा कृत्वा प्रणयमीप्सितम् ।

प्रतिकर्तु मशक्तस्य जीवितान्मरणं वरम् ।। उ० १०७।७।।

मित्रों के धन का उपभोग करके तथा उन से इच्छित माँगें करके जो प्रत्युपकार करने में असमर्थ है उसका जीने से मरना भला है ।।

४७७. न नूनं परदुःखेन म्रियते कोपि सञ्जय । द्रोण० ९।९।

हे सञ्जय ! कोई भी दूसरे के दुःख से नहीं मरता ।

४७८. न ह्येव ब्रह्मचर्येण न वेदाध्ययनेन च ।

न क्रियाभिर्न चास्त्रेण मृत्योः कश्चिन्निवार्यते ।। द्रोण० ११।४४-४५।।

न ब्रह्मचर्य से, न वेदपाठ से, न चिकित्सा से और न अस्त्रप्रयोग से किसी को मृत्यु से बचाया जा सकता है ।।

४७९. पक्वानां हि वधे सूत वज्रायन्ते तृणान्यपि । द्रोण० ११।४८।

हे सूत ! जिन का काल आ गया है उन के मारने के लिये तिनके भी वज्र बन जाते हैं ।

४८०। न नूनं देहभेदोऽस्ति काले राजन्ननागते । द्रोण० १८७।४२।

हे राजन् ! निश्चित ही जब तक काल नहीं आता, शरीर-पात नहीं होता ।

४८१. सुखं साङ्ग्रामिको मृत्युः क्षत्रधर्मेण युध्यताम् । कर्ण० ९३।५५।

क्षात्र-धर्म के अनुसार लड़ते हुए (वीरों) की मृत्यु सुखरूप होती है ।

४८२. न ह्यात्मनः प्रियतरं किञ्चिद् भूतेषु निश्चितम् ।

अनिष्टं सर्वभूतानां मरणं नाम भारत ।। स्त्री० ७।२७।

हे भारत ! निश्चित ही जीवों को प्राणों से प्यारी कोई चीज़ नहीं और मृत्यु अप्रिय है ।।

४८३. दुर्मरं पुनरप्राप्ते काले भवति केन चित् । स्त्री० २०।२४।

काल आने से पहले कोई नहीं मर सकता ।

४८४. आयुर्वेदमधीयानाः केवलं स्वपरिग्रहाः ।
दृश्यन्ते बहवो वैद्या व्याधिभिः समभिप्लुताः ।। शां० २८।४५।।

४८५. ते पिबन्तः कषायांश्च सर्पींषि विविधानि च ।
न मृत्युमतिवर्तन्ते वेलामिव महोदधिः ।। शां० २८।४६।।

आयुर्वेद को पढ़ने वाले धनवान् (साधन-सम्पन्न) बहुत वैद्य रोगों से से घिरे हुए देखे जाते हैं (४५) । वे वैद्य कई प्रकार के काढ़े और घृत का पान करते हैं पर मृत्यु को नहीं लांघ सकते, जैसे महासागर अपनी वेला (तीर) का उल्लङ्घन नहीं कर सकता ।। (४६)

४८६. रसायनविदश्चैव सुप्रयुक्तरसायनाः ।
दृश्यन्ते जरया भग्ना नागा नागैरिवोत्तमैः ।। शां० २८।४७।।
तथैव तपसोपेताः स्वाध्यायाभ्यसने रताः ।
दातारो यज्ञशीलाश्च न तरन्ति जरान्तकौ ।। शां० २८।४८।।

रसायन विद्या को जानने वाले और (तैयार किए हुए) रसायनों का विधिवत् प्रयोग करने वाले, बुढ़ापे से टेढ़े हुए देखे जाते हैं जैसे बड़े हाथियों से दूसरे हाथी दबाये जाते हैं ।। (४७)

उसी प्रकार तपश्चर्या से युक्त वेदाभ्यास-परायण, दानी और यज्ञ-शील ब्राह्मणादि बुढ़ापे और मृत्यु को नहीं लाँघ सकते ।। (४८)

४८७. यदि कालेन निर्याणं सुखं दुःखं भवाभवौ ।
भिषजो भेषजं कर्तुं कस्मादिच्छन्ति रोगिणः ।। शां० १३९।५५-५६।।

यदि समय पर ही मृत्यु होती है (आगे पीछे नहीं), यदि सुख दुःख समृद्धि व्यृद्धि (=समृद्धि का अभाव) समय पर होते हैं तो वैद्य लोग रोगी की चिकित्सा करने का क्यों यत्न करते हैं ।।

४८८. श्वः कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वाह्णे चापराह्णिकम् ।
नहि प्रतीक्षते मृत्युः कृतमस्य न वा कृतम् ।। शां० १७५।१५।।

जो कल करना है वह आज करे, जिसे अपराह्ण (दिन के उत्तर भाग) में करना है, उसे पूर्वाह्ण (दिन के पूर्व भाग) में करे । मृत्यु इस बात की प्रतीक्षा नहीं करती कि जो इस ने करना था उसे किया है या नहीं ।।

४८९. इदं कृतमिदं कार्यमिदमन्यत् कृताकृतम् ।
एवमीहासुखासक्तं कृतान्तः कुरुते वशे ।। शां० १७५।२०।।

यह मैंने कर लिया है, यह (अभी) करना रहता है, यह कुछ किया है और कुछ नहीं किया, इस प्रकार अपनी चेष्टा और सुख में आसक्त पुरुष को यम अपने वश में कर लेता है ।।

५९०. सञ्चिन्वानकमेवैनं कामानामवितृप्तकम् ।
वृकीवोरणमासाद्य मृत्युरादाय गच्छति ।। शां० २७७।१८-१९।।

नित्य संचय करते हुए और कामनाओं की तृप्ति को न प्राप्त हुए पुरुष को मृत्यु पकड़कर ले जाती है जैसे व्याघ्री भेड़ के बच्चे को ।।

यतिः

४९१. अरण्ये वसतो यस्य ग्रामो भवति पृष्ठतः ।
ग्रामे वा वसतोऽरण्यं स मुनिः स्याज्जनाधिप ।। आदि० ९१।९।।

अरण्य=शून्य वन में बसते हुए (अर्थात् अन्तरात्मा में स्थित) योगी के लिये ग्राम पास ही है (अर्थात् बाह्य सभी वस्तु उसके समीप धरी हैं, उन्हें उसे ढूँढने नहीं जाना होता), और ग्राम में (लोक में, बाह्य वस्तुओं के मध्य में) रहते हुए भी उसकी दृष्टि अरण्य (उपाधि शून्य अधिष्ठान-रूप ब्रह्मतत्त्व) में लगी रहती है ।।

४९२. अनग्निरनिकेतश्च अगोत्रचरणो मुनिः ।
कौपीनाच्छादनं यावत्तावदिच्छेच्च चीवरम् ।। आदि० ९२।१२।।

अग्निपरिचर्या (अग्निहोत्र आदि) को त्यागने वाला, निराश्रय (=घर से रहित), गोत्र (पितृवंश तथा प्रवर) तथा (चरण वेद की अपनी शाखा) को छोड़ने वाला मुनि कौपीन (=मूत्रेन्द्रिय)जितने वस्त्र-खण्ड से ढाँपे जा सके उतने की ही इच्छा करे ।।

४९३. यथा स्वं वान्तमश्नाति श्वा नित्यमभूतये ।
एवं ते वान्तमश्नन्ति स्ववीर्यस्योपसेवनात् ।। उ० ४२।३३।।

जिस प्रकार कुत्ता अपने से वमन (कै किये हुए) किये अन्न को अपने अनिष्ट के हेतु खाता है इसी प्रकार अपनी शक्ति (पाण्डित्यादि) का प्रकाश कर के जो भिक्षा कमाता है वह भी ।।

४६४. क्रोधहर्षावनादृत्य पैशुन्यं च विशेषतः।
विप्रो वेदानधीते यः स त्यागी पार्थ उच्यते ।। शां० १२।११।।

जो ब्राह्मण क्रोध, हर्ष तथा पैशुन्य (पिशुनता, चुगलखोरी) को त्याग कर वेदाभ्यास करता है, हे पार्थ, वह त्यागी है ।।

४६५. ग्रामैकरात्रिको ग्रीष्मे वर्षास्वेकत्र वा वसेत् ।
अध्वा सूर्येण निर्दिष्टः कीटवच्च चरेन्महीम् ।। शां० ४६।३२।।

गर्मी की ऋतु में एक रात भर ग्राम में ठहरे, बरसात में एक जगह ठहर सकता है यदि चाहे । जब तक सूर्य अस्त नहीं होता चलता जाये । कीड़े की तरह अप्रकट और अनुद्धत होता हुआ पृथिवी पर विचरे ।।

४६६. अभ्रावकाशा वर्षासु हेमन्ते जलसंश्रयाः ।
ग्रीष्मे च पञ्चतपसः शश्वच्च मितभोजनाः ।। शां० २४४।१०।।

(यति) बरसात में खुले आकाश के नीचे रहे, जाड़े में जल में निमग्न रहे, गरमी में पञ्चाग्नि तप तपे (अपने चारों ओर अग्नि जलाये और पाँचमी सूर्य की अग्नि) और नित्य ही अल्प भोजन करे ।।

४६७. कपालं वृक्षमूलानि कुचेलमसहायता ।
उपेक्षा सर्वभूतानामेतावद् भिक्षुलक्षणम् ।। शां० २४५।७।।

कपाल (ठीकरा) रखना वृक्ष के नीचे वास करना, मैले कुचैले वस्त्र पहनना, अकेले रहना, प्राणि-मात्र के प्रति उपेक्षा (न प्रीति और न द्वेष)—यह यति का लक्षण है ।।

४६८. विधूमे न्यस्तमुसले व्यङ्गारे भुक्तवज्जने ।
अतीते पात्रसंचारे भिक्षां लिप्सेत वै मुनिः ।। शां० २७८।९।।

जब अग्नि (पाचक अग्नि) का धूआँ हट गया हो, जब धान कूटने के मूसल का व्यापार ठहर गया हो, जब अंगारे बुझ गये हों, जब घर वाले खा चुके हों और भोजनपात्रों का संचार बन्द हो गया हो तब यति भिक्षा के लिये (गृहस्थ के द्वार पर) जाये ।।

४६९. चतुर्विधा भिक्षवस्ते कुटीचरबहूदकौ ।
हंसः परमहंसश्च यो यः पश्चात्स उत्तमः ।। अनु० १४१।८९।।

भिक्षु (यति) चार प्रकार के होते हैं—कुटीचर, बहूदक, हंस, परमहंस । इन में जो अगला- अगला है वह पहले से उत्कृष्ट (ऊँचा, श्रेष्ठ) है ।

राजा

५००. **राज्ञां हि चित्तानि परिप्लुतानि**
सान्त्वं दत्त्वा मुसलैर्घातयन्ति । सभा० ६४।१२।

राजाओं का चित्त चञ्चल होता है । मीठा आश्वासन देकर मूसलों से मारते हैं ।

५०१. **न हि याचन्ति राजान एष धर्मः सनातनः ।। वन० १५४।१०।।**

राजा लोग (कष्टापन्न होने पर भी) भिक्षा नहीं मांगते, यह सनातन धर्म है ।

५०२. **समर्थनासु सर्वासु हितं च प्रियमेव च ।**
संवर्णयेत् तदेवास्य प्रियादपि हितं भवेत् ।। वि० ४।२४।।

कार्य और अकार्य की परीक्षा के अवसर पर राजा से हितकारिणी और प्यारी बात कहे । प्यारी से भी अर्थात् प्यारी बात को छोड़ कर जो हितकारिणी हो वह कहे ।।

५०३. **चारैः पश्यन्ति राजानः । उ० ३४।३४।**

राजा लोग अपने गुप्त चरों के द्वारा देखते हैं अपनी चर्म-चक्षुओं से नहीं ।

५०४. **कालो वा कारणं राज्ञो राजा वा कालकारणम् ।**
इति ते संशयो मा भूद्राजा कालस्य कारणम् ।। उ० १३२।१६।।

काल राजा को बनाता है (अर्थात् समय परिस्थिति आदि के अनुकूल राजा का स्वरूप बदलता है) अथवा राजा काल को बनाता है (अपने सदृश गुण-दोष वाला बनाता है) इस में तुझे संशय मत हो, राजा ही काल को बनाता है ।।

५०५. **राजा हि यः स्थिरप्रज्ञः स्वयं दोषानवेक्षते ।**
देशकालं विभागं च परं श्रेयः स विन्दति ।। स्त्री० १३।३।

जो स्थिरबुद्धि वाला राजा स्वयं दोषों (अपने और दूसरों के) को देखता है, देश और काल का विभाग जानता है (किस स्थान पर और किस समय में कौनसा कर्म करना चाहिये, इसे जानता है) वह परम श्रेय (कल्याण) को प्राप्त होता है ।।

५०६. यदि संन्यासतः सिद्धिं राजा कश्चिदवाप्नुयात् ।
पर्वताश्च द्रुमाश्चैव क्षिप्रं सिद्धिमवाप्नुयुः ।। शां० १०।२४।।

यदि राजा लोग संन्यास (कर्मत्याग) से सिद्धि (सफलता) को प्राप्त हो जायें तो निश्चित ही पर्वत और वृक्ष भी सिद्धावस्था को प्राप्त हो जायें ।।

५०७. अन्ये साम प्रशंसन्ति व्यायाममपरे जनाः ।
नैकं न चापरे केचिदुभयं च तथा परे ।। शां० २१।७।।

कुछ लोग साम (=सुलह सफाई) को पसन्द करते हैं, कुछ युद्ध को । कुछ न साम को, और न युद्ध को और कुछ दोनों साम और युद्ध को (समय के अनुसार) अच्छा समझते हैं ।।

५०८. यथा रश्मयोऽश्वस्य द्विरदस्याङ्कुशो यथा ।
नरेन्द्रधर्मो लोकस्य तथा प्रग्रहणं स्मृतम् ।। शां० ५६।५।

जिस प्रकार बागें घोड़ं को वश में करती हैं, जिस प्रकार अङ्कुश हाथी को वश में करता है इसी प्रकार राजधर्म (राज दण्ड आदि) प्रजा को वश में रखता है ।

५०९. तस्मान्नैव मृदुर्नित्यं तीक्ष्णो नैव भवेन्नृपः ।
वासन्तार्क इव श्रीमान् न शीतो न च घर्मदः ।। शां० ५६।४०।।

अतः राजा को न तो नित्य मृदु (कोमल) और न नित्य कठोर होना चाहिये । वह वसन्त के सूर्य की तरह शोभा पाता है जो न तो अधिक ठंडा हो और न अधिक गरम ।।

५१०. यथा हि गर्भिणी हित्वा स्वं प्रियं मनसोऽनुगम् ।
गर्भस्य हितमाधत्ते तथा राजाप्यसंशयम् ।। शां० ५६।४५।।

जैसे गर्भवती स्त्री अपने मनोऽनुकूल प्यारी बात को छोड़ कर गर्भ (गर्भस्थ जीव) का हित करती है वैसे ही राजा भी निःसन्देह करे ।।

५११. न चाददीत वित्तानि सतां हस्तात् कदाचन ।
असद्भ्यश्च समादद्यात् सद्भ्यस्तु प्रतिपादयेत् ।। शां० ५७।२१।।

(राजा) सज्जनों से कभी भी धन न छीने । दुर्जनों से ले और सज्जनों को दे ।।

५१२. सर्वाभिशङ्की नृपतिर्यश्च सर्वहरो भवेत् ।
स क्षिप्रमनृजुर्लुब्धः स्वजनेनैव बध्यते ।। शां० ५७।२७।।

जो राजा सब पर शङ्का करने वाला, सबसे धन छीनने वाला, अथवा सर्वस्व हरने वाला, कुटिल, लालची हो वह अपने लोगों से ही बांधा जाता है ।।

५१३. असङ्घातरता दान्ताः पाल्यमाना यथाविधि ।
वश्या नेया विधेयाश्च न च संघर्षशीलिनः ।।
विषये दानरुचयो नरा यस्य स पार्थिवः ।। शां ५७-३५-३६।।

जिस के देश में प्रजाएं सङ्घ बनाकर नहीं रहती; शम-दम युक्त हैं, यथावत् सुरक्षित हैं, आज्ञाकारिणी, नेतृत्व को मानने वाली और शिक्षा के योग्य हैं तथा एक दूसरे से टकराती नहीं हैं, और दानप्रिय हैं वह वस्तुतः राजा है ।।

५१४. उत्थानहीनो राजा हि बुद्धिमानपि नित्यशः ।
प्रधर्षणीयः शत्रूणां भुजङ्ग इव निर्विषः ।। शां० ५८।१६।।

जो राजा नित्य उद्यम हीन है चाहे बुद्धिमान् हो वह शत्रु से तिरस्कृत होता है जैसे विषहीन सांप ।।

५१५. रञ्जितास्च प्रजाः सर्वास्तेन राजेति शब्दते । शां० ५९।१२५।

राजा को राजा इस लिये कहते हैं क्योंकि वह प्रजा का रञ्जन करता है (प्रजा को प्रसन्न रखता है) ।

५१६. परिनिष्ठितकार्यः स्यान्नृपतिः परिपालनात् ।
कुर्यादन्यन्न वा कुर्याद् ऐन्द्रो राजन्य उच्यते ।। शां० ६०।२०।।

राजा कुछ और करे या न करे; प्रजा के पालन से ही उसके सारे कर्म समाप्त हो जाते हैं । क्षत्रिय "ऐन्द्र" (इन्द्र देवता से अधिष्ठित) कहलाता है ।।

५१७. आभाषितश्च मधुरं प्रत्याभाषेत मानवान् ।
कृतज्ञो दृढभक्तिः स्यात् संविभागी जितेन्द्रियः ।। शां० ६७।३८-३९।।

(राजा) सम्बोधित किये जाने पर मनुष्यों को मधुर वाणी में उत्तर दे । अपने सेवकों के उपकार को जानने वाला, उनके प्रति दृढ प्रेम वाला, उन को बांट कर खाने वाला और जितेन्द्रिय (संयमी) हो ।।

५१८. राजा ह्येवाखिलं लोकं समुदीर्णं समुत्सुकम् ।
प्रसादयति धर्मेण प्रसाद्य च विराजते ।। शां० ६८।९।।

राजा सभी को जो (समुदीर्ण हैं) मर्यादा का त्याग करते है, परस्त्री में आसक्त हैं धर्मेण (दण्ड देकर) शुद्ध करता है और शुद्ध करके शोभा पाता है ॥

५१९. **कुर्यात् कृष्णगतिः शेषं ज्वलितोग्निरनिलसारथिः ।**
न तु राज्ञाभिपन्नस्य शेषः क्वचन विद्यते ॥ शां० ६८।५०॥

धूमयुक्त, ज्वलित अग्नि जो वायु से प्रेरित है यह हो सकता है कि वह जलाने से कुछ शेष छोड़ दे, पर राजा से ग्रस्त हुए का कहीं भी शेष नहीं देखा जाता ॥

५२०. **न हि जात्ववमन्तव्यो मनुष्य इति भूमिपः ।**
महती देवता ह्येषा नररूपेण तिष्ठति ॥ शां० ६८।४०॥

यह समझ कर कि राजा मनुष्य है उस का तिरस्कार (अवज्ञा) न करे। वस्तुतः राजा एक महान् देव है जो मनुष्यरूप में अवतीर्ण हुआ है ॥

५२१ **स्विष्टिः स्वधीतिः सुतपा**
लोकाञ्जयति यावतः ।
क्षणेन तानवाप्नोति
प्रजा धर्मेण पालयन् ॥ शां० ७१।३०॥

विधिवत् यज्ञ-याग करने वाला, वेदाध्ययन करने वाला, तपस्वी जितने लोकों को जीतता है उन सब का राजा प्रजाओं का धर्मानुसार पालन करने से थोड़े ही समय में जीत लेता है ॥

५२२. **यद्यदाचरते राजा तत्प्रजानां स्म रोचते । शां० ७५।४।**

जो राजा करता है वह प्रजाओं को पसन्द आता है ।

५२३. **किमनडुहा यो न वहेत् किं धेन्वा याप्यदुग्धदा ।**
बन्ध्यया भार्यया कोऽर्थः कोर्थो राज्ञाप्यरक्षता ॥ शां० ७८।४१ ॥

उस बैल से क्या लाभ जो भार न ढोये, उस गौ से क्या लाभ जो दूध न दे, उस भार्या (पत्नी) से क्या लाभ जो बाँझ हो और उस राजा से क्या लाभ जो प्रजाओं की रक्षा नहीं करता ॥

५२४. **यं मन्येत ममाभावादिममर्थागमः स्पृशेत् ।**
नित्यं तस्माच्छङ्कितव्यममित्रं तं विदुर्बुधाः ॥ शां० ८०।११३॥

राजा जिसे समझे कि मेरे न होने से इस की समृद्धि होगी, उस से उसे नित्य शङ्कित रहना चाहिये। ऐसे पुरुष को विद्वान् शत्रु जानते हैं ॥

५२५. **अनायसेन शस्त्रेण मृदुना हृदयच्छिदा।**
जिह्वामुद्धर सर्वेषां परिमृज्यानुमृज्य च ॥ शां० ८१।१६॥

धात के न बने शस्त्र से जो मृदु भी हो और तीक्ष्ण भी, सब की जिह्वा को काट दे अर्थात् अन्नदान (तितिक्षा=क्षमा व नरमी) से सब को चुप करा दे जिससे लड़ाई झगड़ा न हो। इस से पूर्व परिमार्जन (दोषापनयन, बुराइयों को दूर करना) तथा अनुमार्जन (योग्य सत्कार से) गुणाधान (प्रीति उत्पन्न करना) करे ॥

५२६. **कृपणानाथवृद्धानां यदाश्रु व्यपमार्ष्टि वै।**
हर्षं संजनयन्नॄणां स राज्ञो धर्म उच्यते ॥ शां० ९१।३८॥

जब दीन-क्षीण मातापितृ-हीन तथा वृद्धों का आँसू पूंछता है और सब को हर्ष (खुशी) देता है, वह राजा के धर्म का पालन करता है ॥

५२७. **पुत्रस्यापि न मृष्येच्च स राज्ञो धर्म उच्यते। शां० ९१।३२।**

जब पुत्र के भी अपराध को नहीं सहता वह राजा का धर्म पालन करता है ॥

५२८. **महादृतिरिवाध्मातः सुकृते नैव वर्तते।**
ततः समूलो ह्रियते नदीकूलादिव द्रुमः ॥ शां० ९५।२१॥

बड़ी मशक की तरह फूला हुआ (राजा) शुभ कर्म में प्रवृत्त नहीं होता तब जड़ से ऐसे उखड़ जाता है जैसे नदी के तट से वृक्ष ॥

५२९. **राज्ञा सप्तैव रक्ष्याणि तानि चापि निबोध मे।**
आत्माऽमात्यश्च कोशश्च दण्डो मित्राणि चैव हि ॥ शां० ६९।६२॥

राजा को जिन सात की रक्षा करनी चाहिये वे मुझ से जान—आत्मा (अपना आप), अमात्य (सचिव, वजीर), दण्ड (=सेना) तथा मित्र।

५३०. **यथा बर्हाणि चित्राणि बिभर्ति भुजगाशनः।**
तथा बहुविधं राजा रूपं कुर्वीत धर्मवित् ॥ शां० १२०।४॥

जिस प्रकार भुजगाशन (सांप को खाने वाला, मोर) नाना रंगों के पंखों को धारण करता है उसी प्रकार राजधर्म को जानने वाला राजा नाना रूपों को धारण करे ।।

५३१. यस्मिन्नर्थे हितं यत् स्यात्तद्वर्णं रूपमाविशेत् ।
बहुरूपस्य राज्ञो हि सूक्ष्मोऽप्यर्थो न सीदति ।। शां० १२०।६।।

जिस कार्य (प्रयोजन) के लिये जो रूप हितकर हो उसे धारण करे। बहुरूपिये राजे की थोड़ी सी भी अर्थहानि नहीं होती ।।

५३२. नित्यं रक्षितमन्त्रः स्याद्यथा मूकः शरच्छिखी । शां० १२०।७।

राजा अपने मन्त्र (चिन्तन) के विषय में ऐसे चुप्पी धारण करे जैसे शरद् ऋतु का मोर ।

५३३. धिक् तस्य जीवितं राज्ञो राष्ट्रे यस्यावसीदति ।
अवृत्त्याऽन्त्यमनुष्योऽपि यो वैदेशिक इत्यपि ।। शां० १३०।३४।।

उस राजा के जीवन को धिक्कार है जिस के राज्य में जीविका के अभाव से चण्डाल भी दुःखी रहता है और विदेशी भी ।।

५३४. बलिषड्भागमुद्धृत्य बलिं समुपयोजयेत् ।
न रक्षति प्रजाः सम्यग् यः स पार्थिवतस्करः ।। शां० १३९।१००।।

प्रजाओं से आय (आमदनी) का छठा भाग लेकर उसे प्रजा के हित में लगाये। जो राजा प्रजाओं की भली भान्ती रक्षा नहीं करता, वह चोर है ।।

५३५. नास्य च्छिद्रं परो विद्याद् विद्याच्छिद्रं परस्य तु ।
गूहेत् कूर्म इवाङ्गानि रक्षेद् विवरमात्मनः ।। शां० १४०।२४।।

राजा के छिद्र (कमज़ोरी, कमी) को शत्रु न जाने, पर स्वयं शत्रु के छिद्र को जाने । कछुआ जैसे अपने अंगों को छिपा लेता है वैसे ही अपने छिद्र को छिपाये ।।

५३६. बकवच्चिन्तयेदर्थान् सिंहवच्च पराक्रमेत् । शां० १४०।२५।

राजा बगुले की तरह अपने इष्ट पदार्थों को ग्रहण करने का चिन्तन करे (बाहिर से ऐसा मालूम हो मानो वह उदासीन है, उसे कुछ नहीं चाहिये), पर सिंह की तरह शत्रु पर आक्रमण करे (एक दम लपके) ।

५३७. मृदुनैव मृदुं छिन्द्यान्मृदुना हन्ति दारुणम् ।
नासाध्यं मृदुना किंचित् तस्मात्तीक्ष्णतरो मृदुः ।। शां० १४०।६६।।

जो मृदु है उसे मृदु उपाय से (कठोर व्यवहार किये विना) काट दे और दारुण (भयानक, उग्र) को भी मृदु उपाय से मार दे। मृदु उपाय से सब कुछ साध्य है, अतः मृदु राजा अधिक तीक्ष्ण होता है ।।

५३८. गृध्रदृष्टिर्बकालीनः श्वचेष्टः सिंहविक्रमः ।
अनुद्विग्नः काकशङ्की भुजङ्गचरितं चरेत् ।। शां० १४०।६२।।

गीध की पैनी दृष्टिवाला, बगुले की तरह निश्चल, कुत्ते की तरह चापलोसी करने वाला अथवा चौकन्ना रहने वाला, सिंह की तरह शूर, घबराहट से रहित और कौए की तरह दूसरे पर शंका करने वाला होकर सांप की तरह चुपके से डसे ।।

५३९. काले यो मृदुर्भवति काले भवति दारुणः ।
संसाधयति कृत्यानि शत्रूंश्चाधितिष्ठति ।। शां० १४०।६७।।

जो (राजा) समय पर नरम होता है और समय पर सख्त, वह कार्यों को सिद्ध करता है और शत्रुओं को दवा डालता हैं ।।

५४०. आशया ह्यभिपन्नानामकृत्वाऽश्रुप्रमार्जनम् ।
राजा वा राजपुत्रो वा भ्रूणहत्यैव युज्यते ।। शां० ३६०।९।।

जो राजा अथवा युवराज आशा (उम्मीद से) पास आये लोगों के आंसू नहीं पोंछता वह गर्भहत्या के दोष का भागी होता है ।।

५४१. राज्ञश्चास्तु पुरोहितः (बिसस्तैन्यं करोति यः) । अनु० ९३।१३०।

जो बिस की चोरी करता है, वह राजा का पुरोहित हो (अर्थात् राजान्न के दूषित होने से राजा का पुरोहित होना भी निन्दित है) ।

५४२. तस्य राज्ञः परो धर्मो दमः स्वाध्याय एव च ।
अग्निहोत्रपरिस्पन्दो दानाध्ययनमेव च ।। अनु० १४१।४९।।

दम (इन्द्रिय दमन), वेदाभ्यास, अग्नि होत्र-क्रिया, दान तथा शास्त्रशीलन राजा का परम धर्म है ।।

५४३. **अश्वमेधसहस्रेण यो यजेत् पृथिवीपतिः ।**
पालयेद्वापि धर्मेण प्रजास्तुल्यं फलं लभेत् ।। आश्रम० ७।२३।।

जो राजा एक हजार अश्वमेध यज्ञ करे अथवा प्रजाओं का धर्म के अनुसार पालन करे, वह एकसा फल प्राप्त करे ।।

राष्ट्रम्

५४४. **क्लीबस्य हि कुतो राज्यं दीर्घसूत्रस्य वा पुनः । शां० ८।५।**

निर्वीर्य को राज्य की प्राप्ति कहाँ, अल्पकाल में साध्य कर्म को चिर काल में साधने वाले के लिये भी राज्य कहाँ ?

५४५. **दोग्ध्री धान्यं हिरण्यं च मही राज्ञा सुरक्षिता ।**
नित्यं स्वेभ्यः परेभ्यश्च तृप्ता माता यथा पयः ।। शां० ७१।१९।।

मही (=पृथ्वी, राष्ट्र) राजा से सुरक्षित होकर अपने और दूसरों के लिये धान (अनाज) और सोने को उगलती है जैसे तृप्त हुई माता (बच्चे के लिये) दूध देती है ।।

५४६. **वृद्धं राष्ट्रं क्षत्रियस्य भवति**
ब्रह्म क्षत्रं यत्र विरुध्यतीह । शां० ७३।८।

राजा का राष्ट्र (वृद्ध) छिन्न-भिन्न हो जाता है जब ब्राह्मण-जाति और क्षत्रिय जाति का परस्पर विरोध होता है ।

५४७. **न ब्रह्मचारी चरणादपेतो**
यदा ब्रह्म ब्रह्मणि त्राणमिच्छेत् ।
आश्चर्यतो वर्षति तत्र देव-
स्तत्राभीक्ष्णं दुःसहाश्चाविशन्ति ।। शां० ७३।१५।।

ब्रह्म (ब्राह्मण जातीय ब्रह्मचारी दस्यु-डाकू आदि के भय के कारण) अपनी वेद-शाखा पढ़कर आगे वेदाभ्यास को छोड़कर अपनी रक्षा के लिये राजा की शरण जाये, ऐसा मत हो । जहाँ दस्यु आदि से रक्षा नहीं होती वहाँ दुःसहाः (मारी दुर्भिक्ष आदि) व्याप्त होते हैं ।।

५४८. **यदप्यल्पतरं कर्म तदप्येकेन दुष्करम् ।**
पुरुषेणासहायेन किमु राज्यं पितामह ।। शां० ८०।१।।

हे पितामह ! जो छोटा सा काम है उसे भी दूसरे की सहायता के बिना अकेला नहीं कर सकता, फिर राष्ट्र का चलाना तो दूर रहा ॥

५४९. **मा ते राष्ट्रे याचनका भूवन्मा चापि दस्यवः । शां० ८८।२४।**

तेरे राष्ट्र में भिखारी मत हों और डाकू भी मत हों।

५५०. **बहुप्रत्यर्थिकं ह्येतद्राज्यं नाम कुरूद्वह । आश्रम० ३६।१२।**

हे कुरु श्रेष्ठ ! यह सच है कि राष्ट्र के नाना विरोधी होते हैं।

लोभः

५५१. **मधु वै माध्विको लब्ध्वा प्रपातं नैव बुध्यते ।**
आरुह्य तं मज्जति वा पतनं वाऽधिगच्छति ॥ सभा० ६२।५॥

मधु (शहद, शहद का छज्जा) को देख कर माध्विक (मधु का विक्रय करने वाला) लोभाक्रुष्ट होकर प्रपात (ढलान रहित चट्टान) को नहीं देखता। यदि चढ़ने में सफल हो जाता है तो मधु में डूब जाता है (बहुत सा मधु इकट्ठा कर लेता है) नहीं तो गिर पड़ता है (और प्राण खो बैठता है) ॥

५५२. **यथैधः स्वसमुत्थेन वह्निना नाशमृच्छति ।**
तथाऽकृतात्मा लोभेन सहजेन विनश्यति ॥ वन० २।३८॥

जैसे ईंधन अपने से उठी हुई अग्नि से जल जाता है, वैसे ही अकृत-मति (विनय-रहित, शिक्षा-शून्य) पुरुष अपने अन्दर उत्पन्न हुए लोभ से नष्ट हो जाता है ॥

५५३. **लोभं हित्वा सुखी भवेत् । वन० ३१३।७८।**

लोभ को त्याग कर सुखी होवे ।

५५४. **विषमं नहि मन्यन्ते प्रपातं मधुदर्शिनः । उ० ५१।२६।**

मधु को देखने वाले विषम चट्टान को नहीं देखते ।

५५५. **अक्षमा ह्रीपरित्यागः श्रीनाशो धर्मसंक्षयः ।**
अभिध्याऽप्रख्यता चैव सर्वं लोभात्प्रवर्तते ॥ शां० १५८।५॥

अक्षमा (क्षमा का अभाव), लज्जा का त्याग, धन का नाश, धर्म की हानि, अभिध्या (चिन्ता, पर-द्रव्य लेने की सोच), अप्रख्यता (=अशोभा, अपकीर्ति)—ये सब लोभ से उत्पन्न होते हैं ॥

वशीकरणम्

(वस में करने का उपाय)

५५६. **नेहीदृशं संवननं त्रिषु लोकेषु विद्यते ।**
यथा मैत्री च भूतेषु दानं च मधुरा च वाक् ॥ आदि० ८७।१२॥

तीनों लोकों में ऐसा वशीकरण मन्त्र कोई नहीं जैसा प्राणियों के साथ मैत्री (प्रीति), दान और मीठी वाणी ॥

५५७. **अविसंवादनं दानं समयस्याव्यतिक्रमः ।**
आवर्तयन्ति भूतानि सम्यक् प्रणिहिता च वाक् ॥ उ० ३८।३६॥

वञ्चना-शून्य दान (कहकर न देना, जितना देने को कहना उतना न देना वह **विसंवादन** हे, तद्-विपरीत **अविसंवादन**), देने को कहे हुए समय को न टालना, और सुप्रयुक्त वचन—ये प्राणियों को अपनी ओर (दाता की ओर) खेंच लेते हैं ॥

विद्या

५५८. **त्रयी वार्ता दण्डनीतिस्तिस्रो विद्या विजानताम् ।**
ताभिः सम्यक् प्रयुक्ताभिर्लोकयात्रा विधीयते ॥ वन० १५०।३१॥

त्रयी (वेद-विद्या), वार्ता (वाणिज्य, वणिक् व्यापार) दण्ड-नीति (प्रजा-शासन करने की विद्या)—बुद्धिमानों के लिये तीन विद्यायें हैं। इन का सत्प्रयोग करने से जीवन-निर्वाह होता है ॥

५५९. **विद्या योगेन रक्ष्यते । उ० ३४।३९।**

विद्या अभ्यास से सुरक्षित रहती है ।

५६०. **श्रद्दधानः शुभां विद्यां हीनादपि समाचरेत् ।**
सुवर्णमपि चामेध्यादाददीताविचारयन् ।। शां० १६५।३१।।

श्रद्धावान् पुरुष शुभ विद्या को निकृष्ट जाति वाले से भी ग्रहण करे, अपवित्र स्थान में पड़े हुए सोने को बिना शंका किये उठा ले ।।

५६१. **विद्यां मानापमानाभ्याम् (रक्षेत्) । शां० १८९।१०।**

मान (सत्कार) और अपमान (अनादर)—इन दोनों से विद्या की हानि होती है, इनसे विद्या को बचाये ।

५६२. **नास्ति विद्यासमं चक्षुः । शा० २७७।३६।**

विद्या के बराबर कोई आँख नहीं ।

विवाहः

५६३. **ययोरेव समं वित्तं ययोरेव समं कुलम् ।**
तयोः सख्यं विवाहश्च न तु पुष्टविपुष्टयोः ।। आदि० १३१।१०।।

जिन दो का धन बराबर हो, जिन दो का कुल बराबर हो, उन दो की मैत्री और विवाह-सम्बन्ध होता है, सबल और दुर्बलों का नहीं ।।

५६४. **न च विप्रेष्वधीकारो विद्यते वरणं प्रति ।**
स्वयंवरः क्षत्रियाणामितीयं प्रथिता श्रुतिः ।। आदि० १८९।७।।

ब्राह्मणों को स्वयंवर का अधिकार नहीं, स्वयंवर का क्षत्रियों को ही अधिकार है ऐसा प्रसिद्ध वचन है जिसे हम सुनते आये हैं ।।

५६५. **एकस्य बह्व्यो विहिता महिष्यः कुरुनन्दन ।**
नैकस्या बहवः पुंसो विधीयन्ते कदाचन ।। आदि० १९५।२७।।

हे कुरुनन्दन ! एक राजा की अनेक रानियों का विधान तो है, पर एक स्त्री के (एक साथ) नाना पतियों का विधान कभी नहीं हुआ ।। नैकस्या बहवः पुंसः श्रूयन्ते पतयः क्वचित्—ऐसा पाठ भी है। अर्थ में कुछ भेद नहीं ।

५६६. **प्रदानमपि कन्यायाः पशुवत्कोऽनुमंस्यते ।**
विक्रयं चाप्यपत्यस्य कः कुर्यात् पुरुषो भुवि ।। आदि० २२१।४।।

पशु की तरह कन्या-दान कौन स्वीकार करेगा। इस पृथिवी पर कौन ऐसा है जो पुत्र व पुत्री को बेचेगा ।।

५६७. **सकृत्कन्या प्रदीयते। वन० २९४।२६।**

कन्या विवाह में एक बार ही दी जाती है।

५६८. **विषादप्यमृतं ग्राह्यं स्त्रीरत्नं दुष्कुलादपि। शां० १६५।३२।**

विष से भी अमृत को निकाल ले, उत्तम स्त्री को दुष्ट (नीच) कुल से भी लेले।

५६९. **यस्यास्तु न भवेद् भ्राता पिता वा भरतर्षभ।**
नोपयच्छेत तां जातु पुत्रिकाधर्मिणी हि सा॥ अनु० ४४।१५॥

जिस कन्या का कोई भाई न हो और पिता भी न हो, उसे न विवाहे, कारण कि वह पुत्रिका (गोद में ली हुई पुत्री) के समान होगी (उसका पितृकुल से जुड़ने की शंका रहती है)।

५७० **ये च क्रीणन्ति दासीवद्ये च विक्रीणते जनाः।**
भवेत्तेषां तथा निष्ठा लुब्धानां पापचेतसाम्॥ अनु० ४४।४७॥

जो लोग कन्या को दासी की तरह खरीदते हैं अथवा बेचते हैं उन पापी लालची लोगों के लिये शुल्क से (निष्ठा) भार्यात्व की सिद्धि हो जाती है॥

५७१. **आर्षे गोमिथुनं शुल्कं केचिदाहुर्मृषैव तत्।**
अल्पं वा वहु वा राजन् विक्रयस्तावदेव सः॥ अनु० ४५।२०॥

कोई कहते हैं—आर्ष विवाह में दो गौएँ शुल्क रूप से वरपक्ष-वाले देवें यह मिथ्या है (अनुचित है)। शुल्क थोड़ा हो या बहुत, विक्रय तो है ही (अर्थात् वह कन्या दान नहीं)॥

५७२. **महाकुले निवेष्टव्यं सदृशे वा युधिष्ठिर।**
अवरा पतिता चैव न ग्राह्या भूतिमिच्छता॥ अनु० १०४।१३६॥

हे युधिष्ठिर! बड़े कुल में विवाह करना चाहिये अथवा अपने तुल्य कुल में। अपना भला चाहने वाला पुरुष नीच कुल की अथवा पतित कन्या का पाणिग्रहण न करे॥

वृत्तम्

५७३. **कुलं वृत्तेन रक्ष्यते। उ० ३४।३९।**

कुल की रक्षा वृत्त सद्व्यवहार (सच्चरित्र) से होती है ।

५७४. **वृत्तं यत्नेन संरक्षेद् वित्तमेति च याति च ।**
अक्षीणो वित्ततः क्षीणो वृत्ततस्तु हतो हतः ।। उ० ३६।३०।।

अपने चरित्र की यत्न से रक्षा करे । वित्त (धन) आता है और जाता है । वित्त के नाश होने पर कुछ भी नष्ट नहीं होता, पर वृत्त (चरित्र) के नाश होने पर पुरुष नष्ट हो जाता है ।।

५७५. **कपाले यद्वदापः स्युः श्वदृतौ च यथा पयः ।**
आश्रयस्थानदोषेण वृत्तहीने तथा श्रुतम् ।। शां० ३६।४२।।

जिस प्रकार खोपड़ी (खप्पर) पर (शुद्ध) जल पड़ा हो, अथवा कुत्ते की खाल पर (गौ का) दूध पड़ा हो उसी प्रकार आश्रित-स्थान के दुष्ट (अनिष्ट, बुरा) होने के कारण चरित्रहीन पुरुष में विद्या पड़ी हुई समझनी चाहिये ।।

(गोक्षीरं श्वदृतौ यथा---पाठान्तर है)

५७६. **न योनिर्नापि संस्कारो न श्रुतं न च संनतिः ।**
कारणानि द्विजत्वस्य वृत्तमेव तु कारणम् ।। अनु० १४३।५०।।

ब्राह्मणत्व में न तो योनि (ब्राह्मणी के गर्भ से जन्म) कारण है, न गर्भाधानादि संस्कार, न विद्या और न ही नम्रता कारण है । शुद्ध चरित्र ही एकमात्र कारण है ।।

वृद्धः

५७७. **न तेन वृद्धो भवति येनास्य पलितं शिरः ।**
बालोपि यः प्रजानाति तं देवाः स्थविरं विदुः ।। वन० १३३।११।।

वह वृद्ध नहीं जिसके सिर के बाल सफेद हो गये हैं । देवता उसे वृद्ध कहते हैं जो ज्ञानवान् हो चाहे अभी बाल ही है ।।

५७८. **श्रोतव्यं खलु वृद्धानामिति शास्त्रनिदर्शनम् ।**
न त्वेव ह्यतिवृद्धानां पुनर्बाला हि ते मताः ।। उ० १६८।२६।।

वृद्धों की बात को सुनना चाहिये ऐसा शास्त्र का निर्देश है । पर अति-वृद्धों की नहीं, क्योंकि वे फिर बालकपन को प्राप्त हो जाते हैं ऐसा माना जाता है ।

५७९. इदानीं पार्थ जानामि न वृद्धाः सेवितास्त्वया ।
कालेन पुरुषव्याघ्र संरम्भं यद्भवानगात् ।। कर्ण० ६९।१६।।

हे पार्थ (पृथा=कुन्ती के पुत्र) अब मैंने जाना कि तूने वृद्धों की संगति नहीं की, क्यों कि तू (क्रोध का) समय न होने पर भी क्रोध में आ गया है ।।

५८०. मेधावी वृद्धसेवया । अनु० १६३।१२।

वृद्धों की सेवा से बुद्धिमान् होता है ।

वैरम्

५८१. वैरं विकारं सृजति तद्वै शस्त्रमनायसम् । सभा० ५६।११।

वैर विगाड़ को उत्पन्न करता है । वैर शस्त्र है, पर धात से बना हुआ नहीं ।

५८२. न वैराण्यभिजानन्ति गुणान्पश्यन्ति नागुणान् ।
विरोधं नाधिगच्छन्ति ये त उत्तमपूरुषाः ।। सभा०७३।६।।

वे उत्तम पुरुष हैं जो वैर का स्मरण नहीं करते, गुणों को देखते हैं दुर्गुणों को नहीं और विरोध नहीं करते ।।

५८३. वैरं पञ्चसमुत्थानं तच्च बुध्यन्ति पण्डिताः ।
स्त्रीकृतं वास्तुजं वाग्जं ससापत्नापराधजम् ।। शां० १३९।४२।।

वैर पाँच कारणों से उत्पन्न होता है—स्त्री के कारण (जैसे कृष्ण और शिशुपाल का), भूमि के कारण (जैसे कुरु पाण्डवों का), वाणी (अनुचित कटु शब्दों का प्रयोग) से (जैसे द्रुपद और द्रोण का), जाति वैर (जैसे चूहे और बिल्ले का) और अपकार करने से ।।

वैश्यः

५८४. धनज्येष्ठाः स्मृता वैश्याः । उ० १६८।१७।

वैश्यों की श्रेष्ठता धन से मानी गई है ।

५८५. अदक्षो निन्द्यते वैश्यः । सौ० ३।२०।

जो वैश्य चतुर अथवा व्यवसाय-शील नहीं उसकी निन्दा होती है ।

शत्रुः

५८६. वहेदमित्रं स्कन्धेन यावत्कालस्य पर्ययः ।
ततः प्रत्यागते काले भिन्द्याद् घटमिवाश्मनि ।। आदि० १४०।२१-२२।।

शत्रु को कन्धे पर उठाये जब तक समय विपरीत है । समय के लौटते (अनुकूल होते ही) उसे ऐसे नष्ट कर दे जैसे घड़े को पत्थर पर मार कर फोड़ा जाता है ।

५८७. भार्याभिहर्ता वैरी यो यश्च राज्यहरो रिपुः ।
याचमानोपि सङ्ग्रामे न मोक्तव्यः कथं चन ।। वन० २७१।४६।।

भार्या को हरण करने से जो वैरी तथा राज्य छीन लेने से जो वैरी, युद्ध में प्राण-दान मांगते हुए को भी उसे कभी छोड़ना नहीं चाहिये ।।

५८८. न शत्रुर्वशमापन्नो मोक्तव्यो वध्यतां गतः । उ० ३८।२९।

शत्रु जब वश में आ गया हो और वध्य हो, तो उसे छोड़ना नहीं चाहिये ।

५८९. न च शत्रुरवज्ञेयो दुर्बलोपि बलीयसा ।
अल्पोपि दहत्यग्नि विषमल्पं हिनस्ति च ।। शां० ५८।१७।।

बलवान् को भी अपने दुर्बल शत्रु की अवहेलना नहीं करनी चाहिये (उसे तुच्छ नहीं समझना चाहिये) । थोड़ी सी अग्नि (नन्हा सा अंगार) भी जला देती है और थोड़ा सा भी विष मार डालता है ।।

५९०. अरेर्हि दुर्हृदाद् भेयं भग्नपृष्ठादिवोरगात् । शां० ८२।५५।

दुष्ट शत्रु से ऐसे डरे जैसे उस सांप से जिस की पीठ दण्ड-प्रहार (डंडा मारने) से टूट गई है ।

शिष्य :

(ब्रह्मचारी)

५९१. आहूताध्यायी गुरुकर्मस्वचोद्यः
पूर्वोत्थायी चरमं चोपशायी।
मृदुर्दान्तो धृतिमानप्रमत्तः
स्वाध्यायशीलः सिध्यति ब्रह्मचारी ॥ आदि० ९१।२॥

बुलाये जाने पर पढ़ने वाला, बिना प्रेरणा गुरु सेवा में लगने वाला, गुरु से पहले जागने वाला और पीछे उसके पास सोने वाला, कोमल, शान्त (संयमी), धीरज वाला प्रमाद से रहित, वेदाभ्यासी ब्रह्मचारी सिद्धि को प्राप्त होता है ॥

५९२. पुत्रादनन्तरं शिष्य इति धर्मविदो विदुः। वि० ५०।२१।

शिष्य पुत्र से दूसरे दर्जे पर है ऐसा धर्म जानने वाले जानते हैं।

५९३. सूर्येणाभ्युदितो यश्च ब्रह्मचारी भवत्युत।
तथा सूर्याभिनिर्मुक्तः (स गर्हितः)। शां० ३४।३॥

जिस ब्रह्मचारी के सोते हुए (शय्या त्यागने से पहले) सूर्य निकल आये और सो जाने के पीछे सूर्य छिपे वह गर्हित (निन्दित) होता है ॥

५९४. खादन्नेको जपन्नेको सर्पन्नेको युधिष्ठिर।
एकस्मिन्नेव चाचार्ये शुश्रूषुर्मलपङ्कवान् ॥ शां० ६१।१८॥

ब्रह्मचारी अकेला (=एकान्त में) खाये, अकेला मन्त्र जप करे, अकेला ही सर के (झुक कर निःशब्द गति से चले), एक ही आचार्य की सेवा-शुश्रूषा करे और कुचैल को धारण करे ॥

५९५. कर्मातिशेषेण गुरावध्येतव्यं बुभूषता। शां० २४२।१९।

बढ़ना चाहते हुए ब्रह्मचारी को गुरु की सेवा से बचे हुए समय में गुरु से पढ़ना चाहिये।

५९६. **नाभुक्तवति चाश्नीयादपीतवति नो पिबेत् ।**
न तिष्ठति तथासीत नासुप्ते प्रस्वपेत च ।। शां० २४२।२१।।

(गुरु) जब तक न खाये, शिष्य न खाये, गुरु जब तक जल न पीये, स्वयम् भी जल न ग्रहण करे, जब गुरु खड़ा हो तब बैठे नहीं, और जब तक सो नहीं जाता तब तक न सोये ।।

५९७. **यथा हि कनकं शुद्धं तापच्छेदनिकर्षणैः ।**
परीक्षेत तथा शिष्यानीक्षेत कुलगुणादिभिः ।। शां० ३२७।४६-४७।।

जैसे सोने की शुद्धि की परीक्षा तपाने, काटने तथा कसौटी पर रगड़ने से की जाती है वैसे ही शिष्य की योग्यता (पात्रता) की परीक्षा उसके कुल और गुणों (प्रज्ञा, मेधा, वृत्त, शील) को देख कर करे ।।

शीलम्

५९८. **शीलेन हि त्रयो लोकाः शक्या जेतुं न संशयः ।**

सत्-स्वभाव से तीनों लोकों को जीता जा सकता है, इसमें सन्देह नहीं ।

५९९. **न बान्धवा न च वित्तं न कौल्यं**
न च श्रुतं न च मन्त्रा न वीर्यम् ।
दुःखात् त्रातुं सर्व एवोत्सहन्ते
परत्र शीलेन तु यान्ति शान्तिम् ।। शां० २८६।१५।।

न बन्धु, न धन, न कुलीनता, न विद्या, न मन्त्र और न अपना सामर्थ्य मनुष्य को दुःख से बचा सकता है । शील ही से परलोक में शान्ति को प्राप्त होते हैं ।।

६००. **सर्वे च वेदाः सह षड्भिरङ्गैः**
साङ्ख्यं पुराणं च कुले च जन्म ।
नैतानि सर्वाणि गतिर्भवन्ति ।
शीलव्यपेतस्य नृप द्विजस्य ।। अनु० २२।१२।।

छह अंगों सहित चारों वेद, साङ्ख्य दर्शन तथा पुराण—ये सभी शील-भ्रष्ट पुरुष की रक्षा नहीं करते ॥

६०१. **आर्यरूपसमाचारं चरन्तं कृतके पथि ।**
सुवर्णमन्यवर्णं वा सुशीलं शास्ति निश्चये ॥ अनु० ४८।४५॥

आर्यों के वेष और आचार का पालन करने वाला तथा कृतकमार्ग पर चलने वाला उत्तमवर्ण का है या अधम वर्ण का—यह कार्य की समाप्ति पर शील ही बतलाता है ॥

शूद्रः

६०२. **शूद्रास्तु वयसाऽधिकाः ।** उ० १६८।१७।

शूद्रों में वय (अवस्था) की दृष्टि से बडप्पन माना जाता है ।

६०३. **शूद्रश्च प्रतिकूलवाक्** (निन्द्यते) । सौ० ३।२०।

आज्ञा को न मानने वाला शूद्र निन्दित होता है ।

६०४. **न हि स्वमस्ति शूद्रस्य भर्तृहार्यधनो हि सः ।** शां० ६०।३७।

शूद्र का अपना कुछ नहीं होता । उस के धन को स्वामी जब चाहे ले सकता है ।

६०५. **वृषो हि भगवान् धर्मो यस्तस्य कुरुते ह्यलम् ।**
वृषलं तं विदुर्देवाः......................॥ शां० ९०।१५॥

'वृष' नाम सर्व प्रभु धर्म का है, उसका जो निषेध करता है विद्वान् उसे 'वृषल' (शूद्र) कहते हैं ।

६०६. **सर्वभक्ष्यरतिर्नित्यः सर्वकर्मकरोऽशुचिः ।**
त्यक्तवेदस्त्वनाचारः स वै शूद्र इति स्मृतः ॥ शां० १०९।७॥

जिसकी सर्व प्रकार के भक्ष्य में रुचि है (अर्थात् जिसके लिये अभक्ष्य कुछ भी नहीं), जो सब तरह के (ऊँच-नीच) कर्म करता है, जो अपवित्र (स्नानादि से रहित) है, जिस ने वेद को त्यागा हुआ है (जो वेदाध्ययन से वहिष्कृत है) और आचारहीन है वह शूद्र है ॥

शोकः

६०७. **न विषादे मनः कार्यं विषादो विषमुत्तमम् । वन० २१६।२४।**

शोक में मन को न लगाये । शोक बहुत बड़ा विष है ।

६०८. **न शोकः शोचमानस्य विनिवर्तेत कर्हिचित् ।**
यदा च शोचतः शोको व्यसनं नापकर्षति ॥ वन० २४६।३७॥

शोक करने वाले का शोक कभी टलता नहीं । शोक करते हुए का शोक व्यसन (=दुःख) को कम नहीं करता ॥

६०९. **शोचतो हि महाराज अघमेवाभिवर्धते ।**
तस्माच्छोकं परित्यज्य श्रेयसे प्रयतेद् बुधः ॥ द्रोण० ७१।१६॥

हे महाराज ! शोक करते हुए (पुरुष) का दुःख बढ़ता है । अतः शोक को छोड़कर बुद्धिमान् पुरुष अपने कल्याण के लिये प्रयत्न करे ॥

६१०. **नास्ति शोके सहायता । स्त्री० १।६।**

शोक (दुःख निवारण आदि में) सहायता नहीं करता ।

६११. **नाशोचन् मृतमन्वेति न शोचन् म्रियते नरः ।**
एवं सांसिद्धिके लोके किमर्थमनुशोचसि ॥ स्त्री० ६।१२॥

शोक न करता हुआ मरे पुरुष का अनुगमन (पीछे जाना) नहीं करता और शोक करता हुआ भी उसके साथ नहीं मरता । जब लोकमात्र का स्वभाव ऐसा है तब तू शोक क्यों करता है ?

६१२. **शोककाले शुचो मा त्वं हर्षकाले च मा हृषः ।**
अतीतानागतं हित्वा प्रत्युत्पन्नेन वर्तय ॥ शां० २२७।६५॥

शोक के समय शोक मत कर और हर्ष के समय खुशी से फूल मत । भूत और भविष्यत् की चिन्ता को छोड़ कर जो वर्तमान में तुम्हें प्राप्त होता है उस से निर्वाह कर ।

६१३. **मृतं वा यदि वा नष्टं योऽतीतमनुशोचति ।**
दुःखेन लभते दुःखं द्वावनर्थौ प्रपद्यते ॥ शां० ३३०।९॥

मरे हुए अथवा नष्ट हुए अतीत पदार्थ का जो शोक करता है वह दुःख के द्वारा दुःख को प्राप्त होता है, अथवा दो अनर्थों को प्राप्त होता है ॥

श्रेयः

६१४. श्रेयस्तैलं हि पिण्याकाद् घृतं श्रेय उदश्वितः ।
श्रेयः पुष्पफलं काष्ठात् कामो धर्मार्थयोर्वरः ॥ शां० १६७।३५॥

तेल खली से अच्छा है, घी छास से अच्छा है, पुष्प फल काठ (तना आदि) से अच्छा है और काम धर्म और अर्थ से अच्छा है ॥

६१५. गुरुपूजा च सततं वृद्धानां पर्युपासनम् ।
श्रवणं चैव शस्त्राणां कूटस्थं श्रेय उच्यते ॥ शां० २८७।२॥

गुरु की पूजा और वृद्धों की लगातार सेवा, शास्त्रों का पढ़ना—यह स्थायी (अविनाशी) कल्याण है ॥

६१६. शास्त्रं यदि भवेदेकं श्रेयो व्यक्तं भवेत्तदा ।
शास्त्रैश्च बहुभि र्भूयः श्रेयो गुह्यं प्रवेशितम् ॥

शास्त्र यदि एक हो तो श्रेय (कल्याण) का स्वरूप निःसन्देह रूप से प्रकट हो जाये। नाना शास्त्रों के द्वारा श्रेय का स्वरूप गुफा में छिप गया है ॥

६१७. मार्दवं सर्वभूतेषु व्यवहारेषु चार्जवम् ।
वाक् चैव मधुरा प्रोक्ता श्रेय एतदसंशयम् ॥ शां० २८७।१७-१८॥

सब प्राणियों के प्रति नरमी तथा व्यवहारों में सरलता (सीधापन, सचाई)—यह निःसन्देह श्रेय (कल्याण) है ॥

संयमः

६१८. यः समुत्पतितं क्रोधं निगृह्णाति हयं यथा ।
स यन्तेत्युच्यते सद्भिर्न यो रश्मिषु लम्बते ॥ आदि० ७९।२॥

जो उत्पन्न होते हुए क्रोध को वश में कर लेता है जैसे घोड़े को, विद्वान् उसे नियन्ता (सारथि) कहते हैं न कि जो बागों को पकड़ता है ॥

६१९. इन्द्रियाणां प्रसङ्गेन दोषमार्च्छत्यसंशयम्।
सन्नियम्य तु तान्येव ततः सिद्धिं समाप्नुयात् ॥ वन० २११।२१॥

इन्द्रियों की विषयों में आसक्ति होने से निःसन्देह विकार को प्राप्त होता है। पर इन्द्रियों को वश में करके (अर्थात् विषयों से हटा कर, अपने अधीन कर के) जीवन को सफल वनाता है॥

६२०. प्रसृतैरिन्द्रियै र्दुःखी तैरेव नियतैः सुखी। शां० २०४।६।

इन्द्रियों के विषयों से सम्बद्ध होने पर दुःखी होता है, उन से रोकी हुई होने से सुखी होता है।

संयोगः

६२१. संयोगा विप्रयोगान्ता जातानां प्राणिनां ध्रुवम्।
बुद्बुदा इव तोयेषु भवन्ति न भवन्ति च ॥ शां० २७।३०॥

जन्मे हुए प्राणियों के सभी संयोग (मेल, जोड़) वियोगान्त होते हैं (अर्थात् संयोग नित्य नहीं हैं, कुछ समय पीछे वियोग (जुदायी) हो जाता है)। पानी में बुलबुलों की तरह संयोग उत्पन्न होते हैं और नष्ट हो जाते हैं॥

६२२. यथा काष्ठं च काष्ठं च समेयातां महोदधौ।
समेत्य च व्यपेयातां तद्वद् भूतसमागमः ॥ शां० २०।३६॥

जैसे समुद्र में (तैरती हुई) एक लकड़ी दूसरी लकड़ी से (दैवयोग से) मिल जाती है और मिलकर फिर जुदा हो जाती है, ऐसे ही प्राणियों का संयोग और वियोग होता है॥

६२३. अनित्ये प्रियसंवासे संसारे चक्रवद्गतौ।
पथि संगतमेवैतद् भ्राता माता पिता सखा ॥ शां० २८।२१॥

चक्र की तरह घूमते हुए संसार में अपने इष्ट (प्यारों का) सहवास नित्य नहीं है। माता-पिता भ्राता, मित्र यह सब यात्रा में अकस्मात् (अचानक) समागम के समान हैं।

६२४. नायमत्यन्तसंयोगो लभ्यते जातु केन चित्।
अपि स्वेन शरीरेण किमुतान्येन केन चित् ॥ शां० २८।५२॥

कोई भी नित्य संयोग का भागी नहीं, यहां तक कि अपने शरीर के साथ नित्य संयोग नहीं, और किसी के साथ संयोग तो दूर रहा॥

६२५. **वियोगे दोषदर्शी यः संयोगं स विसर्जयेत् ।**
असङ्गे सङ्गमो नास्ति दुःखं भुवि वियोगजम् ॥ आश्रम० ३४।१५॥

जो वियोग में दोष (दुःख) को देखता है वह संयोग को त्याग दे। (जो आत्मा) असङ्ग है उसके साथ अन्य पदार्थों का संग कैसा। लोक में पदार्थों से वियोग मानने से दुःख उपजता है ॥

सङ्गतिः

६२६. **येषां त्रीण्यवदातानि विद्या योनिश्च कर्म च ।**
तान्सेवेत् तैः समास्या हि शास्त्रेभ्योपि गरीयसी ॥ वन० १।२७॥

जिन में तीन शुद्ध (निर्मल, निर्दोष, निष्कलङ्क) हैं—विद्या, योनि तथा कर्म, उनकी सेवा करे, उनके साथ संगति शास्त्रों की संगति से भी बढ़ कर है ॥

६२७. **असतां दर्शनात्स्पर्शात्संजल्पाच्च सहासनात् ।**
धर्माचाराः प्रहीयन्ते सिध्यन्ति च न मानवाः ॥ वन० १।२९॥

दुर्जनों के दर्शन, स्पर्शन, संलाप (बातचीत) और संगति से धर्मा-चरण नष्ट हो जाता है, और मनुष्यों को सिद्धि प्राप्त नहीं होती ॥

६२८. **बुद्धिश्च हीयते पुंसां नीचैः सह समागमात् ।**
मध्यैर्मध्यतां याति श्रेष्ठतां याति चोत्तमैः ॥ वन० १।३०॥

पुरुषों की बुद्धि नीचों के साथ संगति करने से हीन क्षीण (नष्ट) हो हो जाती है, दरमियाने लोगों के साथ संगति करने से दरमियाने दर्जे की हो जाती है और उत्तम लोगों के साथ संगति करने से उत्तम हो जाती है ॥

६२९. **सतां सद्भिर्नाफलः संगमोस्ति । वन० २९७।४७।**

सज्जनों की संगति कभी विफल नहीं जाती।

६३०. **यौनात्सम्बन्धाल्लोके विशिष्टं संगतं सताम् । द्रोण० ४।१३।**

योनि-कृत सम्वन्ध से सज्जनों की संगति बढ़कर है।

६३१. **शुष्केणार्द्रं दह्यते मिश्रभावान्-**
न मिश्रः स्यात्पापकृद्भिः कथं चित् ॥ शां० ७३।२३॥

सूखे ईंधन के साथ मिल जाने से गीला ईंधन भी जल जाता है, अतः दुर्जनों के साथ कभी भी मेल न करे ॥

६३२. **बहूनां कलहो नित्यं द्वयोः संकथनं ध्रुवम् । शां० १७८।१३।**

बहुत इकट्ठे होंगे तो झगड़ा होगा और दो मिलेंगे तो बात चीत (अवश्य) होगी ।

६३३. **अबुद्धसेवनाच्चापि बुद्धोप्यबुद्धतां व्रजेत् । शा० ३०४।१०।**

मूर्ख की संगति करने से बुद्धिमान् भी मूर्ख हो जाता है ।

६३४. **दोषदर्शी तु गार्हस्थ्ये यो व्रजत्याश्रमान्तरे ।**
उत्सृजन्परिगृह्ण्ंश्च सोपि सङ्गान्न मुच्यते ।। शां० ३२०।४४।।

जो गृहस्थाश्रम में संग-दोष देखता हुआ दूसरे आश्रम (वान-प्रस्थ) को चला जाता है । त्याग और ग्रहण करता हुआ वह भी संग से निर्मुक्त नहीं होता ।।

सङ्ग्राम.

६३५. **एकेन सह संयुक्तः प्रपन्नो विमुखस्तथा ।**
क्षीणशस्त्रो विवर्मा च न हन्तव्यः कदाचन ।। भीष्म० १।३१।।

जो एक (दूसरे) के साथ युद्ध में जुड़ा हुआ है, जो शरणागत है, जो युद्ध भूमि से भाग रहा है, जिस का कवच नष्ट हो गया है ऐसे योद्धा को कभी मारना नहीं चाहिये ।।

६३६. **न सूतेषु न धुर्येषु न च शस्त्रोपनायिषु ।**
न भेरीशङ्खवादेषु प्रहर्तव्यं कदाचन ।। भीष्म० १।३२।।

सारथियों पर, रथ में युक्त घोड़ों पर, योद्धा को शस्त्र पहुँचाने वालों पर, युद्ध-दुन्दुभि (नगाड़ा) और शङ्ख बजाने वालों पर प्रहार न करे ।।

६३७. **न प्रमत्ताय भीताय विरथाय प्रयाचते ।**
व्यसने वर्तमानाय प्रहरन्ति मनस्विनः ।। द्रोण० १४३।८।।

जो सावधान नहीं, जो डरा हुआ है, जिसका रथ टूट गया है, जो प्राणों की भिक्षा माँगता है और जो कष्ट में है—इन पर मनस्वी (उदार मन वाले)लोग प्रहार नहीं करते ।

६३८. प्रकीर्णकेशे विमुखे ब्राह्मणेऽथ कृताञ्जलौ । कर्ण० ९०।१११।

६३९. शरणागते न्यस्तशस्त्रे याचमाने तथार्जुन ।
अबाणे भ्रष्टकवचे भ्रष्टभग्नायुधे तथा ।। कर्ण० ९०।११२।।

६४०. न विमुञ्चन्ति शस्त्राणि शूराः साधुव्रते स्थिताः । कर्ण० ९०।११३।

जिसने बाल बिखेरे हुए हैं, जो युद्ध से पराङ्मुख है, जो ब्राह्मण है, जो हाथ जोड़े हुए है, जो शरण में आ गया है, जिस ने शस्त्र त्याग दिया है, जो क्षमा मांगता है, जिस के तूणीर (तर्कश) में बाण समाप्त हो गये हैं, जिसका कवच गिर गया है और जिस का हथियार गिर गया अथवा टूट गया है—ऐसे लोगों पर सज्जनों का व्रत धारण करने वाले शस्त्र नहीं छोड़ते ।।

६४१. मत्तोन्मत्तप्रमत्तेषु न शस्त्राण्युपधारयेत् । सौ० ६।२०।

मदिरा से मत्त (बेहोश), उन्मत्त (पागल) और प्रमत्त (गाफिल) पर शस्त्र न उठाये ।।

६४२. न च सुप्तं प्रमत्तं वा न्यस्तशस्त्रं कृताञ्जलिम् ।
धावन्तं मुक्तकेशं वा हन्ति पार्थो धनञ्जयः ।। सौ० ८।१२५।।

पृथापुत्र अर्जुन सोए हुए, असावधान, शस्त्र त्यागे हुए, हाथ जोड़े हुए, भागते हुए, बाल बिखेरे हुए योद्धा को नहीं मारता ।।

६४३. वृद्धबालौ न हन्तव्यौ न च स्त्री नैव पृष्ठतः ।
तृणपूर्णमुखश्चैव तवास्मीति च यो वदेत् ।। शां० ९८।४८-४९।।

बूढ़े को, बच्चे को, स्त्री को, पीछे से, मुख में तृण लिये हुए को तथा 'मैं आप का हूँ' ऐसा कहने वाले को न मारे ।।

६४४. सन्निपातो न मन्तव्यः शक्ये सति कथंचन ।
सान्त्व-भेद-प्रदानानां युद्धमुत्तरमुच्यते ।। शां० १०२।२२।।

यथासंभव युद्ध को न चाहे । साम, दान, और भेद—इनके पीछे (इनसे काम न चलने पर) युद्ध का अवसर होता है ।।

६४५. नायुध्यमानो हन्तव्यो न च ग्राह्या बलात् स्त्रियः । शां० १३६।१३।

जो लड़ाई नहीं लड़ रहा उसे नहीं मारना चाहिये और जबर-दस्ती स्त्रियों का अपहरण (अथवा बन्दीकरण) न करे ।

सत्यम्

६४६. अश्वमेधसहस्त्रं च सत्यं च तुलया धृतम् ।
अश्वमेधसहस्राद्धि सत्यमेव विशिष्यते ॥ आदि० ७४।१०३॥

एक हजार अश्वमेध-यज्ञों को और सत्य को तराजू में तोला गया। एक हजार अश्वमेध से सत्य का पलड़ा भारी रहा ॥

६४७. यद् भूतहितमत्यन्तं तत्सत्यमिति धारणा । वन० २०९।४।

जो प्राणिमात्र का सबसे बड़ा हित है वह सत्य है ।

६४८. सत्यं व्रतपरं व्रतम् । वप० २१३३०।

सत्य व्रतों में बड़ा व्रत है ।

६४९. एकमेवाद्वितीयं तद्यद् राजन्नावबुध्यसे ।
सत्यं स्वर्गस्य सोपानं पारावारस्य नौरिव ॥ उ० ३३।४७॥

हे राजन् जो एक चीज है जिस जैसी दूसरी कोई नहीं, तू उसे नहीं जानता । सत्य स्वर्ग की सीढ़ी है जैसे सागर पार करने के लिये नाव ॥

६५०. सत्येन रक्ष्यते धर्मः । उ० ३४।३९।

सत्य से धर्म की रक्षा होती है ।

६५१. न तत् सत्यं यच्छलेनाभ्युपेतम् । उ० ३५।५८।

वह सत्य नहीं जो छल से युक्त हो ।

सन्तोषः

६५२. पृथिवी रत्नसम्पूर्णा हिरण्यं पशवः स्त्रियः ।
नालमेकस्य तत् सर्वमिति मत्वा शमं व्रजेत् ॥ आदि० ७५।५१॥

रत्नों से भरी हुई पृथिवी, सुवर्ण (सोना), पशु और स्त्रियाँ—ये सब एक पुरुष के लिये भी पर्याप्त नहीं हैं ऐसा जानकर अत्यन्त दौड़ धूप छोड़ कर शान्ति से रहे ॥

६५३. **सन्तोषो हि श्रियं हन्ति ह्यभिमानं च भारत ।**
अनुक्रोशभये चोभे.....................॥ सभा० ४९।१४॥

हे भारत सन्तोष (जितना ऐश्वर्य मैंने प्राप्त कर लिया है उतना पर्याप्त =काफी है ऐसी धारणा) श्री=लक्ष्मी को नष्ट कर देता है। आत्म-मान, दया (दूसरों के साथ सहानुभूति=दुःख में सहायता) और भय=स्वोच्छेद-दृष्टि=साहस के अभाव में अपने अभाव का भय) को भी नष्ट कर देता है ॥

६५४. **असन्तोषः श्रियो मूलम् (सभा० ५५।११)।**

असन्तोष (सन्तोष न करना ऐश्वर्य का मूल कारण है (कारण कि संतोष होने पर अपनी अधिक समृद्धि के लिये यत्न छोड़ देता है)।

६५५. **न संनिपतितं धर्म्यमुपभोगं यदृच्छया ।**
प्रत्याचक्षे न चाप्येनमनुरुध्ये सुदुर्लभम् ॥ शां० १७९।२४॥

धर्मानुसार दैवयोग से प्राप्त हुए भोग को लेने में मैं इन्कार नहीं करता और न दुर्लभ भोग की कामना कर उसके पीछे दौड़ता हूँ ॥

६५६. **अन्तो नास्ति पिपासाया-**
स्तुष्टिस्तु परमं सुखम् ।
तस्मात्सन्तोषमेवेह
धनं पश्यन्ति पण्डिताः ॥ शां० ३३०।२१।

तृष्णा का कोई अन्त नहीं। सन्तोष ही परम सुख है। इसलिये पण्डित (बुद्धिमान्) सन्तोष को ही धन समझते हैं ॥

साङ्ख्यम्

६५७. **साङ्ख्या राजन्महाप्रज्ञा गच्छन्ति परमां गतिम् ।**
ज्ञानेनानेन कौन्तेय तुल्यं ज्ञानं न विद्यते ॥ शां० ३०१।१००॥

हे राजन् ! साङ्ख्य-ज्ञान वाले कापिल लोग (कपिल के शिष्य संन्यास-मार्गी लोग) बहुत बुद्धिमान् हैं, वे परम गति (मोक्ष) को प्राप्त करते हैं। इस ज्ञान के तुल्य हे कुन्तीपुत्र कोई दूसरा ज्ञान नहीं (पुरुष असंग है. न यह कर्ता है और न भोक्ता, यह केवल द्रष्टा है, प्रकृति ही कर्त्री तथा भोक्त्री (भोगने वाली) है—यह साङ्ख्य सिद्धान्त है)।

६५८. **यदेव योगाः पश्यन्ति तत्साङ्ख्यैरपि दृश्यते ।**
एकं साङ्ख्यं च योगं च यः पश्यति स तत्त्ववित् ।। शां० ३१६।४।।

कर्मयोगी लोग जिस तत्त्व का दर्शन करते हैं उसे सांख्य=संन्यास मार्गी भी देखते हैं। जो (फल के एक होने से) साङ्ख्य और योग को एक अभिन्न पदार्थ समझता है वह ही तत्त्व वेत्ता है ।।

साधुः
(सज्जन)

६५९. **ध्रुवा साधुषु सन्नतिः । द्रोण० ७६।२५।**

सज्जनों में नम्रता नित्य रहती है।

६६०. **श्रद्धेयः कथितो ह्यर्थः सज्जनश्रवणं गतः ।**
चिरं तिष्ठति मेदिन्यां शैले लेखमिवार्पितम् ।। अनु० १३९।४३.।

श्रद्धा के योग्य कही हुई बात सज्जन के कानों में पहुंची हुई पृथिवी पर पत्थर पर लकीर की तरह चिरतक ठहरती है ।।

६६१. **न संस्मरन्त्यपराद्धानि स्मरन्ति सुकृतान्यपि ।**
असंभिन्नमर्यादा : साधवः पुरुषोत्तमाः ।। आश्रम० १२।२।।

मर्यादा का भङ्ग न करने वाले पुरुष श्रेष्ठ सज्जन दूसरों के अपराधों को याद नहीं रखते, उनके शुभ कर्मों (उपकारों) को याद रखते हैं ।।

सिद्धि :

६६२. **किञ्चिद् दैवाद् हठात् किञ्चित् किञ्चिदेव स्वभावतः ।**
पुरुषः फलमाप्नोति चतुर्थं नात्र कारणम् ।। वन० ३२।३४-३५।।

कुछ फल पुरुष भाग्य के अनुकूल होने से प्राप्त करता है, कुछ बल के प्रयोग से और कुछ यत्न से । चौथा कोई कारण नहीं है ।।

६६३. **न हि दैवेन सिध्यन्ति कार्याण्येकेन सत्तम ।**
न चापि कर्मणैकेन द्वाभ्यां सिद्धिस्तु योगतः ।। सौ० २।३।।

हे सज्जन ! केवल दैव से कार्य सिद्ध नहीं होते और न केवल कर्म (पुरुषार्थ) से। दोनों के मेल से सिद्धि होती है ॥

सुखम्

६६४. **वर्तमानः सुखे सर्वो मुह्यतीति मतिर्मम । वन० १८१।३०।**

जब मनुष्य सुखी होता है तब भूल जाता है (अपने कर्त्तव्य में प्रमाद करता है) ऐसा मेरा विचार है ।

६६५. **सुखस्यानन्तरं दुःखं दुःखस्यानन्तरं सुखम् ।**
पर्यायेणोपसर्पन्ते नरं नेमिमरा इव ॥

सुख के पीछे दुःख, दुःख के पीछे सुख, इस तरह सुख दुःख पुरुषको क्रम से प्राप्त होते हैं जैसे चक्र के अरे नेमि के साथ-साथ एक दूसरे के पीछे घूमते हैं ॥

६६६. **अर्थागमो नित्यमरोगिता च**
प्रिया च भार्या प्रियवादिनी च ।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या
षड् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥ उ० ३३।८२॥

धन की प्राप्ति, नित्य आरोग्य (स्वास्थ्य, तन्दरुस्ती), प्यारी और प्यारा बोलने वाली भार्या, आज्ञाकारी पुत्र, धन कमाने योग्य विद्या, हे राजन् ये प्राणियों के छह सुख हैं ॥

६६७. **यत्तदग्रे विषमिव परिणामेऽमृतोपमम् ।**
तत्सुखं सात्त्विकं प्रोक्तमात्मबुद्धिप्रसादजम् ॥ भीष्म० ४२।३७॥

जो प्रारम्भ में विष की तरह हो और अन्त में अमृत की तरह, वह सुख सात्त्विक कहलाता है। यह मन और बुद्धि की निर्मलता से उपजता है ॥

६६८. **रात्र्यां रात्र्यां व्यतीतायामायुरल्पतरं यदा ।**
गाधोदके मत्स्य इव सुखं विन्देत कस्तदा ॥ शां० २७७।११॥

जैसे एक रात के पीछे दूसरी व्यतीत होती जाती है, आयु घटती जाती है, तब उथले जल में मछली की तरह कौन सुखी होवे ?

६६९. मुक्ता वीतभया लोके चरन्ति सुखिनो नराः। शां० २८८।१३।

मुक्त (संग से निर्मुक्त, स्नेह-बन्धनों को काटे हुए) और भयरहित लोग संसार में सुख से विचरते हैं।

६६०. विस्तराः क्लेशसंयुक्ताः संक्षेपास्तु सुखवावहाः।

फैलाव में दुःख है और संकोच (थोड़ी सम्पत्ति) में सुख है।

स्वर्गाधिकारी

६७१. अभ्युत्थानेन दैवस्य समारब्धेन कर्मणा।
विधिना कर्मणा चैव स्वर्गमार्गमवाप्नुयात् ॥ अनु० ६।४९॥

भाग्य के उदय होने से, प्रारब्ध कर्म से, शास्त्र-विहित कर्म से मनुष्य स्वर्ग मार्ग को पहुँचता है॥

६७१. विहारावसथोद्यान-कूपारामसभाप्रपाः।
वप्राणां चैव कर्तारस्ते नराः स्वर्गगामिनः ॥ अनु० २३।९९॥

विहार (=भिक्षु—आश्रम), आवसथ (यात्रियों के ठहरने का स्थान), उद्यान (बाग), कूआँ, बगीचा, सभा (लोगों के धर्म-कथा सुनने का विशाल भवन=हाल), प्रपा (=प्याऊ) और वप्र (पानी को रोकने का बन्ध) —इनके बनाने वाले पुरुष स्वर्ग को प्राप्त होते हैं॥

२७३. द्वाविमौ पुरुषौ राजन्स्वर्गस्योपरि तिष्ठतः।
प्रभुश्च क्षमया युक्तो दरिद्रश्च प्रदानवान् ॥

हे राजन्! ये दो पुरुष स्वर्ग के ऊपर स्थान प्राप्त करते हैं—प्रभु जो क्षमा से युक्त है, दरिद्र, जो दान करता है॥

नरक-गामी

६७४. यश्चापि लब्ध्वा न स्मरामीतिवादी
दत्त्वा च यः कत्थति याच्यमानः।
यश्चासतः सत्त्वमुपानयीत
एतान्नयन्ति निरयं पाशहस्ताः ॥ उ० ३७।६॥

६८६. अध्वा जरा देहवतां पर्वतानां जलं जरा ।
असंभोगो जरा स्त्रीणां वाक्शल्यं मनसो जरा ।। उ० ३९।७८।।

शरीरधारियों के लिये (निरन्तर) यात्रा जरा (बुढ़ापा, बुढापे का कारण है), पर्वतों के लिये जल जरा है (जल-निपात से क्रमशः पत्थर घिस जाते हैं), संभोग के न होने से स्त्रियाँ बूढ़ी हो जाती हैं, वाणी का वाण मन को जीर्ण कर देता है ।।

६८७. अद्भ्योऽग्निर्ब्रह्मतः क्षत्रमश्मनो लोहमुत्थितम् ।
तेषां सर्वत्रगं तेजः स्वासु योनिषु शाम्यति ।। शां० ५६।२४-२५।।

जल से अग्नि की उत्पत्ति मानी गई है, ब्राह्मण से क्षत्रिय की, पत्थर से लोहे की। इनका अपना-अपना व्यापक तेज अपनी-अपनी योनि (कारण) में लीन हो जाता है ।।

६८८. अनभिध्या परस्वेषु सर्वसत्त्वेषु सौहृदम् ।
कर्मणां फलमस्तीति त्रिविधं मनसा चरेत् ।। अनु० १३।५।।

पर द्रव्यों का ग्रहण करने की इच्छा से चिन्तन न करना, सब प्राणियों के प्रति मैत्री, कर्मों का फल होता है—यह तीन प्रकार की मन से धारणा करे ।।

६८९. अनागतविधाता च प्रत्युपन्नमतिश्च यः ।
द्वावेव सुखमेधेते दीर्घसूत्री विनश्यति ।। शां० १३७।१।।

जो भविष्यत् के लिये पहले से ही संग्रह आदि कर लेता है, अथवा जो तत्काल कर्तव्य को भाँप लेता है (प्रतीकार करने में समर्थ होता है)—ये दो सुख से बढ़ते हैं । जो दीर्घसूत्री (निर्णय करने में जो देर करता है) वह नष्ट हो जाता है ।।

६९०. अनागतं च न ध्यायेन्नातीतमनुचिन्तयेत् ।
वर्तमानमुपेक्षेत कालाकाङ्क्षी समाहितः ।। आश्व० ४६।४२।।

न भविष्यत् की चिन्ता करे और न अतीत (बीते हुए) की । वर्तमान की भी उपेक्षा करे (दृष्टि से ओझल करे) । शान्त होकर काल की प्रतीक्षा करे ।।

६९१. अनायुष्यो दिवास्वप्नस्तथाऽभ्युदितशायिता । अनु० १०७।१३१।

दिन में सोना तथा सूर्योदय के पीछे तक सोना—यह दोनों आयु की हानि करते हैं (मनुष्य की उम्र को कम करते हैं) ।

६९२. अनित्यं किल मर्त्यस्य पार्थ चित्तं चलाचलम् ।
वातवेगप्रचलिता अष्ठीला शाल्मलेरिव ।। उ० ७५।१९।।

हे पार्थ ! मनुष्य का चित्त अस्थिर और अत्यन्त चञ्चल है । यह संवल (वृक्ष) के फल के अन्दर की गुठली (जो केवल तूलमयी-रूई की वनी होती है) जो वायु के वेग से उड़ती फिरती है, के समान है ।।

६९३. अनुक्रोशादधर्मं च (जयेत्) । शां० २६६।९।
दया से अधर्म (पाप) को जीते (दवा दे) ।

६९४. अनुक्रोशो हि साधूनां सुमहद् धर्मलक्षणम् । अनु० ५।२३।
अनुक्रोश (दया) सज्जनों के धर्म का उत्तम लक्षण है ।

६९५. अनुवन्धं च सम्प्रेक्ष्य विपाकं चैव कर्मणाम् ।
उत्थानमात्मनश्चैव धीरः कुर्वीत वा न वा ।। उ० ३४।९।।
बुद्धिमान् कर्मों के प्रयोजन और विपाक (फल-सिद्धि होने पर भी परिपाक) और अपने उद्योग को देख कर कर्म को शुरू करे या न करे ।।

६९६. अनुबन्धानवेक्षेत सानुबन्धेषु कर्मसु ।
सम्प्रधार्य च कुर्वीत न वेगेन समाचरेत् ।। उ० ३४।८।।

सार्थक कर्मों में अर्थ (प्रयोजन) को बुद्धि में रखे, सोच विचार कर कार्य करे, जल्दबाज़ी न करे ।।

६९७. अपारे यो भवेत्पारमप्लवे यः प्लवो भवेत् ।
शूद्रो वा यदि वाप्यन्यः सर्वथा मानमर्हति ।। शां० ७९।३७।।
अपूर्ण कर्म को जो पूर्ण करे, नौका के अभाव में जो नौका का काम करे, चाहे वह शूद्र हो चाहे कोई और, सर्वथा आदर के योग्य है ।।

६९८. अप्युन्मत्तात् प्रलपतो बालाच्च परिजल्पतः ।
सर्वतः सारमादद्यात्.................. ।। उ० ३४।३२।।

पागल के बकवास से और बच्चे के अनर्थक वचन से सारग्रहण करे ।।

६९९. अप्रदाता पिता वाच्यः । वन० २९३।३५।

जो (पिता) कन्या को समय पर विवाह में नहीं देता, वह निन्दित होता है ।

७००. **अभावादीनि भूतानि भावमध्यानि भारत ।**

अभावनिधनान्येव तत्र का परिदेवना ॥ **स्त्री० ९।११॥**

सभी प्राणी पहले अभाव रूप होते हैं, बीच में भाव रूप में आ जाते हैं फिर अन्त में अभाव रूप में आ जाते हैं । ऐसी स्थिति में विलाप कैसा ?

७०१. **अभिजातोस्मि सिद्धोस्मि**

नास्मि केवलमानुषः ।

इत्येभिर्हेतुभिस्तस्य

त्रिभिश्चित्तं प्रसिच्यते ॥

मैं कुलीन हूँ, मैं सिद्धावस्था को प्राप्त हो चुका हूँ, मैं साधारण मनुष्य नहीं हूँ—इन तीन धारणाओं से उसका चित्त शिथिल हो जाता है ॥

७०२. अभियुक्तं वलवता दुर्वलं हीनसाधनम् ।

हृतस्वं कामिनं चोरमाविशन्ति प्रजागराः ।। उ० ३३।१३॥

जो अपने से अधिक वल वाले शत्रु से आक्रान्त है (घिरा हुआ, जिस पर चढ़ाई की गई है), जो दुर्वल है, जो साधनहीन हैं, जिसका सर्वस्व छिन गया है, जो कामातुर है और जो चोर हैं इन्हें नींद नहीं आती ॥

७०३. अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविन ।

चत्वारि संप्रवर्धन्ते विद्यायुर्यशो बलम् ॥ उ० ३९।६०॥

वड़ों को विधिवत् नमस्कार करने वाले और वृद्धों की नित्य सेवा करने वाले की विद्या वढ़ती है, आयु, यश और वल भी वढ़ते हैं ॥

७०४. **अर्थानामीश्वरो यः स्याद् इन्द्रियाणामनीश्वरः ।**

इन्द्रियाणामनैश्वर्यादैश्वर्याद् भ्रश्यते हि सः ॥ **उ० ३४।६१॥**

जो धन का ईश्वर (=स्वामी) है, पर अपनी इन्द्रियों का ईश्वर (स्वामी) नहीं । वह इन्द्रियों का अनीश्वर (ईश्वर न होने) होने से ऐश्वर्य (धन-सम्पत्ति) का भी ईश्वर (स्वामी) नहीं रहता ॥

७०५. अर्थानां पुनर्द्वैधे नित्यं भवति संशयः ।

अन्यथा चिन्तितो ह्यर्थः पुनर्भवति चान्यथा ॥ वि० ४२।७॥

पदार्थों की द्विविधता (द्विप्रकारता) के विषय में नित्य सन्देह रहता है । मनुष्य सोचता कुछ और है और होता और ॥

७०६. अर्थार्थी जीवलोकोऽयं न कश्चित् कस्य चित्प्रियः । **शां० १३६।१४।**

सभी प्राणी स्वार्थी हैं । कोई किसी का प्यारा नहीं ।

७०७. अलातं तिन्दुकस्येव मुहुर्त्तमपि हि ज्वल ।
मा तुषाग्निरिवानर्चि र्धूमायस्व जिजीविषुः ॥ उ० १३३।१४॥

तिन्दुक (तेन्दु) के अलात (अध जली लकड़ी) की तरह चाहे मुहूर्त मात्र तक जल (प्रकाशित हो), पर जीना चाहता हुआ तोह की अग्नि की तरह ज्वाला-रहित होकर धूआँ मत छोड़। यह विदुला की अपने रण-भीरु पुत्र के प्रति उक्ति है ॥

७०८. अवध्या ब्राह्मणा गावः स्त्रियो बालाश्च ज्ञातयः ।
येषां चान्नानि भुञ्जीत ये च स्युः शरणागताः ॥ उ० ३६।६४॥

ब्राह्मण, गौ, स्त्री, बालक, बन्धु—इन्हें न मारे (इनकी हत्या न करे) और जिनका अन्न खाये अथवा जो शरणागत हो, उन्हें भी ॥

७०९. अवबन्धो हि बुद्धस्य कर्मभिर्नोपपद्यते । शां० शां० ३३१।५२।

आत्मज्ञानी का कर्मों द्वारा बन्धन नहीं हो सकता ।

७१०. अवृत्तिर्भयमन्त्यानां मध्यानां मरणाद् भयम् ।
उत्तमानां मर्त्यानामवमानात् परं भयम् ॥ उ० ३४।५२॥

अन्त्य (अधम) लोगों को जीविका के अभाव का भय होता है, मध्यम लोगों को मृत्यु का भय होता है और उत्तम जनों को अपमान का भय होता है ॥

७११. अव्याहृतं व्याहृताच्छ्रेय आहुः । शां० २९९।३८॥

बोलने की अपेक्षा मौन अच्छा है ऐसा कहते हैं ।

७१२. अशान्तस्य कुतः सुखम् । वन० २२२।१२।

अशान्त मन वाले को सुख कहाँ ?

७१३. अश्रद्धा परमं पापम् । शां० २५६।१२।

नास्तिकता बड़ा पाप है ।

७१४. असङ्गः श्रेयसो मूलम् । शां० २८७।३।

असंग (लौकिक पदार्थों, इन्द्रियों के विषयों में आसक्त न होना) कल्याण का मूल कारण है ।

७१५. असतां शीलमेतद्वै परिवादोऽथ पैशुनम् । शां० १३२।१२।

दुर्जनों का यह स्वभाव है—निन्दा करना और चुगलखोरी करना ।

७१६. अस्नानं केचिदिच्छन्ति स्नानमप्यपरे जनाः । आश्व० ४२।३।

कोई आचार्य स्नान (समावर्तन=विद्या की समाप्तिपर स्नान करके गुरु-गृह से लौटना नहीं मानते, अर्थात् नैष्ठिक (मृत्युपर्यन्त ब्रह्मचर्य) चाहते हैं और दूसरे स्नान=समावर्तन को मानते हैं।

७१७. **अस्यतां** फाल्गुनो **श्रेष्ठो गाण्डीवं धनुषां वरम्** ।

केशवः **सर्वभूतानामायुधानां** सुदर्शनम् ।। उ० ५४।१२।।

बाण फैंकने वालों में अर्जुन श्रेष्ठ है, धनुषों में गाण्डीव, प्राणियों में केशव (कृष्ण) तथा हथियारों में सुदर्शन (चक्र)।

७१८. **अहन्यहनि भूतानि गच्छन्ति यमक्षयम्** ।

शेषाः स्थावरमिच्छन्ति किमाश्चर्यमतः परम् ।। वन० ३१३।११६।।

दिन प्रतिदिन प्राणी यमलोक को जाते हैं। जो पीछे रहते हैं वे समझते हैं कि हमने यहाँ नित्य रहना है, इससे बड़ा आश्चर्य क्या हो सकता है। यह वचन यक्ष-युधिष्ठिर संवाद में आया है ।।

७१९. **आचार्यमृत्विजं चैव संयुक्तं च युधिष्ठिर** ।

स्नातकं च प्रियं चाहुः षडर्घ्यान्नृपं **तथा** ।। **सभा०** ३३।२३।।

आचार्य, पुरोहित, सम्बन्धी (श्याल=साला आदि), स्नातक (जो ब्रह्मचारी विद्या की समाप्ति पर घर लौटा है), अपना प्यारा बन्धु तथा राजा—ये छह अर्घ्य (अर्घ=पूजा विशेष के योग्य) हैं ।।

७२०. आततायी **हि यो हन्यादाततायिनमागतम्** ।

न तेन भ्रूणहा स स्यान्मन्युस्तं मन्युमार्च्छति ।। शां० १५।५५।।

आततायी=धनुष को तान कर जो मारने को उतारू हुआ-हुआ हैं, वह दूसरे आततायी को अपनी ओर लपकते हुए (देख कर) मार दे, उसे गर्भ-हत्या का पाप नहीं लगता, कारण कि एक का क्रोध ही दूसरे के क्रोध से टक्कर लेता है ।। टीकाकार नीलकण्ठ ने इसे बड़ी सुन्दरता से समझाया है। उसका कहना है कि जैसे सूर्य की किरणों से तपा हुआ काँच (उससे छूए हुए) रूई के पिण्ड को जला कर उसकी गरमी से आप भी जल जाता है (पिघल जाता है), इसी प्रकार आततायी का क्रोध दूसरे को उद्दीप्त कर (बढ़ाकर) अपने आश्रय को (जहाँ से वह उठा है) अर्थात् पूर्व आततायी को जला देता है। इस में हनन करने वाले का कोई दोष नहीं।

७२१. आत्मा जेयः सदा राज्ञा **ततो जेयाश्च शत्रवः** ।

अजितात्मा नरपतिर्विजयेत कथं रिपून् । **शां०** ६९।४।।

राजा पहले अपने आप को जीते (अपने मन व इन्द्रियों पर वश पाये) तब शत्रुओं को। अपने आप को जीते विना शत्रुओं को कैसे जीतेगा ?

७२२. **आत्मानमसमाधाय समाधित्सति यः परान्।**
विषयेष्विन्द्रियवशं मानवाः प्रहसन्ति तम्॥ शां० २६७।२७॥

जो अपने आप को विषयों के प्रति समाहित (शान्त) किये विना दूसरों को समाहित करना चाहता है उस विषायसक्त इन्द्रियों वाले पुरुष पर लोग हंसते हैं॥

७२३. **आत्मानं योऽभिसन्धत्ते सोऽन्यस्य स्यात्कथं हितः। शां० १४३।१३।**

जो अपने आप को धोखा देता है वह दूसरे का हिती कैसे हो सकता है। नीलकण्ठ टीकाकार के अनुसार, विष खाकर अथवा रस्से से लटक कर अपनी हत्या करना चाहता है—ऐसा अर्थ है। यह अर्थ अपूर्व है। इस अर्थ में अध्याहार दोष भी है और विना अध्याहार के संगति लगती नहीं। 'अभिसन्धान' का अतिसन्धान (धोखा देना) अर्थ भी है।

७२४. आत्मोत्कर्षं न मार्गेत परेषां परिनिन्दया।
स्वगुणैरेव मार्गेत विप्रकर्षं पृथग्जनात्॥ शां० २८७।२५॥

दूसरों की निन्दा से अपने को ऊँचा करना न चाहे। अपने गुणों से ही दूसरों से जुदापन चाहे॥

७२५. आदित्यचन्द्रावनिलोऽनलश्च
द्यौर्भूमिरापो हृदयं यमश्च।
अहश्च रात्रिश्च उभे च सन्ध्ये
धर्मश्च जानाति नरस्य वृत्तम्॥ **आदि० ७४।३०॥**

सूर्य, चन्द्र, वायु, अग्नि, आकाश, भूमि, जल, (मनुष्य का अपना) हृदय, धर्मराज, दिन, रात, दोनों सन्ध्यायें और धर्म—ये सब मनुष्य की चर्या (चेष्टा, आचरण) को जानते हैं॥

७२६. **आयुःक्षयपरीतात्मा विपरीतानि सेवते।**
बुद्धिर्व्यावर्तते चास्य विनाशे प्रत्युपस्थिते॥ **आश्व० १७।७॥**

जिस की आयु क्षीण हो गई है वह उलट-पुलट कार्यों को करता है। जब विनाश समीप आ जाता है तो मनुष्य की बुद्धि लौट जाती है॥

७२७. आशा हि पुरुषं बालं लालापयति तस्थुषी। शां० १२६।३२।

आशा मूर्ख से बहुत कुछ कहलवाती है जब यह लगातार बनी रहती है ।

७२८. इतिहासपुराणाभ्यां वेदार्थमुपबृंहयेत् ।

बिभेत्यल्पश्रुताद्वेदो मामयं प्रहरिष्यति ।। आदि० १।२३७-६८।।

इतिहास और पुराण से वेदार्थ का विस्तार करे (अर्थात् आख्यानों और निदर्शनों से उसे स्पष्ट करे) । थोड़ा पढ़े हुए पुरुष से वेद डरता है कि कहीं अज्ञान-वश मुझ पर प्रहार न करे (अन्यथा ग्रहण व प्रवचन द्वारा मेरी हानि न करे) ।।

७२९. इदं कार्यमिदं नेति न मोक्षेषूपदिश्यते । **आश्व० ३४।७।**

यह करना चाहिये, यह नहीं करना चाहिये (अर्थात् विधि **और** निषेध) ब्रह्म-ज्ञान में इन का उपदेश नहीं ।

७३०. **इन्द्रियाणां च पञ्चानां मनसो हृदयस्य च ।**

विषये वर्तमानानां या प्रीतिरुपजायते ।।

स कामः.................................**वन० ३३।३७।३८।।**

पाँचों इन्द्रियों, मन और हृदय की जो बिषयों में प्रीति होती है वह काम है ।।

७३१. **इन्द्रियाणां व्युपरमे मनोऽव्युपरतं यदि ।**

सेवते विषयानेव तद् विद्यात्स्वप्नदर्शनम् ।। शां० २७५।२४ ।।

इन्द्रियों के कार्य से उपरत होने पर यदि मन विषयों का सेवन करता है—इसे स्वप्नदर्शन कहते हैं ।।

७३२. **इन्द्रियाणां श्रमात् स्वप्नमाहुः सर्वगतं बुधाः । शां० २१६।६।**

इन्द्रियों की थकावट से सभी को निद्रा आती है ऐसा विद्वान् कहते हैं ।

७३३. **इषीकां च यथा मुञ्जात्कश्चिन्निष्कृष्य दर्शयेत्**

योगी निष्कृष्य चात्मानं तथा पश्यति देहतः ।। आश्व० १९।२२।।

जिस प्रकार इषीका (सींक) को मूंज से जुदा करके कोई दिखाये, उसी प्रकार योगी देह से जुदा करके आत्मा को देखता है ।।

७३४. **इष्टं दत्तमधीतं च यज्ञाश्च बहुदक्षिणाः ।**

सर्वमेतदपत्यस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ।। सभा० ४१।२७।।

अग्निहोत्र, दान, श्रुत (विद्या), बड़ी दक्षिणा वाले (राजसूयादि) यज्ञ—ये सभी पुत्रलाभ के पासंग भी नहीं हैं ।।

७३५.   **इष्टश्चानिष्टगन्धश्च मधुरः कटुरेव च ।**

निर्हारी संहतः स्निग्धो रूक्षो विशद एव च ॥

एवं नवविधो ज्ञेयः पार्थिवो गन्धविस्तरः । **शां० १८४।२८-२९॥**

यह नौ प्रकार का पृथिवी में गन्ध है—सुगन्ध, दुर्गन्ध, मधुर, कड़वा, निर्हारी (सब गन्धों को दबा देने वाला हींग आदि गन्ध), संहत (मिला जुला), स्निग्ध (जैसा अभी-अभी तपे हुए घी में), रूक्ष (जैसा सरसों के तेल में) और विशद (निखरा हुआ, जैसे शाली, चावल आदि में) ॥

७३६.   **इह वैकस्य नामुत्र अमुत्रैकस्य नो इह ।**

इह चामुत्र चैकस्य नामुत्रैकस्य नो इह ॥ वन० १८१।३४॥

किसी के मत में यह लोक है, परलोक नहीं। किसी के मत में परलोक है, यह लोक नहीं । किसी के मत में यह भी है, पर लोक भी है और किसी के मत में न यह लोक है और न परलोक है ॥

७३७.   ईश्वरः **सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति ।**

भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया ॥ भीष्म० ४२।६१॥

हे अर्जुन ! ईश्वर सब प्राणियों के हृदय में वर्तमान है। वह अपनी शक्ति से भूतों को चक्रारूढ़ करके घुमाता है ॥

७३८.   ······वितर्कं **निश्चयाज्जयेत् ।**

मौनेन बहुभाष्यं **च**······   **॥ शां० २७४।११॥**

वितर्क (वितर्क=विरुद्ध, श्रुत्युक्त अर्थ का खण्डन करने वाला तर्क) को निश्चय (श्रुत्यर्थ पर श्रद्धा,) से जीते और वाचालता (बहुत बोलने का स्वभाव) को मौन से जीते ॥

७३९.   उत्थानेनामृतं **लब्धमुत्थानेनासुरा हताः ।**

उत्थानेन महेन्द्रेण श्रैष्ठ्यं प्राप्तं दिवीह च ॥ शां० ५।१४॥

उद्योग से अमृत प्राप्त हुआ । उद्योग से असुर मारे गये । उद्योग से ही इन्द्र ने द्यु-लोक और इस लोक में श्रेष्ठता (ऐश्वर्य, प्रभुत्व) प्राप्त किया ॥

७४०.   **ऊर्ध्वं भित्वा प्रतिष्ठन्ते** प्राणाः **पुण्यवतां नृप ।**

मध्यतो मध्यपुण्यानामधो दुष्कृतकर्मणाम् ॥ शां० २९७।२७॥

पुण्यात्माओं के प्राण ऊर्ध्व भाग (ब्रह्म रन्ध्र) से निकलते हैं, मध्यकोटि के लोगों के मध्य भाग (मुंह) से और पापियों के निचले भाग (गुदा) से ॥

७४१.   **ऋषयश्चक्रिरे धर्मं यो**ऽनूचानः **स नो महान् । शां० ३१०।६।**

ऋषियों ने व्यवस्था की है कि हमारे मध्य में जो वेदपाठी है वह महान् है ।

७४२. एकमेव हि लोकेस्मिन्नात्मनो गुणवत्तरम् ।
इच्छन्ति पुरुषाः पुत्रं लोके नान्यं कथं चन ।। द्रोण० १६४।५।।

इस लोक में लोग अपने पुत्र को ही अपने से अधिक गुणवाला देखना चाहते हैं, दूसरे किसी को नहीं ।।

७४३. एकश्चार्थान्न चिन्तयेत् । उ० ३३।४६।

अर्थों (नाना विषयों) का अकेला (बिना दूसरे से परामर्श किये) न सोचे ।

७४४. एकस्मिन्नेव जायेते वंशे क्लीबमहाबलौ ।
फलाफलवती शाखे यथैकस्मिन्वनस्पतौ ।। उ० ३।३।।

एक ही कुल में नपुंसक (दुर्बल, निर्वीर्य) भी उत्पन्न होते हैं और बलवान् भी, जैसे वनस्पति (वृक्ष) की एक शाखा फलवाली होती है और दूसरी बिना फल के ।।

७४५.. एकः पापानि कुरुते फलं भुङ्क्ते महाजनः ।
भोक्तारो विप्रमुच्यन्ते कर्ता दोषेण लिप्यते ।। उ० ३३।४२।।

एक दुष्ट पापों को करता है, और सज्जन उसका फल भोगता है (निरपराध उससे कष्ट पाते हैं) । दुष्ट से कमाये हुए अन्न को खाने वाले छूट जाते हैं, पर दुष्ट कर्म का करने वाला दोष (पाप) का भागी होता है ।।

७४६. एकः प्रसूयते जन्तुरेक एव प्रलीयते ।
एकस्तरति दुर्गाणि गच्छत्येकस्तु दुर्गतिम् ।। अनु० १११।११-१२।।

मनुष्य अकेला ही संसार में आता है और अकेला ही जाता है । अकेला ही कठिनाइयों को पार करता है और अकेला ही कठिनाई में पड़ता है ।।

७४७. एकः शत्रुर्न द्वितीयोस्ति शत्रु-
रज्ञानतुल्यः पुरुषस्य राजन् । शां० २९७।२८।

हे राजन् ! पुरुष का एक ही शत्रु है और दूसरा नहीं और वह है अज्ञान ।

७४८. एवं वृद्धिश्च तेजश्च प्रतिपत्तिश्च भारत ।
भवन्ति भवकालेषु विपद्यन्ते विपर्यये ।।

हे भारत ! समृद्धि के समय में बुद्धि (सामने आये हुए कार्य का निश्चय) और तेज (प्रभाव, उत्साह) और प्रतिपत्ति (भविष्यत् की चिन्ता)—यह होते हैं (मनुष्य के साथ रहते हैं) और विपत्ति में नष्ट हो जाते हैं ।।

७४९. एष एव वरो देव काङ्क्षितो मे पितामह ।]
धर्मे मे रमतां बुद्धिः शमे तपसि चेश्वर ॥ आदि० ३६।१॥

हे पितामह ! मुझे यह एक ही वर मांगना है—मेरी बुद्धि धर्म में, शम और तपस्या में लगे ।

७५०. कत्थने को हि दुर्गतः । उ० १६०।१०७।

डींग मारने में कौन दरिद्र (असमर्थ है) । इसी अभिप्राय का यह लौकिक वचन है—वचने का दरिद्रता ।

७५१. कदली सन्निभो लोकः सारो ह्यस्य न विद्यते । स्त्री० ३।४।

यह लोक (जगत्) केले के पौधे के समान है, इस में सार कुछ भी नहीं (जैसे केले में छिलका ही छिलका है, ठोस कुछ भी नहीं) ।

७५२. कर्णिनालीकनाराचान् निर्हरन्ति शरीरतः ।
वाक्शल्यस्तु न निर्हर्तुं शक्यो हृदिशयो हि सः ॥ उ० ३४।७९॥

कर्णी (कर्णाकार बाण), नालीक (नली द्वारा फेंका जाने वाला बाण) नाराच (घातुक बाण)—इन्हें शरीर से बाहिर निकाला जा सकता है, पर वाणी के तीर को कोई नहीं निकाल सकता है, क्योंकि वह हृदय में घुसा हुआ होता है ॥

७५३. कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन् ।
इन्द्रियार्थान् विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते ॥ भीष्म० २७।६॥

कर्मेन्द्रियों (वाक्, कर, चरण) को रोककर विषयों की ओर दौड़ने से रोक कर) जो मन से इन्द्रियों के विषय (शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध) को स्मरण करता है वह अविवेकी पुरुष मिथ्याचार (झूठे आचरण वाला) है ॥

७५४. कस्य चिन्नाभिजानामि प्रीतिं निष्कारणामिह । शां० १३८।१५३।

इस लोक में मुझे कोई ऐसा प्रतीत नहीं होता जिस का प्रेम निष्कारण हो, अर्थात् जिसमें स्वार्थ न हो ।

७५५. कस्येदमिति कस्य स्वमिति वेदवचस्तथा ।
नाध्यगच्छमहं बुद्ध्या ममेदमिति यद् भवेत् ॥ आश्व० ३२।१६॥

यह किस का है, यह किस की मलकीयत है ऐसी श्रुति है (मा गृधः कस्य स्विद् धनम्—वा० सं० ४०।१)। जो मेरा हो ऐसा मुझे अपनी बुद्धि से कुछ नहीं दीखता)। यह जनक महाराज का वचन है।

७५६. कानापदो नोपनमन्ति लोके
परावरज्ञास्तु न संभ्रमन्ति । शां० २२६।१४।

आपदाएँ (आपत्तियाँ) किन्हें नहीं आतीं। पर और अवर-अच्छे और बुरे सत्य और मिथ्या को जानने वाले घवड़ाते नहीं।

७५७. **कितवो भ्रूणहा यक्ष्मी पशुपालो निराकृतिः।**
ग्रामप्रेष्यो वार्धुषिको गायनः सर्वविक्रयी। अनु०

जुआरी, गर्भहत्यारा, क्षय-रोगी, पशुपाल (ग्वाला), स्वाध्यायहीन, सर्वजन-साधारण नौकर (बहुतों का सेवक), सूद पर निर्वाह करने वाला, गायन (गाना जिसका धन्धा है), निषिद्ध पदार्थों का विक्रय करने वाला—(ये सब अपाङ्क्तेय अर्थात् एक साथ भोजनादि में पंक्ति में बैठने योग्य नहीं हैं)॥

७५८. **श्रद्धामयोऽयं पुरुषो** यो यच्छ्रद्धः स एव सः। शां० २६४।१७।

पुरुष श्रद्धा से बनता है। जिस की जैसी श्रद्धा है वैसा ही वह हो जाता है।

७५९. **कुलेषु पापरक्षांसि जायन्ते वर्णसंकरात्।**
अपुमांसोऽङ्गहीनाश्च स्थूलजिह्वा विचेतसः॥ शां० ९०।३३॥

वर्णों के संकर (संमिश्रण) से कुलों में दुष्ट राक्षस, नपुंसक, अंग-हीन, गुंगे तथा मूर्ख जन्मते हैं॥

७६०. **कृत्वा पापं पूर्वमबुद्धिपूर्वं**
पुण्यानि चेत्कुरुते बुद्धिपूर्वम्।
स तत् पापं नुदते कर्मशीलो
वासो यथा मलिनं क्षारयुक्तम्॥ शां० १५२।३४॥

जो पुरुष अनिच्छा से (अनजानेपन से) पाप करता है, फिर जानबूझ कर पुण्य करता है, वह कर्मपरायण पुरुष पाप को ऐसे परे हटा देता है जैसे मैले वस्त्र से क्षार (रेह, सज्जी) मैल को छुटा देता है॥

७६१. क्लीवा हि वचनोत्तराः। उ० १६२।४४।

क्लीव (नपुंसक, कायर) बातें करने मे दूसरों से आगे बढ़ जाते हैं।

७६२. क्षुधा **निर्णुदति प्रज्ञां धर्मबुद्धिं व्यपोहति। आश्व० ९०।९०।**

भूख बुद्धि को नष्ट कर देती है और धर्मबुद्धि को दूर कर देती है।

७६३. **गर्ते** मत्तः **प्रपतते** प्रमत्तः **स्थाणुमृच्छति। सभा० ६५।१९।**

मदिरा से मस्त गढ़े में गिरता है और प्रमत्त (असावधान, गाफिल) स्थाणु (ठुंड) के साथ टकराता है।

७६४. गुणाश्च षण्मितभुक्तं भजन्ते
आरोग्यमायुश्च बलं सुखं च।
अनाविलं चास्य भवत्यपत्यं
न चैनमाद्यून इति क्षिपन्ति ।। उ० ३७।३४।।

मिताहार (थोड़ा भोजन) करने वाले को छह लाभ पहुँचते हैं—आरोग्य (तन्दरुस्ती), आयु (लम्बी उम्र), बल, सुख, शुद्ध सन्तान, और इस की लोग पेटू कहकर निन्दा नहीं करते ।।

७६५. गुरुरात्मवतां शास्ता शास्ता राजा दुरात्मनाम् ।
अथ प्रच्छन्नपापानां शास्ता वैवस्वतो यमः ।। उ० ३५।७१।।

जो आत्मवान् हैं उन को दण्ड देने वाला गुरु है, जो दुरात्मा (दुष्प्रयत्न, दुष्कृत कर्म करने वाले हैं, उन को दण्ड देने वाला राजा है और जो छिपकर पाप करते हैं उनको दण्ड देने वाला यमराज है ।।

७६६. गृहारम्भो हि दुःखाय न सुखाय कदाचन।
सर्पः परकृतं वेश्म प्रविश्य सुखमेधते ।। शां० १७८।१०।।

गृह निर्माण (घर बनाना) से दुःख ही मिलता है, सुख नहीं। सांप दूसरे (चूहे आदि) से बनाई हुई बिल में प्रवेश करके सुख से रहता है ।।

७६७. चतुर्विधा भजन्ते मां नराः सुकृतिनोऽर्जुन ।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ ।। भीष्म० ३१।१६।।

हे अर्जुन ! चार प्रकार के सुकृती (पुण्यकर्मा) लोग मुझे भजते हैं—आर्त (दुःखी), जिज्ञासु (तत्त्व, ब्रह्मतत्त्व, आत्मस्वरूप को जानने की इच्छा-वाला), अर्थार्थी (उस-उस कामना वाला), तथा ज्ञानी (ब्रह्मवेत्ता)।

७६८. चत्वारि ते तात गृहे वसन्तु
श्रियाऽभिजुष्टस्य गृहस्थधर्मे ।
वृद्धो ज्ञातिरवसन्नः कुलीनः
सखा दरिद्रो भगिनी चानपत्या ।। उ० ३३।७०।।

हे प्यारे ! श्री से युक्त गृहस्थ धर्म में वर्तमान तेरे घर में चार निवास करें—वृद्ध ज्ञाति (बन्धु=पिता, पितृव्य, पितामह आदि), कुलीन पुरुष जो धन आदि के नाश से क्षीण हो गया है, दरिद्र मित्र और निःसन्तान बहिन ।।

७६९. चलानि हीमानि षडिन्द्रियाणि
तेषां यद् यद् वर्तते यत्र यत्र ।
ततस्ततः स्रवते बुद्धिरस्य
छिन्नोदकुम्भादिव नित्यमम्भः ।। उ० ३६।४८।।

ये (मन-सहित) छह इन्द्रियाँ चञ्चल हैं। इन में जो जो जिस-जिस विषय में आसक्त हो जाती है, वहाँ-वहाँ से इस की बुद्धि ऐसे बह जाती है जैसे फूटे हुए घड़े से जल।

७७०. जन्तोः पञ्चेन्द्रियस्यास्य
यदेकं छिन्नमिन्द्रियम्।
ततोऽस्य स्रवते प्रज्ञा
दृतेः पात्रादिवोदकम्॥ शां० २४०।१५॥

जब पाँच इन्द्रियों वाले पुरुष की कोई एक इन्द्रिय क्षीण (छेद वाली) हो जाती है अर्थात् दुर्बल हो जाती है, तब उसकी बुद्धि भी उस छेद से बह निकलती है जैसे फटी हुई मशक से जल बह जाता है॥

७७१. जयेद् धर्ममुपेक्षया। शां० २६६।९।

धर्म को उपेक्षा (=अनासक्ति) से जीते।

७७२. जयो वैरं प्रसृजति दुःखमास्ते पराजितः। उ० ७२।५९।

जीत वैर को उत्पन्न करती है और हार दुःख को।

७७३. जरा रूपं हरति॥ उ० ३५।४३।

बुढ़ापा रूप को हर लेता है।

७७४. जीवेच्च यदपध्वस्तस्तच्छुद्धं मरणं भवेत्। शां० १२३।१९।

जो धिक्कृत (धिक्कार-सहित) का जीना है वह केवल मरण है।

७७५. ज्ञाननिष्ठां वदन्त्येके मोक्षशास्त्रविदो जनाः।
कर्मनिष्ठां तथैवान्ये यतयः सूक्ष्मदर्शिनः॥ शां० ३२०।३९।

७७६. प्रहायोभयमप्येवं ज्ञानं कर्म च केवलम्।
तृतीयेयं समाख्याता निष्ठा तेन महात्मना॥ शां० ३२०।४०॥

कुछ मोक्ष-शास्त्र के जानने वाले एक ज्ञाननिष्ठा (ज्ञान प्रधान है कर्म उपसर्जन=गौण है ऐसा कहते हैं) सूक्ष्मदर्शी कर्म-निष्ठा को ही मानते हैं। जिसमें कर्म प्रधान है, ज्ञान गौण है। इस पञ्चशिख आचार्य ने इन दोनों से भिन्न तीसरी निष्ठा का निर्देश किया है। वे केवल ज्ञान को जो कर्म निरपेक्ष है और केवल कर्म जो प्रयोजनाभाव में भी किया जाता है अर्थात् निष्काम है इस प्रकार तृतीय निष्ठा को मानते हैं॥

७७७. ज्ञानं संन्यासमित्येवं स्वभावं भूतचिन्तकाः। आश्व० ४९।१२।

ज्ञान संन्यासमात्र से प्राप्य है तथा स्वभाव (साधन की पुष्कतता मात्र से जन्मता है ऐसा तत्त्व विचारक कहते हैं।

७७८. ज्यायांसमपि **शीलेन विहीनं नैव पूजयेत्** । अनु० ४८।४७।

अपने से उम्र में बड़े का भी सत्कार न करे यदि वह चरित्र हीन हो।

७७९. **तं वै सदाकामचारमनुपस्तीर्णशायिनम्** ।

बाहूपधानं शाम्यन्तं **प्रशंसन्ति दिवौकसः** ।। शां० १७८।१३।।

जो सदा स्वेच्छा से विचरता है, वाहु को सरहाना बनाये, विना विछौने के भूमि पर सोता है और ऐसा होने पर शान्त रहता है उसकी देवता सराहना करते हैं ।।

७८०. **तपसा चानुमानेन गुणैर्जात्या श्रुतेन च** ।

निनीषेत् परमं ब्रह्म **विशुद्धेनान्तरात्मना** ।। शां० २०५।१६।।

तपश्चर्या से, शास्त्रार्थ-मनन से, शम-दमादि से, जात्युचित स्वधर्म से, श्रुत (वेदान्त-श्रवण) से और शुद्ध अन्तःकरण से ब्रह्मप्राप्ति में यत्न करे ।।

७८१. तपो न कल्कोऽध्ययनं न कल्कः

स्वाभाविको वेदविधि**र्न कल्कः** ।

प्रसह्य वित्ताहरणं न कल्कः

तान्येव भावोपहतानि **कल्कः** ।। आदि० १।२७५।।

तपस्या दम्भ नहीं, वेदाध्ययन दम्भ नहीं है, स्वभाव-सिद्ध वेद-विहित कर्म का करना दम्भ नहीं, कष्ट-विशेष सह कर उञ्छ (एक-एक गिरे हुए दाने को खेत से इकटठा करना) या शिला (छिट्टों को संगृहीत करना)—यह भी दम्भ नहीं। ये सब हृदय के अशुद्ध होने पर दम्भ वन जाते हैं ।।

७८२. तपो **नानशनात् परम्** । अनु० १०६।६२।

उपवास से वढ़ कर तप नहीं है।

७८३. तर्कोऽप्रतिष्ठः **श्रुतयो विभिन्ना**

नैको मुनिर्यस्य मतं न भिन्नम् ।

धर्मस्य तत्त्वं निहितं गुहायां

महाजनो येन गतः स पन्थाः ।। **वन०** ३१३।११७।।

तर्क कहीं ठहरता नहीं (एक तर्क दूसरे तर्क को काटता है, दूसरा तीसरे को, इस प्रकार निश्चय नहीं होता), श्रुतियाँ भी परस्पर विरुद्ध अर्थों को कहती हैं, ऐसा कोई मुनि नहीं जिसका मत दूसरे से भिन्न न हो। धर्म का स्वरूप गुफा में छिपा है। (सार यह है) कि वड़े लोग जिस मार्ग से जाते हैं वह सन्मार्ग है ।।

७८४. तलवद् दृश्यते व्योम खद्योतो हव्यवाडिव ।

न चैवास्ति तलं व्योम्नि खद्योते न हुताशनः ॥ शां० १११।६६॥

देखने में आकाश तलवाला मालूम पड़ता है, जुगनू अग्नि मालूम पड़ता है । न तो आकाश में तल है और न जुगनू में आग ॥

७८५. तावच्छूद्रसमो ह्येष **यावद् वेदे न जायते** । वन० १८०।३५।

जब तक उपनयन द्वारा दूसरा जन्म नहीं होता तब तक बालक शूद्र के समान है (अर्थात् एकजाति-एक ही जन्म वाला, मातृगर्भ से प्रसूत मात्र होता है) ॥

७८६. **तेषां गुणानां साम्यं चेत्तदाहुः स्वास्थ्यलक्षणम् ।**

तेषामन्यतमोत्सेके विधानमुपदिश्यते ॥ आश्व० १२।५॥

उन सत्त्व, रज, तम गुणों की समता का नाम स्वास्थ्य है । उनमें से एक के बढ़ने से, अस्वास्थ्य होता है, तब विधान=उपाय (चिकित्सा) बतलाया गया है ॥

७८७. त्रय एवाधना **राजन् भार्या दासस्तथा सुतः ।**

यत्ते समधिगच्छन्ति यस्यैते तस्य तद्धनम् ॥ आदि० ८२।२२॥

हे राजन् ! इन तीन का अपना धन नहीं होता—भार्या, दास और सुत (पुत्र) । जो कुछ उन्हें प्राप्त होता है वह उसीका होता है जिसके ये होते हैं ।

७८८. **त्रिदण्डधारणं मौनं जटाभारोथ मुण्डनम् ।**

वल्कलाजिनसंवेष्टं व्रतचर्याभिषेचनम् ॥ वन० २००।९६॥

अग्निहोत्रं वने वासः शरीरपरिशोषणम् ।

सर्वाण्येतानि मिथ्या स्युर्यदि भावो न निर्मलः ॥ वन० २००।९७॥

त्रिदण्ड-धारण करना, मौन धारण करना, लम्बी जटायें रखना, अथवा सिर को मूंडवाना, वल्कल (वृक्ष की छाल) अथवा चर्मका का आच्छादन स्वीकार करना, अग्निहोत्र (होम), वन में रहना, शरीर को (पञ्चाग्नि तपस्या से) सुखाना—से सब व्यर्थ हैं यदि भाव शुद्ध न हो ॥

७८९. त्रीणि तेजांसि **नोच्छिष्ट आलभेत कदाचन ।**

अग्निं गां ब्राह्मणं चैव................॥ अनु० १०७।३०॥

तीन तेजस्वी पदार्थों को जूठेमुंह स्पर्श न करे—अग्नि, गौ और ब्राह्मण ॥

७९०. त्रीन् कृशान्नावजानीयाद् दीर्घमायुर्जिजीविषुः ।

ब्राह्मणं क्षत्रियं सर्पं सर्वे ह्याशीविषास्त्रयः ॥ अनु० १०७।४३॥

दीर्घ आयु चाहता हुआ दुर्बल हुए-हुए इन तीनों की अवज्ञा (तिरस्कार) न करे। वे तीन हैं—ब्राह्मण, क्षत्रिय और सांप। ये तीनों विषैले सांप ही हैं ॥

७९१. **दक्षिणेन सरस्वत्या उत्तरेण दृषद्वतीम् ।**
ये वसन्ति कुरुक्षेत्रे ते वसन्ति त्रिविष्टपे ॥ वन० ८३।२०४॥

सरस्वती के दक्षिण में तथा दृषद्वती (ब्रह्म देश की दक्षिण-पूर्व सीमा बनाने वाली नदी का नाम) के उत्तर में कुरुक्षेत्र में जो निवास करते हैं वे स्वर्ग में निवास करते हैं ॥

७९२. दर्पो **नाम श्रियः पुत्रो जज्ञेऽधर्मादिति श्रुतिः । शां० ९०।२६।**

घमंड की माता लक्ष्मी (ऐश्वर्य) है और अधर्म (पाप) पिता है ऐसा हम सुनते आ रहे हैं।

७९३. दश धर्मं न जानन्ति **धृतराष्ट्र निबोध तान् ।**
मत्तः प्रमत्त उन्मत्तः श्रान्तः क्रुद्धो बुभुक्षितः ॥
त्वरमाणश्च लुब्धश्च भीतः कामी च ते दश ॥ उ० ३३।१००-१०१॥

हे धृतराष्ट्र ! दस लोग ऐसे हैं जो धर्म को नहीं जान सकते, उन्हें आप जानें—मदिरा से मस्त, असावधान, पागल, थका हुआ, क्रोध में आया हुआ, भूखा, जो जल्दी में है, लालची, डरा हुआ और कामी ॥

७९४. दहत्यग्निरवाक्यस्तु **तूष्णीं भाति दिवाकरः ।**
तूष्णीं धारयते लोकान्वसुधा सचराचरान् ॥ वि० ५०।३॥

अग्नि बिना बोले (विना अपने कर्म को जतलाये) जलाती है। सूर्य भी चुप रहता हुआ चमकता है (जगत् को प्रकाश और ताप देता है), पृथ्वी भी चुप्पी धारण किये हुई जङ्गम (गति-शील) और स्थावर (ठहरे हुए) पदार्थों को धारण करती है ॥

७९५. **दिवः पतत्सु देवेषु स्थानेभ्यश्च महर्षिषु ।**
को हि नाम भवेनार्थी भवे कारणतत्त्ववित् ॥ शां० ९।३४॥

स्वर्ग से देवताओं को प्रच्युत (गिरते हुए, जुदा होते हुए) देख कर और सप्तर्षियों को अपने स्थान से अलग होते देख कर कौन कारण के तत्त्व को जानता हुआ समृद्धि (वैभव) की इच्छा करेगा ?

७९६. **दुर्लभोऽप्यथवा नास्ति योऽर्थी धृतिमवाप्नुयात् । शां० १२६।२९।**

लोक में ऐसा याचक (मांगने वाला) दुर्लभ है अथवा है ही नहीं जो सन्तुष्ट हो।

७९७. **दुहिता कृपणं परम् । शां० २३५।१८।**

पुत्री दया के योग्य है।

७९८. दुःखं सपत्नेषु समृद्धिभावः । आश्व० ९।६।

शत्रुओं का समृद्ध होना दुःखदायी है ।

७९९. देवेभ्यश्च पितृभ्यश्च भृत्येभ्योऽतिथिभिः सह ।
अवशिष्टानि यो भुङ्क्ते तमाहुर्विघसाशिनम् ।। अनु० ९३।१५।।

जो देवता और पितरों को अन्न समर्पण कर, नौकरों और अतिथियों को खिलाकर स्वयं पीछे खाता है उसे विघसाशी (यज्ञशेष खाने वाला) कहते हैं ।।

८००. देहो वा जीवतोऽभ्येति जीवो वाऽभ्येति देहतः ।
पथिसङ्गममभ्येति दारैरन्यैश्च बन्धुभिः ।। शां० २८।५१।।

चाहे यह मानो कि देह जीव के होने पर प्रकट होता है (बनता है), चाहे यह कि जीव देह से उत्पन्न होता है, पत्न्यादि बन्धुओं से जो समागम (मेल) होता है वह राहियों के मेल से भिन्न नहीं ।

८०१. दैवी सम्पद् विमोक्षय निबन्धायासुरी मता । भीष्म० ४०।५।

दिव्यगुण मोक्ष प्राप्ति में उपकारक हैं और असुरों में होनी वाली विशेषतायें बन्धन (जन्म-मरण चक्र) का हेतु बनती हैं ।

८०२. द्रव्येषु समतीतेषु ये गुणास्तान्न चिन्तयेत् ।
न तानाद्रियमाणस्य स्नेहबन्धः प्रमुच्यते ।। शां० ३३०।५।।

नष्ट हुएं पदार्थों के गुणों का स्मरण न करे । उन्हें चाहते हुए पुरुष का स्नेह-बन्धन नहीं टूटता ।।

८०३. द्वावम्भसि निवेष्टव्यौ गले बद्ध्वा दृढां शिलाम् ।
धनवन्तमदातारं दरिद्रं चातपस्विनम् ।। उ० ३३।६०।।

दो ऐसे पुरुषों को गले में पक्का पत्थर बाँधकर जल में डुबो दे—एक वह जो धनी है पर दान नहीं करता, दूसरा वह जो दरिद्र है पर मेहनत नहीं करता ।।

८०४. द्वावेतौ ग्रसते भूमिः सर्पो बिलशयानिव ।
राजानं चाविरोद्धारं ब्राह्मणं चाप्रवासिनम् ।। सभा० ५५।१४।।

इन दो पुरुषों को भूमि ऐसे निगल जाती है जैसे बिल में रहने वाले चूहे आदि को सांप—राजा जो शत्रु को (आक्रमण करते हुए को) रोकता नहीं और ब्राह्मण को जो घर छोड़कर बाहिर धर्मोपदेश के लिये नहीं जाता ।।

८०५. धनेन क्रयिको हन्ति खादकश्चोपभोगतः ।
घातको वधबन्धाभ्यामित्येष त्रिविधो वधः ।। अनु० ११५।४०।।
अखादन्ननुमोदंश्च भावदोषेण मानवः । अनु० ११५।४१।

धन के द्वारा (मांस का) खरीदने वाला मारता है, खानेवाला उपभोग के द्वारा, प्राण लेने वाला प्रहार करने तथा (पशु को) बाँधने से—यह तीन प्रकार का वध (हत्या) है। न खाता हुआ जो मारने की अनुमति देता है वह भी दूषित हृदय के द्वारा मारता ही है॥

८०६. धर्मं निःश्रेणिमास्थाय **किञ्चित्किञ्चित्समारुह।**
कोषकारमिवात्मानं वेष्टयन्नावबुध्यसे॥ शां० ३२१।१५॥

धर्म की निस्सनी (सीढ़ी) का आश्रय लेकर थोड़ा-थोड़ा ऊपर चढ़। तू नहीं जानता कि तू रेशम के कीड़े की तरह अपने को बन्द करने के लिये घर बना रहा है॥

८०७. धर्मं समाचरेत् पूर्वं **ततोऽर्थं धर्मसंयुतम्।**
ततः कामं चरेत्..................॥ शां० १६७।२७॥

पहले धर्म का आचरण करे, तब धर्मपूर्वक अर्थ का अर्जन करे। पीछे काम का सेवन करे·········॥

८०८ धर्मार्थकामाः सममेव सेव्या
यो ह्येकभक्तः स नरो जघन्यः। शां० १६७।४०।

धर्म, अर्थ, काम—इनका साथ-साथ सेवन करे। जो इनमें से किसी एक में संलग्न है वह पुरुष निकृष्ट है॥

८०९. **धर्मार्थं किल** सन्ततिः। **अनु० १६।१०।**

सन्तान धर्म के लिए है (और्ध्वदेहिक क्रिया करने के लिए है)।

८१०. **धर्मे चार्थे च कामे च मोक्षे च भरतर्षभ।**
यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् **क्वचित्॥ आदि० ६२।५३॥**

हे भरत श्रेष्ठ! धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के विषय में जो यहाँ (महाभारत में) मिलेगा वह और जगह भी मिल जायेगा। जो यहाँ नहीं वह कहीं भी नहीं॥

८११. **धिग्बलं** क्षत्रियबलं **ब्रह्मतेजो बलं बलम्। आदि० १७५।४५।**

यह विश्वामित्र की उक्ति है—क्षत्रिय बल को धिक्कार है। ब्रह्म तेज ही बल है।

८१२. **धूमायन्ते व्यपेतानि ज्वलन्ति सहितानि च।**
धृतराष्ट्रोल्मुकानीव ज्ञातयो भरतर्षभ॥ उ० ३६।६०॥

हे भरत श्रेष्ठ धृतराष्ट्र ! बन्धु बान्धव (पितृव्य, भ्रातृव्य आदि) जब मिल जुल कर रहते हैं तो किनारों पर जलती हुई लकड़ियों की तरह प्रदीप्त होते हैं और जब जुदा-जुदा हो जाते हैं तो धूआँ देते हैं ॥

८१३. **न गाथा गाथिनं शास्ति बहु चेदपि गायति ।**

प्रकृतिं यान्ति भूतानि भूलिङ्गशकुनिर्यथा ॥ सभा० ४१।१८॥

कथक चाहे कितनी ही बातें कहे, उससे उसको शिक्षा नहीं मिलती (वह उन पर आचरण नहीं करता) । पुरुष अपने स्वभाव को नहीं छोड़ते जैसे भूलिंग नाम का पक्षी ॥ ऐसा माना जाता है कि भू (पृथिवी पर रहने वाला यह पक्षी **मा साहसम्** (साहस मत कर) इसे रटता है पर सिंह की दाढ़ में फंसे हुए मांस-खण्ड को निकालने का साहस करता है ।

८१४. न तु पापकृतां राज्ञां प्रतिगृह्णन्ति साधवः । **अनु० ६१।५।**

दुष्ट राजाओं के दान को सज्जन ग्रहण नहीं करते ।

८१५. **न चातिमानी न च हीनवृत्तो** रूक्षां वाचं रुशतीं वर्जयीत । उ० ३६।६।

अतिगर्व न करे, वृत्तहीन न हो, रूखी तथा चुभने वाली वाणी न बोले ।

८१६. **न चापि वैरं वैरेण केशव व्युपशाम्यति ।**

हविषाऽग्निर्यथा कृष्ण भूय एवाभिवर्धते ॥ उ० ७२।६३-६४॥

हे कृष्ण ! वैर वैर से शान्त नहीं होता जैसे अग्नि हवि से ॥

८१७. न तत्सदः सत्परिषत् सभा च सा

प्राप्य यां न कुरुते सदाऽभयम् । शां० २२६।१८।

वह न तो सदः है, न परिषद् और न सभा है जिसे प्राप्त करके कोई व्यक्ति अभय को प्राप्त नहीं होता । सदस्, परिषद्, सभा—ये क्रम से श्रौत, स्मार्त, लौकिक न्याय-अन्याय-विवेचक जनसमाजों के नाम हैं ।

८१८. **न तल्लोके द्रव्यमस्ति यल्लोकं परिपूरयेत् ।**

समुद्रकल्पः पुरुषो **न कदाचन पूर्यते** ॥ अनु० ९३।४६॥

इस संसार में ऐसा कोई द्रव्य नहीं है जो किसी को भर-पूर कर दे । पुरुष समुद्र के समान है जो कभी भरता नहीं ॥

८१९. **न तथा बाध्यते कृष्ण प्रकृत्या निर्धनो जनः ।**

यथा भद्रां श्रियं प्राप्य तया हीनः सुखैधितः ॥ उ० ७२।२९॥

हे कृष्ण उतना दुःख जन्म से निर्धन नहीं पाता जितना लक्ष्मी को प्राप्त कर सुख-भोग करने पर पीछे निर्धन हुआ हुआ ॥

८२०. **न दिवा मैथुनं गच्छेन्न कन्यां न च बन्धकीम् ।**

न चास्नातां स्त्रियं गच्छेत्तथायुर्विन्दते महत् ।। अनु० १०७।१००।।

दिन में मैथुन न करे । कन्या (कुमारी, अविवाहिता), बाँझ तथा रजोदर्शन (ऋतु का आना) के पीछे जिस ने अभी चार दिन के पश्चात् शुद्ध्यर्थ स्नान नहीं किया है, उसके साथ भी मैथुन न करे । इस निषेध का अनुसरण करने से लम्बी उम्र को प्राप्त होता है ।।

८२१. **न देवैरननुज्ञातः कश्चिद् भवति धार्मिकः । शां २७१।४९।**

देवताओं की अनुमति के बिना कोई धार्मिक नहीं होता ।

८२२. न मानुषाच्छ्रेष्ठतरं हि किंचित् । शां० २९९।२०।

मनुष्य से वढ़कर कोई नहीं ।

८२३. **न यज्ञैर्दक्षिणावद्भिर्न तपोभिर्न विद्यया ।**

स्वर्गं यान्ति तथा मर्त्या यथा शूरा रणे हताः ।। स्त्री० २।१६।।

न दक्षिणावाले यज्ञों से, न तपश्चरण से, न विद्या से मनुष्य आसानी से स्वर्ग को प्राप्त होते हैं, जैसे रण में मारे गये शूर योद्धा ।।

८२४. न विना नायकं सेना मुहूर्त्तमपि तिष्ठति ।

यथा ह्यकर्णधारा नौ रथश्चासारथिर्यथा ।।

द्रवेद्यथेष्टं तद्वत्स्यादृते सेनापतिं बलम् । द्रोण० ५।८-९।।

बिना सेनानी (सेनापति) के सेना एक क्षण भी नहीं ठहरती, जैसे कर्णधार (नाविक) के बिना नाव बह जाती है और जैसे सारथि के बिना रथ मार्ग से विचलित हो जाता है, ऐसे ही सेना-नायक के बिना सेना तितर बितर हो जाती है ।।

८२५. **न वै भिन्ना गौरवं प्राप्नुवन्ति**

न वै भिन्नाः प्रशमं रोचयन्ति ।

न वै तेषां स्वदते पथ्यमुक्तं

योगक्षेमं कल्पते नैव तेषाम् ।। उ० ३६।५७।।

आपस की फूट वाले लोग कहीं आदर नहीं पाते, शान्ति उन्हें भाती नहीं । हितकर वचन उन्हें अच्छा नहीं लगता । उनकी लोक-यात्रा भी अच्छी तरह नहीं चलती ।।

८२६. न शङ्खलिखितां वृत्तिं **शक्यमास्थाय जीवितुम् । शां० १३०।२९।**

शङ्ख=ललाट=मस्तक पर लिखी हुई वृत्ति का आश्रयण कर (भाग्य-मात्र का सहारा लेकर) जीना मुश्किल है ।

८२७. नष्टं समुद्रे पतितं नष्टं वाक्यमशृण्वति ।
अनात्मनि श्रुतं नष्टं नष्टं हुतमनग्निकम् ॥ उ० ३९।४१-४२॥

जो चीज समुद्र में गिर गई वह नष्ट हो गई (वह सदा के लिये गई), बहिरे के प्रति कहा गया वचन, या जो वाक्य को अनसुना कर देता है उसके प्रति कहा गया नष्ट हो गया (व्यर्थ गया)। अजितेन्द्रिय में स्थित विद्या व्यर्थ गई और भस्म में होम भी व्यर्थ है ॥

८२८. न सादृश्ये तिष्ठति रूपमस्य
न चक्षुषा पश्यति कश्चिदेनम् ।
मनीषयाऽथो मनसा हृदा च
य एनं विदुरमृतास्ते भवन्ति ॥ उ० ४६।६॥

उस (ब्रह्म) के रूप की उपमा नहीं मिलती। उसे कोई आँख से नहीं देख सकता। वे (सत्पुरुष) जो उसे बुद्धि, मन और हृदय में (विराजमान) जानते हैं वे अमर होजाते हैं ॥

८२९. न सा सभा यत्र न सन्ति वृद्धाः। उ० ३५।५८।

वह सभा नही जहाँ वृद्ध न हों।

८३०. न स्वे सुखे वै कुरुते प्रहर्षं नान्यस्य दुःखे भवति प्रतीतः ।
दत्त्वा न पश्चात् कुरुतेऽनुतापं न कत्थते सत्पुरुषार्थशीलः ॥ उ० ३३।९४।

अपने सुख में खुशी नहीं मनाता, दूसरे के दुःख में भी खुश नहीं होता। दान देकर पश्चात्ताप नहीं करता, और पुरुषार्थ (धर्म अर्थ, काम) में यत्नशील होता हुआ डींग नहीं मारता—(यह आर्य का लक्षण है) ॥

८३१. नहि कल्याणकृत् कश्चिद् दुर्गतिं तात गच्छति। भीष्म० ३०।४०।

हे प्यारे, शुभ कर्म करने वाला कोई भी दुर्गति (दुर्योनि) को नहीं प्राप्त होता।

८३२. न हि व्यसनमासाद्य सीदन्ति कृतबुद्धयः। आश्व० ६१।२२।

दृढ़ निश्चयवाले कष्ट (विपत्ति) को प्राप्त कर उत्साहहीन नहीं होते।

८३३. नहि प्राणात् प्रियतरं लोके किञ्चिद् विद्यते। अनु० ११६।१२।

लोक में प्राणों से प्यारी को चीज नहीं है।

८३४. नहि साहसकर्तारः सुखमेधन्ति भारत। वन० २४६।२२।

हे भारत! साहस करने वाले सुख से नहीं रहते।

८३५. न हीदृशमनायुष्यं लोके किञ्चन विद्यते
यादृशं पुरुषस्येह परदारोपसेवनम् ॥ अनु० १०७।२०॥

इस लोक में आयु की हानि करने वाला ऐसा कोई कर्म नहीं जैसा पर-स्त्री-गमन ॥

८३६. न ह्यसंन्यस्तसकल्पो योगी भवति कश्चन । भीष्म० ३०।२।

संकल्प त्यागे विना कोई योगी नहीं होता ।

८३७. न ह्यहानि निवर्तन्ते न मासा न पुनः समाः ।
जातानां सर्वभूतानां न पक्षा न पुनः क्षपाः ॥
सोऽयं विपुलमध्वानं कालेन ध्रुवमध्रुवः ।
नरोऽवशः समभ्येति सर्वभूतनिषेवितम् ॥ शां० २८।४९-५०॥

जन्म पाये हुए सभी प्राणियों के न दिन लौटते हैं, न मास (महीने), न वर्ष, न पक्ष (शुक्ल, कृष्ण अर्धमास), और न रातें। यह अस्थिर जीवन वाला प्राणी विवश होकर एक लम्बे रास्ते पर चलता है जिस पर सभी चलते आये हैं ॥

८३८. नात्मच्छन्देन भूतानां जीवितं मरणं तथा । उ० ७२।५०।

प्राणियों का जीना मरना अपनी इच्छा से नहीं होता ।

८३९. नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः । भीष्म० २६।१६।

जो नहीं है वह होता भी नहीं और जो वस्तुतः है उस का अभाव भी कभी नहीं होता ।

८४०. नास्ति चेष्टा विना हिंसाम् । आश्व० २८।२१।

हिंसा के विना किसी चेष्टा (प्रवृत्ति, हरकत) का संभव नहीं। इस आशय का योग-भाष्य में भी वचन है—

नानुपहत्य भूतानि भोगः संभवति ।

८४१. नास्तिको मूर्ख उच्यते । वन० ३१३।९८।

नास्तिक (परलोक को न मानने वाला) मूर्ख कहा जाता है ।

८४२. नास्ति मैत्री स्थिरा नाम न च ध्रुवमसौहृदम् ।
अर्थयुक्तानि जायन्ते मित्राणि रिपवस्तथा ॥ शां० १३६।१४॥

स्थिर मित्रता नाम की कोई चीज़ नहीं और न हीं शत्रुता नित्य होती है। स्वार्थ की सिद्धि और हानि से दोस्त और दुश्मन बनते हैं ॥

८४३. नास्ति रागसमं दुःखम् । शां० २७७।३६।

राग (अनुराग, विषयों में प्रीति, आसक्ति) जैसा दुःख नहीं ।

८४४. **नास्ति वेदात् परं शास्त्रम् । अनु० १०६।६२**

वेद से बढ़कर कोई शास्त्र नहीं ।

८४५. **नान्यत्र विद्यातपसो नान्यत्रेन्द्रियनिग्रहात् ।**
नान्यत्र सर्वसन्त्यागात् सिद्धिं विन्दति कश्चन ।। शां० २३६।५।।

विद्या और तपस्या के विना, इन्द्रियों को वश किये विना, सम्पूर्ण त्याग के विना कोई सिद्धि को प्राप्त नही होता ।।

८४६. **नान्वेष्टव्या विशेषास्तु विशेषा हि प्रसङ्गिनः । शां० ३२५।६।**

विशेषता (प्रकर्ष) के लिए यत्न न करे । विशेषता की चाह मनुष्य को कर्म में निरन्तर प्रसक्त (संलग्न, निमग्न) रखती है ।

८४७. **नापराधोस्ति सुभगे नराणां बहुभार्यता ।**
प्रमदानां भवत्येषः············ ।। आश्व० ८०।१४।।

हे सुन्दरि ! एक पुरुष की नाना पत्नियों का होना पुरुषों का अपराध नहीं, स्त्रियों का है······।।

८४८. **नारुन्तुदः स्यान्न नृशंसवादी**
न हीनतः परमभ्याददीत ।
ययाऽस्य वाचा पर उद्विजेत
न तां वदेद्रुशतीं पापलोक्याम् ।। आदि० ८२।८।।

पर मर्मों पर आघात न करे, कठोर वचन न कहे, हीन वर्ण से उत्तम विद्या न ले । जिस वाणी से दूसरा डर जाय (घबड़ा जाय, अशान्त हो जाय), उस दुःख देने वाली और नरक लोक में पहुँचाने वाली बाणी को न बोले ।।

८४९. **नावं न शक्यमारुह्य स्थले विपरिवर्तितुम् ।**
तथैव रथमारुह्य नाप्सु चर्या विधीयते ।।
एवं कर्मकृतं चित्रं विषयस्थं पृथक् पृथक् ।। आश्व० ५०।३०-३१।।

नाव पर चढ़कर स्थल पर नहीं घूम सकता, रथ पर चढ़ कर जल में नहीं विचर सकता । किये हुए कर्म का फल नाना प्रकार का होता है । आश्रय (कर्ता) के अनुसार भी जुदा-जुदा होता है । (एक ही कर्म गृहस्थ के लिये प्रशंसनीय होता है, परिव्राजक=संन्यासी के पतन का हेतु होता है) ।

८५०. **निर्व्याघ्रं छिद्यते वनं निर्वनं वध्यते व्याघ्रः । उ० २९।५५।**

व्याघ्र (सिंह, बाघ) से हीन बन कट जाता है और वन के अभाव में व्याघ्र मारा जाता है।

८५१. नैकः सुप्तेषु जागृयात्। उ० ३६।४६।

जब सब सोये हुए हों तो अकेला मत जागता रहे।

८५२. **नैनं छन्दांसि वृजिनात् तारयन्ति**
मायाविनं मायया वर्तमानम्।
नीडं शकुन्ता इव जातपक्षा-
श्छन्दांस्येनं प्रजहत्यन्तकाले ॥ उ० ३५।४२॥

कपटी पुरुष जो औरों के साथ कपट का व्यवहार करता है उसे श्रुतियां (वेदाभ्यास) पाप से नहीं बचा सकतीं। श्रुतियां अन्तकाल में उसे ऐसे छोड़ देती हैं (उसके संग नहीं जातीं) जैसे पक्षी पंख आने पर घौंसले को छोड़ देते हैं॥

८५३. नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि **नैनं दहति पावकः।**
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥ भीष्म० २६।२३॥

इस (आत्मा) को शस्त्र काट नहीं सकते, अग्नि जला नहीं सकती, पानी गीला नहीं कर सकता और वायु सुखा नहीं सकता॥

८५४. **नैव धर्मी न चाधर्मी पूर्वोपचितहायकः।**
धातुक्षयप्रशान्तात्मा निर्द्वन्द्वः स विमुच्यते ॥ आश्व० १९।७॥

न धर्म करता है, न अधर्म, पूर्व किये हुए प्रारब्ध कर्मों का भोग से क्षय करने वाला, धातुओं (शरीर बनाने वाले पञ्च महाभूतों के क्षय से शान्त चित्त-वृत्ति वाला, सुख-दुःख, हर्ष-शोक आदि द्वन्द्वों से जो निकल गया है वह मुक्ति लाभ करता है॥

८५५. **नैषा गुणान् कामयते नैर्गुण्यान्नानुरज्यते।**
उन्मत्ता गौरिवान्धा श्रीः क्वचिदेवावतिष्ठते ॥ उ० ६९।६५-६६॥

लक्ष्मी को गुणों से प्यार नहीं, निर्गुणों के साथ भी इस का अनुराग नहीं। पागल अन्धी गौ की तरह लक्ष्मी किसी एक जगह नहीं ठहरती॥

८५६. पञ्च पञ्चनखा भक्ष्या ब्रह्मक्षत्रस्य वै द्विज। शां० १४१।७०।

हे ब्राह्मण, ब्राह्मण और क्षत्रिय के लिये पाँच नाखूनों वाले पाँच ही भक्ष्य हैं। वे पाँच ये हैं—खरगोश, सेहा, गोह, गेंडा, कछुआ। यह परि-

संख्या है । यहाँ पाँच पाँच नखों वाले शशक आदि के भक्षण का विधान नहीं है । विधान=विधि होने पर शशकादिभक्षण न करने में प्रत्यवाय (शास्त्रादेश के न करने का पाप) होगा । क्षुधा की निवृत्ति के लिये यत् किञ्चित् शशकादि का भक्षण तो प्राप्त ही है (पहले से विदित है), मनुष्य ने इसे शास्त्र से नहीं सीखना, इस विषय में इसे शास्त्र की आज्ञा की आवश्यकता नहीं । अब क्षुधा के शमन के लिये वह चाहे तो एक समय पाँच-पाँच नखों वाले शशकादि को खा सकता है चाहे इन से अतिरिक्त पाँच-पाँच नखों वाले मनुष्य वानर आदि को भी । अब इस प्रकार अनेक क्रियाओं की युगपत् (एक साथ) प्राप्ति होने पर शास्त्र नियम करता है कि पांच-पाँच नखों वाले शशकादि ही भक्ष्य हैं, मनुष्य आदि नहीं । **परिसंख्या** का निषेध में तात्पर्य होता है ।

८५७. पञ्च यज्ञांस्तु **यो मोहान्न करोति गृहाश्रमे ।**
तस्य नायं न परो लोको भवति धर्मतः ।। शां० १४६।७।।

जो पुरुष पञ्च महायज्ञों को प्रतिदिन नहीं करता उसके लिये न यह लोक है (इस लोक में वह बढ़ता फूलता नहीं) और न परलोक (स्वर्गादि, (अथवा शुभ योनि) में । पाँच महायज्ञ ये हैं—ब्रह्मयज्ञ (स्वाध्याय), देव-यज्ञ (अग्नि होत्र), पितृ यज्ञ, अतिथियज्ञ, भूतयज्ञ पशु-आदिकों को बलि (अन्नो-पहार) देना ।

८५८. पतनान्ताः समुच्छ्रयाः । **स्त्री०** २।३।

उन्नति के पीछे अवनति (समृद्धि के पीछे व्यृद्धि, अभ्युदय के पीछे अस्तमय) ऐसा नियम है) ।

८५९. परवाच्येषु निपुणः सर्वो भवति सर्वदा ।
आत्मवाच्यं न जानीते जानन्नपि च मुह्यति ।। कर्ण० ४५।४४।।

दूसरों के दोषों को देखने में हर कोई सदा चतुर होता है । अपने दोषों को नहीं जानता, अथवा जानता हुआ भी उन से अनभिज्ञ हो जाता है (उन्हें भूल जाता है) ।।

८६०. **पर्यङ्कशय्या भूमिश्च समाने यस्य देहिनः ।**
शालयश्च कदन्नं च यस्य स्यान्मुक्त एव सः ।। शां० २८८।३४।।

जिस के लिये पलंग पर सोना या भूमि पर सोना बराबर है और जिस के शालि (उत्तम चावल) और निकम्मा अन्न समान हैं वह मोक्ष को प्राप्त हो गया है (ऐसा जानिये) ।।

८६१. **क्षौमं कुशचीरं च कौशेयं वल्कलान्यपि ।**

श्राविकं चर्म च समं यस्य स्यान्मुक्त एव सः ।। शां० २८८।३५।।

जिस के लिये टसर, कुशा का वस्त्र, रेशमी वस्त्र, वृक्ष की छाल, भेड़ का चाम ये सब बराबर हों वह मुक्ति को प्राप्त हो गया है ।।

८६२. पातकान्यपि पूयन्ते पितुः शासनकारिणः ।

पिता की आज्ञा पालन करने वाले के पाप भी धुल जाते हैं।

८६३. पुत्रस्पर्शात् **सुखतरः स्पर्शो लोके न विद्यते ।। आदि० ७४।५८।**

पुत्र के स्पर्श से ज्यादा सुख देने वाला कोई स्पर्श नहीं।

८६४. पूर्वे वयसि तत् कुर्याद्येन वृद्धः सुखं वसेत् ।

यावज्जीवेन तत्कुर्याद्येन प्रेत्य सुखं वसेत् ।। उ० ३५।६८।।

प्रथमवय में वह काम करे जिस से वृद्धावस्था में सुख से रहे । आयु भर वह काम करे जिससे मरने पर परलोक में सुख पाये ।।

८६५. **पिता वै गार्हपत्यो ऽग्निर्माताग्निर्दक्षिणः स्मृतः ।**

गुरुराहवनीयश्च साऽग्नित्रेता गरीयसी ।। **शां० १०८।७।।**

पिता गार्हपत्य अग्नि है (जिससे खाना पकाया जाता है), माता दक्षिण अग्नि है (वेदि के दाईं और स्थापित अग्नि) और गुरु आहवनीय अग्नि है (जिसमें होम किया जाता है)। ये तीनों अग्नियां विशेष संमान के योग्य हैं ।

८६६. **पित्र्यं वा भजते शीलं मातृजं वा तथोभयम् ।**

न कथं चन संकीर्णः प्रकृतिं स्वां नियच्छति ।। अनु० ४८।४१।।

संकीर्ण-योनि (वर्ण-संकर से जन्मा हुआ) अपने स्वभाव को छिपा नहीं सकता। वह या तो पिता के स्वभाव को लेता है या माता के या दोनों माता तथा पिता के ।।

८६७. पिबन्त्येवोदकं गावो मण्डूकेषु रुवत्स्वपि । **शां० १४१।८२।**

मेंढकों के टर्राने पर भी गौएं पानी पीती हैं (अर्थात् निश्चित मति वाले लोग छोटे मोटे विघ्नों की परवाह नहीं करते) ।

८६८. **प्रगृह्य शस्त्रमायान्तमपि वेदान्तगं रणे ।**

जिघांसन्तं जिघांसीयान्न तेन ब्रह्महा भवेत् ।। शां० ३४।१७।।

शस्त्र उठाये रण में मारने की इच्छा से जो आ रहा है, चाहे वह वेदान्त शास्त्री है, उसे मार दे । इस से उसे ब्रह्महत्या का पाप नहीं लगेगा ।।

८६९. प्रज्ञाशरेणाभिहतस्य जन्तो-
श्चिकित्सकाः सन्ति न चौषधानि ।
न होममन्त्रा न च मङ्गलानि
नाथर्वणा नाप्यगदाः सुसिद्धाः ॥ उ० ३७।५८॥

बुद्धि के बाण से घायल हुए पुरुष के कोई चिकित्सक (वैद्य, डाक्टर) नहीं होते । कोई औषध (दवाई), हवन-मन्त्र, मङ्गलाचरण, अथर्ववेद के शान्तिक पौष्टिक मन्त्र, और भली प्रकार सिद्ध किये हुए रोगनाशक पारद (पारा) आदि भी कुछ काम नहीं करते ॥

८७०. प्रतिश्रुत्य करिष्येति कर्तव्यं तदकुर्वतः ।
मिथ्यावचनदग्धस्य इष्टापूर्तं प्रणश्यति ॥ उ० १०५।८॥

यह प्रतिज्ञा कर के कि मैं यह कर्म करूँगा जो नहीं करता, उस मिथ्या-वचन से जले हुए पुरुष के इष्ट (यज्ञ-याग का फल) और पूर्त्त (कूप, आराम=बगीचा, तडाग=तालाब आदि बनवाने का फल) नष्ट हो जाता है ॥

८७१. प्रत्युपकुर्वन् बह्वपि
न भाति पूर्वोपकारिणा तुल्यः ।
एकः करोति हि कृते
निष्कारणमेव कुरुतेऽन्यः ॥ शां० १३८।८२॥

प्रत्युपकार रूप में (बदला चुकाने के लिये) बहुत भला करता हुआ भी पहले उपकारी के तुल्य नहीं होता । कारण कि पूर्वोपकारी (पहले उपकार करने वाला) निष्काम सेवा करता है, और दूसरा उपकार किये जाने पर करता है ॥

८७२. प्रत्याख्याने च दाने च सुखदुःखे प्रियाप्रिये ।
आत्मौपम्येन पुरुषः प्रमाणमधिगच्छति ॥ अनु० ११३।९॥

प्रत्याख्यान (इन्कार), दान, सुख, दुःख, प्रिय, अप्रिय—इन सब की कर्तव्यता के विषय में पुरुष अपने साथ तुलना करके निर्णय को प्राप्त होता है (अर्थात् इन्कार आदि से जैसे मुझे दुःख होता है वैसे ही दूसरों को भी होता है इस विचार से मुझे इन्कार आदि करना चाहिये या नहीं इस बात का निश्चय कर सकता है) ॥

८७३. प्रभुः प्रथमकल्पस्य योऽनुकल्पेन वर्तते ।
न साम्परायिकं तस्य दुर्मतेर्विद्यते फलम् ॥ शां० १६५।१७॥

जो प्रधान शास्त्र-विधि को करने में समर्थ हैं, वह यदि आपत्काल के लिये विहित विधि का आश्रय ले, तो उस मूढ़ पुरुष को पारलौकिक फल कुछ भी नहीं मिलता ॥

८७४. प्राकृतो हि प्रशंसन्वा निन्दन्वा किं करिष्यति ।
वने काक इवाबुद्धिर्वाशमानो निरर्थकम् ॥ शां० ११४।८॥

नीच पुरुष प्रशंसा करे अथवा निन्दा करे, उस से क्या लाभ व हानि होगी जैसे बन में मूर्ख कौआ व्यर्थ में काँ-काँ करता है ॥

८७५. प्रायेण नीचा व्यसनेषु मग्ना
निन्दन्ति दैवं कुकृतं न तु स्वम् । कर्ण० ९१।१

प्रायः नीच लोग जब कष्टापन्न (आपद्ग्रस्त, संकटों से घिरे हुए) होते हैं तब दैव (भाग्य) की निन्दा करते हैं अपने कुकर्म की नहीं ।

८७६. प्रणिपाती हि दुर्बलः । उ० ७२।७३।

झुकने वाला दुर्बल माना जाता है ।

८७७. फेनधर्मा महाराज फलधर्मा तथैव च ।
निमेषादपि कौन्तेय यस्यायुरपचीयते ॥ वन० ३५।२-३॥

हे महाराज युधिष्ठिर ! पुरुष फेन के स्वभाव वाला तथा फल (पके हुए फल) की वृत्ति वाला है अर्थात् निःसार और पतनशील है । आँख के झपकने मात्र समय में इसकी आयु क्षीण हो जाती है ।

८७८. बालानां क्षुद् बलवती । आश्व० ९०।६१ ।

बच्चों को बहुत बड़ी भूख लगती है ।

८७९. बीजैर्यज्ञेषु यष्टव्यमिति वै वैदिकी श्रुतिः ।
अजसंज्ञानि बीजानि छागं नो हन्तुमर्हथ ॥ शां० ३३७।४॥

यज्ञों में बीजों से होम करना चाहिये यह वेद की श्रुति है । बीजों को ही 'अज' कहा गया है। छाग (अज, बकरा) को तुम्हें मारना उचित नहीं ॥

८८०. बुद्धिः प्रभावस्तेजश्च सत्त्वमुत्थानमेव च ।
व्यवसायश्च यस्य स्यात् तस्यावृत्तिभयं कुतः ॥ उ० ३७।३७॥

जिस के पास बुद्धि, शक्ति, तेज, धैर्य, उद्योग तथा निश्चय—ये गुण हैं, उसे जीविका के अभाव का भय कहाँ ?

८८१. **ब्रह्मचारी गृहस्थश्च वानप्रस्थोऽथ भिक्षुकः ।**

चतुष्पदी हि निःश्रेणी ब्रह्मण्येषा प्रतिष्ठिता ।। शां० २४२।१३-१५।।

ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ, परिव्राजक (संन्यासी)—यह चार पदों वाली सीढ़ी ब्रह्मप्राप्ति के लिए मानी गई है ।

८८२. **ब्राह्मणानां सितो वर्णः क्षत्रियाणां तु लोहितः ।**

वैश्यानां पीतको वर्णः शूद्राणामसितस्तथा ।। शां० १८८।५।।

ब्राह्मणों का गौर वर्ण (रंग) माना गया है, क्षत्रियों का लाल, वैश्यों का पीला, और शूद्रों का काला ।।

८८३. भीतं प्रपन्नं यो हि ददाति शत्रवे

सेन्द्रा देवाः प्रहरन्त्यस्य वज्रम् । वन० १९७।१४।

जो पुरुष डरे हुए और शरण में आये हुए को शत्रु के सपुर्द कर देता है, इन्द्रादि देवता उसपर वज्र मारते हैं ।

८८४. **भीरू राजन्यो ब्राह्मणः सर्वभक्ष्यो**

वैश्योऽनीहावान् हीनवर्णोऽलसश्च ।

विद्वांश्चाशीलो वृत्तहीनः कुलीनः

सत्याद् विभ्रष्टो ब्राह्मणस्त्री च दुष्टा ।। शां० २९०।२५।।

डरपोक राजा, भक्ष्य अभक्ष्य सब कुछ खाने वाला ब्राह्मण, उद्योगहीन वैश्य, आलसी शूद्र, दुःशील विद्वान्, वृत्तहीन (दाक्षिण्यादि-रहित, मधुर व्यवहार-शून्य) सत्य से भ्रष्ट कुलीन तथा दुष्ट ब्राह्मणी—(यह सब निन्द्य हैं) ।।

८८५. **भूयांसं लभते क्लेशं या गौर्भवति दुर्दुहा ।**

अथ या सुदुहा राजन्नैव तां वितुदन्त्यपि ।। शां० ६७।९।।

८८६. यदतप्तं प्रणमते नैतत् सन्तापयन्त्यपि ।

यत् स्वयं नमते दारु न तत् संनामयन्त्यपि ।। शां० ६७।१०।।

हे राजन् जो गौ आसानी से दूध नहीं देती, वह बहुत दुःख पाती है और जो आसानी से दूध देती है, उसे कुछ भी पीड़ा नहीं देते । जो लकड़ी (बिना तपाये) अपने आप झुक जाती है उसे नहीं तपाते आर जो स्वयं झुक जाती है उसे नहीं झुकाते ।।

८८७. भ्राता ज्येष्ठः समः पित्रा । शां० २३५।१८।

बड़ा भाई पिता के समान है ।

८८८. मनसा चिन्तितानर्थान् बुद्ध्या चेह व्यवस्यति । आश्व० ४३।२४।

मनसे संकल्पित अर्थों को बुद्धि-द्वारा निश्चित करता है। (अर्थात् अच्छा बुरा होने का विवेक करता है)।

८८९. ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः । भीष्म० ३९।७।

प्राणियों में जीवात्मा मेरा ही सनातन अंश है। यह भगवान कृष्ण का वचन है।

८९०. महापातकवर्जं हि प्रायश्चित्तं विधीयते । शां० ३५।४३।

महापापों (ब्रह्महत्यादि) को छोड़ कर दूसरे पापों के लिये प्रायश्चित्त का विधान है।

८९१. मानं हित्वा प्रियो भवति । वन० ३१३।७८।

अभिमान को छोड़ कर (सबका) प्यारा बनता है।

८९२. **मानाग्निहोत्रमुत मानमौनं**
मानेनाधीतमुत मानयज्ञः ।
एतानि चत्वार्यभयङ्कराणि
भयं प्रयच्छन्त्ययथा कृतानि ।। आदि० ९०।२४।।

मर्यादा से किया हुआ अग्निहोत्र, मर्यादा से धारण किया हुआ मौन, मर्यादा से किया हुआ अध्ययन, मर्यादा से किया हुआ यज्ञ—ये चार अभय देने वाले होते हैं, ये ही निर्मर्यादतया (मर्यादा को छोड़कर) किये हुए भय के कारण बनते हैं, अर्थात् हानिकारक होते हैं। यह श्लोक उ० ३५।४५ में भी पढ़ा है ।।

८९३. **मितं भुङ्क्ते संविभजत्याश्रितेभ्यो**
मितं स्वपित्यमितं कर्म कृत्वा ।
ददात्यमित्रेष्वपि याचितः सन्
तमात्मवन्तं प्रजहत्यनर्थाः ।। उ० ३३।११८।।

थोड़ा खाता है, अपने अधीन भृत्यादि को बांट कर खाता है। बड़ा परिश्रम करके भी थोड़ा सोता है, माँगने पर शत्रु को भी देता है, ऐसे उदार मन वाले पुरुष से अनर्थ (आपदाएँ, बुराइयाँ) दूर रहती हैं ।।

८९४. मित्रद्रोही **कुलाङ्गारः पापकर्मा नराधमः । शां० १७३।२४।**

मित्र के साथ द्रोह करने वाला (मित्र को हानि पहुँचाने वाला) अपने कुल का नाशक नीच पुरुष होता है।

८९५. मित्रद्रोहे निष्कृतिर्नास्ति लोके । आश्व० १०।६।

मित्र द्रोह करने वाले (पापी) के लिये कोई प्रायश्चित्त नहीं (अर्थात् उसके पाप को दूर करने का कोई शास्त्र-विहित उपाय नहीं)।

८९६. **मुच्यते बन्धनात्पुष्पं फलं वृक्षात् प्रमुच्यते।**
क्लिश्यन्नपि सुतं स्नेहैः पिता पुत्रं न मुञ्चति ॥ शां० २६६।५३॥

फूल टहनी से जुदा हो जाता है, फल वृक्ष से जुदा हो जाता है पर पिता क्लेश पाता हुआ भी स्नेह के कारण पुत्र को नहीं छोड़ता ॥

८९७. मृजया रक्ष्यते रूपम्। उ० ३४।४९।

मृजा (शुद्धि, संस्कार, प्रसाधन) से रूप की रक्षा होती है।

८९८. मृते भर्तरि पुत्रश्च वाच्यो मातुररक्षिता। वन० २९३।३५

भर्ता (पति) के मरने के पीछे जो पुत्र अपनी माता की रक्षा नहीं करता, वह निन्दा के योग्य है।

८९९. मृत्युर्जरा च व्याधिश्च दुःखं चानेककारणम्।
असन्त्याज्यं यदा मर्त्यैः किं स्वस्थ इव तिष्ठसि ॥ शां० २७७।२२-२३॥

जब यह सच है कि मनुष्य मृत्यु, बूढ़ापा, अनेक प्रकार के दुःख से बच नहीं सकते, तो तू क्यों आराम से बैठा है ?

९००. मृदुं वै मन्यते पापो भाषमाणमशक्तिकम्। उ० ४।६।

दुष्ट पुरुष कोमल वचन कहने वाले को दुर्बल समझता है।

९०१ मैथुनं सव्रतं गुप्तं (**समाचरेत्**)। **अनु०** १४८।२१।

मैथुन (स्त्रीसंभोग) व्रतपूर्वक गुप्त स्थान में करे।

९०२ मोघमन्नं विन्दति चाप्रचेताः।
स्वर्गाल्लोकाद् भ्रश्यति शीघ्रमेव ॥ **वन०** १९७।१४॥

मूढ पुरुष (जो बांटकर नहीं खाता) व्यर्थ में अन्न को प्राप्त होता है और शीघ्र ही स्वर्ग से प्रच्युत हो जाता है (गिर जाता है)।

९०३ य आत्मनाऽपत्रपते **भृशं नरः**
स सर्वलोकस्य गुरुर्भवत्युत। उ० ३३।१०२।

जो अपने आप से लज्जित होता है (अपने छिद्रों, दोषों, अपराधों को देखकर अपने लाघव व क्षुद्रता को अनुभव करता है), वह सभी पुरुषों में बड़प्पन को प्राप्त करता है।

९०४ यं यं वापि स्मरन् भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम् ।
तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः ।। भीष्म० ३२।६।।

हे कुन्तीपुत्र अर्जुन ! जिस-जिस भाव को याद करता हुआ मनुष्य अन्त में शरीर को छोड़ता है, उस-उस में निमग्न हुआ उस-उस को प्राप्त होता है ।

९०५ यच्च साम्नैव शक्येत कार्यं साधयितुं नृप ।
को दैवशप्तस्तत्कार्यं विग्रहेण समाचरेत् ।। आदि० २०५।२७।।

जो कार्य शान्तिपूर्वक (सुलह सफाई) से किया जा सकता है, कौन ऐसा दैव से शाप प्राप्त है जो उस कार्य को लड़ाई से साधने का यत्न करे ?

९०६ यज्ञेन तपसा चैव दानेन च नराधिप ।
पूयन्ते नरशार्दूल नरा दुष्कृतकारिणः ।। आश्व०३।५।।

हे नरश्रेष्ठ राजन् ! यज्ञ, तपस्या तथा दान से दुष्कर्म (पाप) करने वाले पवित्र (निष्पाप) हो जाते है ।।

९०७ यतः शङ्का भवेच्चापि भृत्यतोऽथापि मन्त्रितः ।
पौरेभ्यो नृपतेर्वापि स्वाधीनान्कारयीत तान् ।। शां०६९।६१।।

जिससे राजा को डर हो, वह चाहे भृत्य (नौकर) हो चाहे मन्त्री, चाहे नगरवासी अथवा कोई दूसरा राजा, उन सबको अपने अधीन करे ।

९०८ यतः सत्यं यतो धर्मो यतो ह्रीरार्जवं यतः ।
ततो भवति गोविन्दो यतः कृष्णस्ततो जयः ।। उ०६८।९।।

जहां सत्य है, जहां धर्म है, जहां लज्जा है, जहां सरलता है, वहां गोविन्द है और जहां गोविन्द (कृष्ण) है, वहां जय है ।।

९०९ यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत् ।
यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम् ।। भीष्म० ३३।२७।।

हे कुन्ती पुत्र ! जो तू कर्म करता है, जो खाता है, जो अग्नि में हवि देता है, जो दान करता है, और जो तप करता है, वह सब मेरे अर्पण कर दे ।।

९१० यत्र स्त्री यत्र कितवो यत्र बालोऽनुशास्ति च ।
मज्जन्ति तेऽवशा देशा नद्यामश्मप्लवा इव ।। उ०३८।४०।।

जहां स्त्री शासित्री (शासन हकूमत करने वाली) हो, अथवा कितव (जूआरी) शासक हो या वाल, वे देश ऐमे डूब जाते हैं जैसे नदी में पत्थर की नौकाएं ।।

९११ **यत्र सूक्तं दुरुक्तं च समं स्यान्मधुसूदन ।**
न तत्र प्रलपेत् प्राज्ञो बधिरेष्विव गायनः ॥ उ०९२।१३॥

हे मधुसूदन ! जहां अच्छा वचन और वुरा वचन एक बरावर हो वहां बुद्धिमान पुरुष को व्यर्थ में बोलना नहीं चाहिए, जैसे बहिरे लोगों के सामने गायक व्यर्थ में गान करता है ॥

९१२. **यथर्तावृतुलिङ्गानि नानारूपाणि पर्यये ।**
दृश्यन्ते तानि तान्येव तथा भावा युगादिषु ॥ शां०२१०।१७ ॥

जैसे ऋतु ऋतु में नाना प्रकार के लिङ्ग=चिह्न क्रम से देखने में आते हैं ऐसे ही कृत आदि युगों में उन युगों को बनाने वाले नाना कारण देखे जाते हैं ॥

९१३. **यथा दारुमयी योषा नरवीर समाहिता ।**
ईरयत्यङ्गमङ्गानि तथा राजन्निमाः प्रजाः ॥ वन०३०।२३॥

हे नरवीर, अच्छी तरह स्थापित की हुई कठपुतली जैसे अपने शरीर को सचेष्ट करती है, वैसे ही, हे राजन्, ये प्रजाएं पराधीन (पर=दैव से प्रेरित होकर) हिलती-जुलती हैं ॥

९१४. **यथा दारुमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः ।**
यथा ह्यनर्थः षण्ढो वा पार्थ क्षेत्रं यथोषरम् ॥
एवं विप्रोऽनधीयानो राजा यश्च न रक्षति । शां ७८।४२-४३ ॥

हे पार्थ ! जैसे काठ का वना हाथी, जैसे चाम का बना हिरन, जैसे नपुंसक, जैसे बंजर भूमि अनर्थक हैं, वैसे वह ब्राह्मण जो वेद नहीं पढ़ता और वैसे ही वह राजा जो प्रजा की रक्षा नहीं करता ॥

९१५. **यथा यथा मनस्तस्य दुष्कृतं कर्म गर्हते ।**
तथा तथा शरीरं तु तेनाधर्मेण मुच्यते ॥ अनु० ११२।५॥

जैसे-जैसे पुरुष का मन अपने से किये हुए दुष्ट कर्म की निन्दा करता है वैसे-वैसे उसका शरीर पाप से छूटता जाता है ॥

९१६. **यथा यथा हि पुरुषो नित्यं शास्त्रमवेक्षते ।**
तथा तथा विजानाति विज्ञानं चास्य रोचते ॥ शां० १३०।१०॥

ज्यों-ज्यों पुरुष बार-बार शास्त्र पर विचार करता है त्यों-त्यों अधिकाधिक जानता है और ज्ञान में उसकी रुचि बढ़ती है ॥

९१७. यथा रुरुः शृङ्गमथो पुराणं
हित्वा त्वचं वाप्युरगो यथा च।
विहाय गच्छत्यनवेक्षमाण-
स्तथा विमुक्तो विजहाति दुःखम् ॥शां० २१९।४८॥

जैसे रुरु (मृगविशेष) अपने पुराने सींग को छोड़कर और जैसे सांप केंचुली को छोड़कर मुड़कर न देखता हुआ चला जाता है, वैसे ही मुक्त आत्मा दुःख का त्याग कर देता है (अर्थात् दुःख से सदा के लिए जुदा हो जाता) ॥

९१८. यथा हीनं नभोऽर्केण भूः शैलैः खं च वायुना।
तथा देशा दिशश्चैव गङ्गाहीना न संशयः ॥ अनु० २६।३६॥

जैसा सूर्य के विना आकाश, पर्वतों के बिना पृथिवी, वायु के विना खगोल, ऐसे ही वे देश और दिशाएं है जहां गंगा नहीं बहती ॥

९१९. यथैवात्मा तथा भ्राता विशेषो नास्ति कश्चन। स्त्री० १५।१५।

जैसा अपना आतमा है वैसा ही भाई होता है। दोनों में कुछ भेद नहीं।

९२०. यद् यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ॥ भीष्म० २७।२१ ॥

जो उत्तम पुरुष करता है वही दूसरे करते हैं। जिसे वह प्रमाण मानता है, लोग उसी का अनुसरण करते हैं ॥

९२१. यन्मन्त्रे भवति वृथा प्रयुज्यमाने
यत्सोमे भवति वृथाभिषूयमाणे।
यच्चाग्नौ भवति वृथाऽभिहूयमाने
तत्सर्वं भवति वृथाभिधीयमाने ॥ अनु० ७।२८ ॥

जो निष्प्रयोजन मन्त्र के प्रयोग में दोष है, जो देवता को निमित्त न बनाकर सोमरस निष्पीडन में दोष हैं, जो देवता को अर्पण किये बिना अग्नि में हवि डालने में दोष है, वह समस्त दोष अनर्थक वचन कहने में है (अर्थात् प्रलाप महादूषण है) ॥

९२२. यश्च दिष्टपरो लोके यश्चापि हठवादिकः।
उभावपि शठावेतौ कर्मबुद्धिः प्रशस्यते ॥ वन० ३२।१३ ॥

जो भाग्य को परम प्रमाण मानता है और जो पौरुषवादी है, वे दोनों धूर्त हैं, कर्मपरायण पुरुष प्रशस्त (बढ़िया) है ॥

९२३. **यश्च मूढतमो लोके यश्च बुद्धेः परं गतः ।**
तावुभौ सुखमेधेते क्लिश्यत्यन्तरितो जनः ।। उ०

जो इस लोक में अत्यन्त मूर्ख है, और जो ज्ञान की पराकाष्ठा को पहुंच गया है—वे दो सुख से रहते हैं, बीच का पुरुष दु,ख का भागी होता है ।।

९२४. **यश्च मे दक्षिणं बाहुं चन्दनेन समुक्षयेत् ।**
सव्यं वास्यापि यस्तक्षेत् समावेतावुभौ मम ।। शां० ३२०।३६।।

(यह जनक महाराज की उक्ति है) जो मेरी दाहिनी भुजा पर चन्दन का लेप करे और जो कोई दूसरा मेरी बाइँ भुजा को वसूले से तराशे, मेरे लिए दोनों बराबर हैं ।।

९२५. **यस्मिन् वाचः प्राविशन्ति कूपे त्रस्ता द्विपा इव ।**
न वक्तारं पुनर्यान्ति स कैवल्याश्रमे वसेत् ।। शां० २४५।८।।

जिसके हृदय में गुरु शास्त्र आदि का वचन ऐसे गहराई में बैठ जाता है जैसे डरा हुआ हाथी कूएं में गिर जाता है और अनसुना होकर वक्ता (गुरु, आचार्य, शास्त्रकार) को लौटकर नहीं जाता वह मोक्षाश्रम (संन्यास आश्रम) का अधिकारी है ।।

९२६. यस्य नास्ति निजा प्रज्ञा केवलं तु बहुश्रुतः ।
न स जानाति शास्त्रार्थं दर्वी सूपरसानिव ।। सभा० ५५।१ ।।

जिसकी अपनी बुद्धि नहीं, केवल वहुत पढ़ा है, वह शास्त्रोक्त रहस्य को नहीं समझता, जैसे कलछी सूप के रस को (उसमें लिप्त रहती हुई भी) नहीं जानती ।।

९२७. यस्य यद् विहितं वीर सोऽवश्यं तदुपाश्नुते ! **महप्रस्था० २।१७।**

हे वीर ! विधि (विधाता) ने जिसके लिए जो भोग नियत किया है उसे वह अवश्य प्राप्त होता है ।

९२८. **यात्रार्थं भोजनं येषां सन्तानार्थाय च मैथुनम् ।**
वाक् सत्यवचनार्थाय दुर्गाण्यतितरन्ति ते ।। शां० २११।२२।।

जो प्राणयात्रा के लिए भोजन करते हैं, सन्तान के लिए मैथुन (स्त्री संभोग) करते हैं और सत्य बोलने के लिए वाणी (वाक् इन्द्रिय) का प्रयोग करते हैं वे अनेक कठिनाइयों (विघ्न-बाधाओं) को पार कर जाते हैं ।।

९२९. युद्धशास्त्रविदेव त्वं न वृद्धाः सेवितास्त्वया । **शां० १९।८।**

(यह अर्जुन के प्रति युधिष्ठिर की उक्ति है)। तू युद्ध-शास्त्र को ही जानता है, तूने वृद्धों की सेवा नहीं की (अर्थात् वृद्धों की संगति से कुछ सीखा नहीं) ॥

९३०. योगक्षेमो हि राष्ट्रस्य राजन्यायत्त उच्यते।
योगक्षेमश्च राज्ञोपि समायत्तः पुरोहिते ॥ शां० ७५।१॥

अप्राप्त अर्थ की प्राप्ति को योग कहते हैं औ प्राप्त की रक्षा को क्षेम। राष्ट्र=देश का योग क्षेम (जीवन का अच्छा निर्वाह) राजा के अधीन है और राजा का योग-क्षेम राजपुरोहित के अधीन है ॥

९३१. योऽधीते भारतं पुण्यं ब्राह्मणो नियतव्रतः।
चतुरो वार्षिकान्मासान् सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ आदि० ७२।३१-३२॥

जो ब्राह्मण व्रत धारण करके पवित्र महाभारत को वरसात के चार महीने (चौमासा) लगातार पढ़ता है वह सब पापों से छूट जाता है ॥

९३२. यो न जानाति हर्तुं वा वस्त्रणां रजको मलम्।
रक्तानां वा शोधयितुं यथा नास्ति तथैव सः ॥ शां ९१।२॥

जो रजक (धोबी, रंगने वाला) वस्त्रों के मल को दूर करना नहीं जानता तथा रंगे हुए वस्त्रों के रंग को छुटाना नहीं जानता, वह हुआ न हुआ बराबर है ॥

९३३. योऽभयः सर्वभूतानां स प्राप्नोत्यभयं पदम्। शां० २५४।१८।

जिससे किसी प्राणी को भय नहीं होता वह स्वयं अभयपद (मोक्ष) को प्राप्त होता है।

९३४. योऽरुन्धतीं न पश्येत दृष्टपूर्वां कदाचन।
तथैव ध्रुवमित्याहुः पुर्णेन्दुं दीपमेव वा ॥
खण्डाभासं दक्षिणतस्तेपि संवत्सरायुषः ॥ शां० ३१७।१०॥

९३५. परचक्षुषि वात्मानं ये न पश्यन्ति पार्थिव।
आत्मच्छायाकृतीभूतं तेपि संवत्सरायुषः ॥ शां०३१७।११॥

जो कभी पहले देखी हुई अरुन्धती (तारा) को नहीं देखता, इसी प्रकार ध्रुव को नहीं देखता, तथा अपने से दक्षिण की ओर खण्डाभास दीप (खण्डित दीपशिखा) को नहीं देखता उसकी एक वर्ष ही आयु अवशिष्ट है। हे राजन्, उसकी भी आयु एक वर्ष अवशिष्ट है जो अपने आकार की छाया को दूसरे की आंख में नहीं देखता ॥

९३६. यो हि यस्मिन्रतो धर्मे स तं पूजयते सदा ।
तेन नोऽविहिता बुद्धिर्मनश्च बहुलीकृतम् ।। आश्व० ४६।१४-१५।।

जिसकी जिस धर्म में विशेष प्रीति है वह उसका नित्य आदर करता है (उसे बड़ा मानना है), इससे हमारी अशिक्षिता बुद्धि और मन बहुलता (अनिश्चय) को प्राप्त हो जाते हैं ।।

९३७. रजस्वला च या नारी श्वित्रिकाऽपुत्रिका च या ।
एताभिश्चक्षुषा दृष्टं हविर्नाश्नन्ति देवताः ।। अनु० १२७।१३।।

जो स्त्री ऋतुमती है, जो श्वेतकुष्ठ (फुलहरी) से ग्रस्त है, जो पुत्रहीन है—इनसे आंख से देखे हुए हवि को देवता नहीं खाते ।

९३८. खलः सर्षपमात्राणि परच्छिद्राणि पश्यति ।
आत्मनो विल्वमात्राणि पश्यन्नपि न पश्यति ।।

दुष्ट (दुर्जन) सरसों के दाने के समान दूसरों के छोटे-छोटे दोषों को देखता है, पर विल्व (बेल) जैसे वड़े अपने दोषों को देखता हुआ भी नहीं देखता ।।

९३९. राजा मुखं मनुष्याणां नदीनां सागरो मुखम् ।
नक्षत्राणां मुखं चन्द्र आदित्यस्तेजसां मुखम् ।। सभा० ३८।२७-२८।।

राजा मनुष्यों में मुख्य है, नदियों में समुद्र मुख्य है । नक्षत्रों में चन्द्रमा मुख्य है और तेजस्वियों में सूर्य मुख्य है ।।

९४०. रोहते सायकै विद्धं वनं परशुना हतम् ।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम् ।। उ० ३४।७८।।

बाणों से किया हुआ घाव फिर भर जाता है, परसा से काटे हुए वन के वृक्ष फिर उग पड़ते हैं, पर वाणी से कहा गया निन्दनीय (घृणित) वचन के द्वारा किया गया घाव नहीं भरता ।।

९४१. राजानं राजपुत्रं वा संवर्तयति यः सदा ।
अमात्यः पण्डितो भूत्वा स चिरं तिष्ठति श्रियम् ।। चि० ४।३२।।

जो अमात्य (कर्म-सचिव) बुद्धिमान् होकर राजा या राजपुत्र को अपने अनुकूल कर लेता है वह चिर तक लक्ष्मी का अधिपति होता है ।।

९४२. लाभानां श्रेष्ठमारोग्यम् । वन० २९७।५३।

लाभों में सबसे बड़ा लाभ आरोग्य (स्वास्थ्य) है ।

९४३. लोष्टमर्दी तृणच्छेदी नखखादी च यो नरः ।

नित्योच्छिष्टः संकुसको नेहायुर्विन्दते महत् ।। अनु० १०७।१५।।

जो मिट्टी के ढेले को तोड़ता रहता है, जो तिनकों को काटता रहता है, जो नाखूनों को दांतों से काटता रहता है, जो नित्य भोजन को पूरा खाये बिना छोड़ देता है (अथवा खाकर बिना मुंह धोये उठ जाता है), और जो अस्थिर स्वभाव वाला है, वह लम्वी आयु को नहीं प्राप्त करता ।।

९४४. वर्णाश्रमा यथा सर्वे धर्मज्ञानविवर्जिताः ।

ऋतवश्च यथाऽसोमास्तथा गङ्गां विना जगत् ।। अनु० २६।३५।।

जैसे सभी वर्ण और आश्रम धर्मज्ञान से शून्य होने पर शोभाहीन होते हैं वैसे ही गंगा से रहित पृथिवी का भाग ।।

९४५. वाक्यं तु यो नाद्रियतेऽनुशिष्टः

प्रत्याह यश्चापि नियुज्यमानः ।

प्रज्ञाभिमानी प्रतिकूलवादी

त्याज्यः स तादृक् त्वरयैव भृत्यः ।। उ० ३७।२६।।

जो शिक्षा दिये जाने पर वचन की परवाह नहीं करता, जो आज्ञा को नहीं मानता (जवाब देता है), जिसे अपनी बुद्धि पर अभिमान है और जो स्वामी के विरोध में बोलता है, ऐसे भृत्य (नौकर) को जल्दी से त्याग देना चाहिए ।।

९४६. वाक्संयमो नृपते सुदुष्करतमो मतः । उ० ३४।७३।

हे राजन् ! वाणी पर वश पाना सबसे कठिन माना गया है।

९४७. वाच्यश्चानुपयन्पतिः । वन० २९३।३५।

जो भर्ता ऋतुकाल में भार्या के पास नहीं जाता वह निन्द्य है।

९४८. विक्रयं त्विह सोमस्य गर्हयन्ति मनीषिणः । अनु० १०१।१३।

मनीषी लोग सोम के बेचने की निन्दा करते हैं ।

९४९. विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः ।

मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः ।। उ० ३४।४४।।

विद्या-मद (विद्या प्राप्ति के कारण मद-मस्ती, घमण्ड), धन-मद, कुलीनता का मद—ये गर्वित (दृप्त) लोगों के लिए मद मस्ती का कारण हैं, सत्पुरुषों के लिए ये ही दम (इन्द्रिय-दमन के कारण) बन जाते हैं ।।

९५०. विद्वान् सर्वेषु भूतेषु आत्मना सोपमो भवेत् । शां० २७६।१०।

विद्वान् सब प्राणियों के साथ व्यवहार में अपने आप को उपमान बनाये (अर्थात् दूसरों के साथ बर्ताव का निर्णय अपने को उपमान बनाकर करे, जैसा बर्ताव वह चाहता है कि दूसरे उसके साथ करें वैसा वह उनके साथ करे)।

९५१. विरूपो यावदादर्शे नात्मनः पश्यते मुखम्।
मन्यते तावदात्मानमन्येभ्यो रूपवत्तरम्॥ आदि० ६९।६॥

कुरूप पुरुष जब तक अपने चेहरे को दर्पण में नहीं देखता तब तक अपने आप को औरों से अधिक सुन्दर समझता है॥

९५२. विषया विनिवर्तन्ते निराहारस्य देहिनः।
रसवर्जं रसोप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते॥ भीष्म० २६।५८॥

निराहार (उपवास करने वाले) मनुष्य से विषय (शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध) परे हट जाते हैं। (इन्द्रियां शिथिल होकर उन्हें ग्रहण नहीं करतीं) पर उनकी चाह बनी रहती है। वह चाह तब मिटती है जब पर=परमतत्त्व (ब्रह्म) का दर्शन होता है॥

९५३. **वृत्तशौचं मनःशौचं तीर्थशौचमतः परम्।**
ज्ञानोत्पन्नं च यच्छौचं तच्छौचं परं स्मृतम्॥ अनु० १०८।१२॥

आचार की पवित्रता, मन की पवित्रता, तीर्थों में स्नान से शुद्धि—इन सब में ज्ञान द्वारा उत्पन्न हुई शुद्धि उत्तम है॥

९५४. वृद्धा न ते ये न वदन्ति धर्मम्। उ० ३५।५८।

वे वृद्ध नहीं हैं जो धर्म का उपदेश नहीं करते।

९५५. वृथा शूरा न गर्जन्ति शारदा इव तोयदाः। द्रोण० १५८।३०॥

शूर शरद् ऋतु के मेघों की तरह वृथा नहीं गर्जते।

९५६. **व्यसने क्लिश्यमानं हि यो मित्रं नाभिपद्यते।**
अनर्थाय यथाशक्ति तं नृशंसं विदुर्बुधाः॥ उ० ९३।१०॥

जो आपत्ति में दुःख पाते हुए मित्र के कष्ट निवारण के लिए उसके पास नहीं पहुंचता, उसे ज्ञानी लोग निर्दय जानते हैं॥

९५७. **शकुनानामिवाकाशे मत्स्यानामिव चोदके।**
पदं यथा न दृश्येत तथा पुण्यकृतां गतिः॥ शां० ३२२।१९॥

आकाश में उड़ते हुए पक्षियों की गति, पानी में तैरती हुई मछलियों की गति नहीं जानी जाती। ये किधर जा रहे हैं, यह पता नही चलता। इसी प्रकार पुण्यात्माओं की गति नहीं जानी जाती ॥

९५८. **शरीरकृत् प्राणदाता यस्य चान्नानि भुञ्जते ।**
क्रमेणैते त्रयोप्युक्ताः पितरो **धर्मशासने ॥ आदि० ७२।१५॥**

जन्म देने वाला, प्राणों की रक्षा करने वाला, और वह जिसका अन्न खाता है—ये तीन धर्मशास्त्र में पिता माने गये हैं ॥

९५९. शान्तिखड्गः करे यस्य दुर्जनः किं करिष्यति । **उ० ३३।५०।**

शान्तिरूपी खड्ग (तलवार) जिसके हाथ में है उसका दुर्जन का विगाड़ सकता है ?

९६०. शीलवृत्तफलं श्रुतम् । **सभा० ५।१२।**

विद्या का फल यह है कि पुरुष सुशील और सुवृत्त वने ।

९६१. **शुभं वा यदि वा पापं प्रियं वा यदि वाऽप्रियम् ।**
अपृष्टस्तस्य तद् ब्रूयाद्यस्य नेच्छेत्पराभवम् ॥ उ० ३४।४॥

शुभ अथवा अशुभ, प्रिय अथवा अप्रिय, बिना पूछे उसे बतला दे जिस के पराभव (हानि, तिरस्कार, नाश) को न चाहे ॥

९६२. शूराणां च नदीनां च दुर्विदाः प्रभवाः किल । **आदि० १३६।११।**

शूरवीरों के जन्म का कारण और नदियों का सोत कठिनता से जाना जाता है ।

९६३. **शूद्रा भैक्षेण जीवन्ति ब्राह्मणाः परिचर्यया ।**
योगक्षेमस्य नाशश्च वर्तते वर्णसंकरः ॥ शां० ६९।९३॥

(कलियुग में) शूद्र भिक्षा से निर्वाह करते हैं, ब्राह्मण सेवा से । योगक्षेम (सुखपूर्वक लोक यात्रा) का नाश हो जाता है और वर्णों का संकर (मिश्रण, एक वर्ण के लड़के का दूसरे वर्ण की कन्या के साथ विवाह) हो जाता है ॥

९६४. **शृगालोपि वने कर्ण शशैः परिवृतो वसन् ।**
मन्यते सिंहमात्मानं यावत् सिंहं न पश्यति ॥ कर्णं० ४०।२७-२८॥

हे कर्ण, बन में गीदड़ भी खरगोशों से घिरा हुआ अपने को शेर समझता है जब तक शेर को नहीं देखता ॥

९६५. श्रुतेन किं येन न धर्ममाचरेत् । शां० ३२१।९३।

उस विद्या (वेद पाठ) से क्या, जिस के होने पर धर्म नहीं करता ।

९६६. श्रुतेन श्रोत्रियो भवति। वन० २९७।२६।

श्रूत (वेदाध्ययन) से श्रोत्रिय कहलाता है ।

९६७. श्री र्ध्रुवाऽपि यज्ञेषु । द्रोण० ७६।२५।

श्री (लक्ष्मी) यज्ञों में नित्य निवास करती है ।

९६८. **श्रेयो ऽहि ज्ञानमभ्यासाज्ज्ञानाद् ध्यानं विशिष्यते ।**
ध्यानात् कर्मफलत्यागस्त्यागाच्छान्तिरनन्तरम् ।। भीष्म० ३६।१२।।

अभ्यास (सजातीय प्रत्ययाऽऽवृत्ति) से ज्ञान अच्छा है, ज्ञान से ध्यान अच्छा है, ध्यान से कर्म-फल का त्याग उत्तम है और त्याग होते ही शान्ति (मुक्ति) होती है ।।

९६९. **श्वदृतौ क्षीरमासक्तं ब्रह्म वा वृषले यथा ।**
सत्यं स्तेने बलं नार्यां राज्यं दुर्योधने तथा ।। वन० ३३।८१।

जैसे कुत्ते की खाल पर पड़ा दूध, जैसे शूद्र में वेद ज्ञान, जैसे चोर में सत्य, जैसे नारी में प्रभुत्व, वैसे ही दुर्योधन में राज्य ।।

९७०. षडिमान् पुरुषो जह्याद् भिन्नां नावमिवार्णवे ।
अप्रवक्तारमाचार्यमनधीयानमृत्विजम् ।। उ० ३३।७९।।

इन छह को पुरुष छोड़ दे जैसे समुद्र में टूटी हुई नाव को। छह में से दो ये हैं—न पढ़ाने वाला आचार्य और न पढ़ने वाला पुरोहित ।

९७१. षडेतेऽवमन्यन्ते नित्यं पूर्वोपकारिणम् ।
आचार्यं शिक्षिताः शिष्याः कृतदाराश्च मातरम् ।।

९७२. **नारीं विगतकामास्तु कृतार्थाश्च प्रयोजकम् ।**
नावं निस्तीर्णकान्तारा आतुराश्च चिकित्सकम् ।। उ० ३३।८७,८८।

यह छह पूर्वोपकारी (जिसने पहले भलाई की है) का अनादर (तिरस्कार, अपमान) करते हैं—विद्याग्रहण करने के पीछे शिष्य आचार्य का अनादर करते हैं (आचार्य की परवाह नहीं करते) विवाह करने के पीछे पुत्र माता का, क्षीण हुई कामवासना वाले स्त्री का, कार्य में सफल हुए अपने प्रेरक का, कान्तार (दुर्गम पथ) पार किये हुए नाव का, स्वस्थ हुए रोगी चिकित्सक (वैद्य) का आदर नहीं करते ।।

९७३. षड् दोषाः पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छता ।

निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता ।। उ० ३३।७८।।

अपना कल्याण चाहते हुए पुरुष को चाहिये कि यह छह दोष छोड़ दे—निद्रा (ज्यादा सोना), तन्द्रा ऊँघना), भय, क्रोध, आलस्य (सुस्ती) तथा दीर्घ-सूत्रता (कर्म करने में अधिक समय लगाना, वहुत धीरे-धीरे करना)।।

९७४. षष्टिं काणः शतं षण्ढः श्वित्री यावत् प्रपश्यति ।

पङ्क्त्यां समुपविष्टायां तावद् दूषयते नृप ।। अनु० ९०।१९।।

हे राजन्, भोजनार्थ पङ्क्ति में वैठे हुए ब्राह्मणों पर काणे की दृष्टि पड़े तो साठ को दूषित कर देती है, नपुंसक की दृष्टि सौ को दूषित कर देती है, श्वित्री (श्वेत कुष्ठ=फुलहरी वाले) की दृष्टि जितनों पर पड़े उन सब को दूषित कर देती है ।।

९७५. सकृदंशो निपतति । वन० २९४।२६।

दाय-विभाग एक बार ही होता है ।

९७६. सत्कृतं स्वजनेनेह परोऽपिवहु मन्यते ।

स्वजनेन त्ववज्ञातं परे परिभवन्त्युत ।। शां० ६७।३५।।

अपने भाई बन्धु जिसका आदर करते हैं। उसका दूसरे भी मान करते हैं अपने लोगों से जो तिरस्कृत होता है, उस का दूसरे भी तिरस्कार करते हैं ।।

९७७. संभावितस्य चाकीर्तिर्मरणादतिरिच्यते । भीष्म० २६।४।

संमान प्राप्त किये हुए पुरुष का अपयश मृत्यु से भी अधिक दुःखदायी होता है ।

९७८. सम्यग्युक्तो यदात्मानमात्मन्येव प्रपश्यति ।

तदैव न स्पृहयते साक्षादपि शतक्रतोः ।। आश्व० १९।३२।।

जब योगाभ्यासी आत्मा में परमात्मा को स्पष्टरूप से देखता है तब मूर्तिमान् (प्रत्यक्ष दीखने वाले) इन्द्र की विभूति (वैभव, ऐश्वर्य) की भी चाह नहीं करता ।

९७९. सरितां सागरः श्रेष्ठः । भीष्म० १२१।३४।

नदियों में सागर श्रेष्ठ है ।

९८० सत्यं नामाव्ययं नित्यमविकारि तथैव च । शां० १६२।१०।

सत्य निश्चय ही अविनाशी, नित्य और अविकारी न बदलने वाला है।

९८१. **सर्वस्तरतु दुर्गाणि सर्वो भद्राणि पश्यतु। शां० ३२७। ४८।**

हर कोई विघ्नबाधाओं को पार करे, हर कोई शुभ अर्थों का दर्शन करे।

९८२. सर्वः सर्वं न जानाति **सर्वज्ञो नास्ति कश्चन।**
नैकत्र परिनिष्ठा च ज्ञानस्य पुरुषे क्वचित् ॥ वन० ७२।८॥

सब कोई सब कुछ नहीं जानता, कोई भी सर्वज्ञ नहीं है। किसी एक पुरुष में ज्ञान की परिसमाप्ति (पूर्णता) नहीं है ॥

९८३. सर्वस्य दयिताः प्राणाः **सर्वस्य दयिताः सुताः।**
दुःखाद् उद्विजते सर्वः सर्वस्य सुखमीप्सितम् ॥ शां० १३९।६२॥

सभी को प्राण प्यारे है, सभी को पुत्र प्यारे हैं। सभी दुःख से डरते है" सभी सुख को चाहते हैं ॥

९८४. सर्वे क्षयान्ता निचयाः स्त्री० २।३।

सभी संग्रह अन्त वाले हैं।

९८५. सर्वं विमृशते कृच्छ्रस्थो धर्मदर्शनम्। शल्य० ३२।५९।

सब कोई संकट में धर्म का चिन्तन करता है।

९८६. **सहस्रिणोपि जीवन्ति जीवन्ति शतिनस्तथा।**
शाकेनान्ये जीवन्ति·········—·········॥ शां० २८६।९॥

जिनके पास सहस्र मुद्रायें हैं वे भी जीते हैं, जिनके पास सैंकड़ों, वे भी जीते हैं। दूसरे (निःस्व, दरिद्र) शाक मात्र खाकर जीते हैं ॥

९८७. सहस्व श्रियमन्येषां **यद्यपि त्वयि नास्ति सा।**
अन्यत्रापि सतीं लक्ष्मीं कुशला भुञ्जते सदा ॥ शां० १०४।३३॥

यद्यपि तेरे पास लक्ष्मी नहीं है, तो दूसरों की लक्ष्मी को देखकर सहन कर। चतुर लोग दूसरे की सम्पत्ति का (मन द्वारा) उपभोग करते हैं ॥

९८८. **सामुद्रिकं वणिजं चोरपूर्वं शलाकधूर्त्तं च चिकित्सकं च।**
अरिं च मित्रं च कुशीलवं च नैतान्साक्ष्येधिकुर्वीत सप्त ॥ उ० ३५।४४॥

सामुद्रिक (हस्तरेखा जानने वाला), वणिक् (बनिया), जो पहले चोरी करता रहा है, जूआरी, चिकित्सक, शत्रु, मित्र, नट-नर्तक (गाने से जीविका कमाने वाला) इन सात को साक्ष्य (गवाही) देने का अधिकार न दे ॥

९८९. **सायं प्रातर्जपेत् सन्ध्यां तिष्ठन्पूर्वां तथेतराम् शां० १९३।५।**

सायम् तथा प्रातः पूर्वा सन्ध्या में उठकर (गायत्री) का जप करे, पश्चिमा सन्ध्या में बैठ कर।

९९०. **सुखं दान्तः प्रस्वपिति सुखं च प्रतिबुध्यते।**

सुखं पर्येति लोकांश्च मनश्चास्य प्रसीदति ॥ शां० १६०।१२॥

जितेन्द्रिय पुरुष सुख से गाढ़ी नींद सोता है, सुख से सोकर उठता है, सुख से लोक में विचरता है। इस का मन भी प्रसन्न रहता है॥

९९१. **सुखदुःखे हि पुरुषः पर्यायेणोपसेवते।**

नात्यन्तमसुखं कश्चित्प्राप्नोति पुरुषर्षभ ॥

हे नरश्रेष्ठ ! मनुष्य सुख और दुःख को पर्याय से (क्रम से, सुख के बाद दुःख, दुःख के बाद सुख) भोगता है। आत्यन्तिक (नित्य, बिना अन्त के) दुःख किसी को नहीं होता॥

९९२. **सुखमर्थाश्रयं येषामनुशोचामि तानहम्। शां० १०४।८।**

जिन लोगों का सुख अर्थ (धन-सम्पत्ति) के आश्रित है, मैं उन्हें शोच्य समझता हूँ।

९९३. **सुमहान्त्यपि शास्त्राणि धारयन्ति बहुश्रुताः।**

छेतारः संशयानां च क्लिश्यन्ति ह्यल्पबुद्धयः ॥ शां० १५८।१६॥

बड़े-बड़े शास्त्रों को धारण करने वाले, बहुत पढ़े हुए, नाना संशयों को दूर करने वाले तुच्छ बुद्धि होने से जगत् में क्लेश पाते हैं।

९९४. **सुलभाः पुरुषा राजन् सततं प्रियवादिनः।**

अप्रियस्य तु पथ्यस्य वक्ता श्रोता च दुर्लभः ॥ उ० ३७।१५॥

हे राजन्। सदा मीठा बोलने वाले (चापलूसी करने वाले) लोग बहुत मिलेंगे, पर कड़वा हितकर वचन को कहने वाला और सुनने वाला दोनों दुर्लभ हैं॥

९९५. **सुव्याहृतानि धीराणां फलतः प्रविचिन्त्य यः।**

अध्यवस्यति कार्येषु चिरं यशसि तिष्ठति ॥ उ० ३९।३१॥

बुद्धिमानों के सुभाषितों (सुन्दर वचनों) के फल (परिणाम) पर विचार कर तदनुसार जो कार्यों में निश्चय पूर्वक प्रवृत्त होता है वह चिर तक यश का भागी होता है ॥

९९६. सुसुखं बत जीवामि यस्य मे नास्ति किञ्चन ।
मिथिलायां प्रदीप्तायां न मे दह्यति किञ्चन । शां० २७६।४॥

(यह माण्डव्य ऋषि के प्रति महाराज जनक की उक्ति है) मैं अत्यन्त सुखी जीवन बिता रहा हूँ, जब कि मेरा कुछ भी नहीं । मिथिला नगरी के जल जाने पर भी मेरा कुछ भी नहीं जलता ॥

९९७. सुस्थेयं क्षुरधारासु निशितासु महीपते ।
धारणासु तु योगस्य दुःस्थेयमकृतात्मभिः ॥ शां० ३००।५४।

हे राजन्, उस्तरे की तीक्ष्ण धार पर ठहरना आसान है, पर योग की धारणा पर नहीं । असंस्कृत बुद्धिवालों को योग बहुत कष्टप्रद है ॥

९९८. सुहृदां हितकामानां वाक्यं यो न शृणोति हि ।
सुमहद् व्यसनं प्राप्य शोचते ·········॥ द्रोण० ११४।४६॥

जो हितैषी मित्रों के वचन को नहीं सुनता, वह बड़ी विपत्ति को प्राप्त कर दुःखी होता है ॥

९९९. ह्रियते बुध्यमानोऽपि नरो हारिभिरिन्द्रियैः ।
विमूढसंज्ञो दुष्टाश्वैरुद्भ्रान्तैरिव सारथिः ॥ वन० २।७२॥

जानता हुआ भी मनुष्य बलवान् इन्द्रियों से खींचा जाता है, जैसे भ्रान्त बुद्धि वाला सारथि दुष्ट उन्मत्त घोड़ों से ॥

१०००. द्वैपायनोष्ठनिःसृतमप्रमेयं
पुण्यं पवित्रमथ पापहरं शिवं च ।
यो भारतं समधिगच्छति वाच्यमानं
किं तस्य पुष्करजलैरभिषेचनेन ॥ स्वर्गा० ५।६७॥

द्वैपायन (वेदव्यास) के मुख से उच्चारित, अत्यन्त विस्तीर्ण पुण्यस्वरूप, पवित्र, पापनाशक, कल्याणकारी बांची जा रही महाभारत को जो सुनता है उसे पुष्कर तीर्थ के जल से स्नान करने से क्या लाभ ?

देवासुरैः पुरा नाम मथितः क्षीरसागरः ।
चतुर्दशैव रत्नानि युञ्जानैर्विष्णुसंहितैः ॥१॥
मत्र्येन तु मयैकेन भारताख्यो महोदधिः ।
मथितो भासमानानि वाग्रत्नानि सहस्रकम् ।२॥
धीराः पुण्यकृतो लोका आत्मनः परिकर्मणे ।
कण्ठेन धारयन्त्वेतां नव्यां रत्नावलिं शुभाम् ॥३॥
एषा ह्यनुत्तमा भूषाऽनया सन्ततभूषितम् ।
रामाद्रामं जगदिदं भविता नात्र संशयः ॥४॥

इति श्रीचारुदेवशास्त्रिणः कृतिषु महाभारतवचनामृतं नामोपदेशसाहस्र्यात्मकोऽयङ् ग्रन्थः समाप्तिमगात् ।

शुभं भूयात् पठकानां पाठकानां च ॥

— ० —

015,1A2
SHA

शुद्धाशुद्ध पत्रम्

पृष्ठं	पङ्क्तौ	अशुद्धम्	शुद्धम्
३	४	पन्था	पन्थाः
८	११	वृत०	वृत्त०
१९	६	कार्यं	कार्यं
२२	२३	असन्तप्र	असन्तप्तं
२९	६	तम	मत
३०	२	य	यः
३३	३	सम्पन्नमेवा०	सम्पन्नतरमेवा०
५८	१८	मनुष्योनि	मनुष्ययोनि
६१	१२	धिवो	धियो
६७	२१	यदूलानां	यद्वलानां
७३	६	कर्मागि	कर्माणि
९८	९	शस्त्राणां	शास्त्राणां
१२७	२५	ध्रिग्बलं	धिग्बलं
१४५	१३	वस्त्रणां	वस्त्राणां

Acc. No ९६२२८

Class No ... Book No ...

Author ...

Title ...

Due on	Borrower's Name	Returned on

H-015,1A2
SHA
1983 AD.

९६२२८

महेन्द्र संस्कृत विश्वविद्यालय

वाल्मीकि विद्यापीठ

पुस्तकालय